बैशाख शुक्ल पक्ष द्वादशी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 20 मई 2024
वर्ष 2, अंक 269, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



चिराग-सात्विक ने जीता थाईलैंड ओपन 2

रणवीर को पसंद आई फिल्म श्रीकांत 14

## इंजन में आग लगने से विमान की आपात लैंडिंग, सभी यात्री सुरक्षित

बेंगलुरु, एजेंसी

कर्नाटक के बेंगलुरु से केरल के कोच्चि जाने वाले एयर इंडिया एक्सप्रेस के विमान के दाएं इंजन में उड़ान भरने के तुरंत बाद आग लगने के कारण उसे बेंगलुरु के केम्पेगौड़ा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आपातकालीन लैंडिंग करनी पड़ी।

आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि शनिवार को 179 यात्रियों और चालक दल के छह सदस्यों को ले जा रहे विमान के इंजन में बेंगलुरु से रवाना होने के तुरंत बाद आग लग गई। चालक दल ने इसकी जानकारी तुरंत यातायात नियंत्रक को दी। इसके बाद विमान रात 11:12 बजे सुरक्षित रूप से उतर गया, हवाईअड्डे की अग्निशमन सेवाओं ने तेजी से आग बुझा दी। सभी यात्री और चालक दल के सदस्य सुरक्षित बच गए। केम्पेगौड़ा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के संचालक बेंगलुरु इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड ने घटना की पुष्टि करते हुए कहा कि 18 मई को बेंगलुरु से कोच्चि जाने वाली उड़ान IX 1132 को एक इंजन में आग लगने के बाद रात 11:12 बजे बेंगलुरु हवाई अड्डे पर आपातकालीन लैंडिंग करनी पड़ी। हवाई अड्डे पर पूर्णतः आपातकाल घोषित कर दिया गया था, विमान के लैंड करते ही आग को तुरंत बुझा दिया गया। सभी 179 यात्रियों और चालक दल के छह सदस्यों को विमान से सुरक्षित निकाल लिया गया। कारणों की जांच की जा रही है।



- बेंगलुरु से कोच्चि जा रही थी एआई एक्सप्रेस की फ्लाइट
- विमान में सवार थे 179 यात्री व चालक दल के 6 सदस्य

## पांचवां चरण : पांच केंद्रीय मंत्रियों समेत राहुल की प्रतिष्ठा दांव पर

### दिग्गज नेताओं के भाग्य का फैसला करेंगे करीब ढाई करोड़ मतदाता

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार** : प्रदेश में पांचवें चरण के चुनाव में पांच केंद्रीय मंत्रियों, राजनाथ सिंह, कौशल किशोर, स्मृति ईरानी, साध्वी निरंजन ज्योति व भानु प्रताप वर्मा समेत कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की प्रतिष्ठा दांव पर है। इस चरण में लखनऊ, मोहनलालगंज, अमेठी व रायबरेली समेत 14 लोकसभा व लखनऊ पूर्व विधानसभा सीटों पर मतदान 20 मई को होगा। करीब ढाई करोड़ मतदाता इन दिग्गज नेताओं के भाग्य का फैसला करेंगे। भारत निर्वाचन आयोग ने इन सीटों पर निष्पक्ष व शांतिपूर्ण मतदान के लिए पुख्ता इंतजाम किए हैं।



- प्रदेश की 14 लोकसभा और एक विधानसभा सीट पर आज होगा मतदान

लखनऊ सीट पर केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह तीसरी बार चुनाव मैदान में हैं। इंडी गठबंधन में शामिल सपा ने उनके मुकाबले में मौजूदा विधायक रविदास मेहरोत्रा को चुनाव मैदान में उतारा है। बसपा ने सरवर मलिक को प्रत्याशी बनाया है। इसी तरह, मोहनलालगंज सीट पर केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर भी तीसरी बार चुनाव मैदान में हैं। इंडी गठबंधन के तहत सपा से पूर्व मंत्री आरके चौधरी व बसपा के राजेश कुमार से उन्हें चुनौती मिल रही है।

हाईप्रोफाइल सीटों में शामिल अमेठी सीट पर केंद्रीय मंत्री स्मृति इरानी चुनाव मैदान में हैं। नेहरू-गांधी परिवार के करीबी माने जाने वाले किशोरी लाल शर्मा उन्हें चुनौती दे रहे हैं। रायबरेली सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी राहुल गांधी को भाजपा प्रत्याशी दिनेश प्रताप सिंह से चुनौती मिल रही है। दोनों सीटों को जीतने के लिए गांधी परिवार क्षेत्रों में डेरा डाले हुए है।

### हाईप्रोफाइल अमेठी व रायबरेली सीटों पर भाजपा-कांग्रेस में घमासान

हाईप्रोफाइल अमेठी व रायबरेली सीटों को जीतने के लिए भाजपा व कांग्रेस में घमासान की स्थिति है। पिछले दिनों सोनिया गांधी, प्रियंका गांधी व राहुल गांधी के अलावा सपा प्रमुख अखिलेश यादव चुनावी सभाओं के जरिये मतदाताओं को अपने पाले में लाने की कोशिश में लगे रहे, जबकि भाजपा की ओर से केंद्रीय मंत्री अमित शाह व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी चुनावी सभाएं कर अमेठी के साथ ही इस बार रायबरेली सीट जीतने के लिए माहौल बना चुके हैं। फतेहपुर सीट पर केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति चुनाव मैदान में हैं। सपा प्रत्याशी पार्टी के पूर्व अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल उन्हें चुनौती दे रहे हैं। इसी तरह, जालौन सीट पर केंद्रीय मंत्री भानु प्रताप वर्मा चुनाव मैदान में हैं। उनके खिलाफ इंडी गठबंधन से नारायण दास अहिरवार चुनाव मैदान में हैं। अहिरवार बसपा के संस्थापक सदस्य रहे हैं। 2007 से 2011 तक वह मायावती सरकार में मंत्री थे

### एक नजर

#### तीन नए आपराधिक कानूनों पर आज सुनवाई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट तीन नए आपराधिक कानूनों के अधिनियमन को चुनौती देने वाली एक याचिका पर सोमवार को सुनवाई करेगा। पुराने कानूनों में विभिन्न प्रकार के दोषों और विसंगतियों के मद्देनजर आपराधिक कानूनों में बदलाव की मांग की जाती रही है। न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी और न्यायमूर्ति पंकज मिथल की अवकाशकालीन पीठ इस मामले की सुनवाई कर सकती है। लोकसभा ने पिछले साल 21 दिसंबर को भारतीय न्याय (द्वितीय) संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा (द्वितीय) संहिता और भारतीय साक्ष्य (द्वितीय) विधेयक को पारित किया था। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 25 दिसंबर को इन्हें मंजूरी दी थी।



#### कांग्रेस नेता प्रतापराव भोसले का निधन

**कोल्हापुर।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री प्रतापराव भोसले (90) का रविवार को निधन हो गया। भोसले के परिवार में पूर्व विधायक मदन भोसले समेत तीन पुत्र और एक पुत्री हैं। भोसले वाई-खंडाला क्षेत्र से चार बार विधायक चुने गए थे। तीन बार सतारा लोकसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष समेत कई महत्वपूर्ण पदों पर भी रहे।

## प्रधानमंत्री मोदी के तीसरे कार्यकाल में पीओके होगा हमारा : मुख्यमंत्री

### योगी ने छह लोकसभा सीटों पर पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में की जनसभा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार** : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरा कार्यकाल दीजिए, पीओके (पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर) भारत का हिस्सा होगा। इस घोषणा के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि गुंडा-माफिया के सरगना कह रहे हैं कि योगी जी को बुलडोजर नहीं चलाना चाहिए। मैं कहता हूं कि चिंता न करो, जो गुंडे और माफिया बचे हैं चुनाव बाद उनकी संपत्ति पर भी बुलडोजर चल जाएगा। मुख्यमंत्री ने रविवार को छह लोकसभा सीटों आजमगढ़, लालगंज, जौनपुर, प्रतापगढ़, फूलपुर और इलाहाबाद में पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया।

योगी ने आजमगढ़ में सांसद व भाजपा प्रत्याशी दिनेश लाल यादव 'निरहुआ' के पक्ष में कहा कि आजमगढ़ को अभी बहुत कुछ देना है, इसे औद्योगिक सिटी बनाना है। यह फिल्म सिटी का केंद्र बनेगा, जहां से ढेर सारे निरहुआ और आम्रपाली दुबे निकलेंगे। सपा पर निशाना साधते हुए कहा कि वो लोग यहां पिकनिक मनाने आ रहे हैं और चुनाव बाद इंग्लैंड घूमने निकल जाएंगे। योगी ने आजमगढ़ के फूलपुर पवई में लालगंज लोस सीट से भाजपा प्रत्याशी नीलम सोनकर के लिए भी प्रचार किया।

जौनपुर में योगी ने भाजपा प्रत्याशी कृपाशंकर सिंह के लिए वोट मांगा। बोले कि सपा और माफिया का चोली-दामन का साथ है। हम उत्तर प्रदेश की धरती से रामद्रोहियों, भारत विरोधियों और माफिया को समाप्त करके रहेंगे। योगी ने कहा कि सपा-कांग्रेस के इंडी गठबंधन का एकजुट होना खतरे की घंटी का संकेत है। उन्होंने आश्वस्त किया कि भाजपा न आपकी संपत्ति का सर्वे कराने देगी, न ही जजिया कर लगाने देगी और न ही आरक्षण पर सेंध लगाने देगी।

मुख्यमंत्री ने रामपुर खास में प्रतापगढ़ के सांसद व भाजपा प्रत्याशी संगमलाल गुप्ता के पक्ष में जनसभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि पाक अधिकृत कश्मीर को भारत का हिस्सा बनाना है, इसलिए अबकी बार 400 पार सीटें चाहिए। कांग्रेस और सपा को इस नारे से चक्कर आने लगा है, क्योंकि प्रयागराज और गाजीपुर वाले इनके शागिर्द मिट्टी में मिल चुके हैं।

योगी ने करछना में इलाहाबाद लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी के पक्ष में जनसभा की। बोले कि प्रयागराज में विधायक राजू पाल की हत्या कर दी जाती है और सपा बेशर्मी से माफिया को अपने गले का हार बना लेती है। उन्होंने दो लड़कों की जोड़ी फूलपुर आई थी, लेकिन जनता ही नहीं थी, ऐसे में वापस चले गए हैं। यहां मतदाताओं से कहा कि, माफिया के मरने पर मातम मनाने वालों की जमानत जब्त कराइए।



- मतदाताओं से अपील-माफिया के मरने पर मातम मनाने वालों की जमानत जब्त कराइए

#### औरंगजेब की आत्मा को जीवित नहीं होने देंगे

मुख्यमंत्री ने फूलपुर से विधायक और लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार प्रवीण पटेल के पक्ष में सोरांव में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि विरासत टैक्स की घोषणा कर कांग्रेस व सपा ने साबित कर दिया कि औरंगजेब की आत्मा को जीवित कर वह हिंदुओं को तबाह करना चाहती हैं, लेकिन भाजपा इनकी कारस्तानी पूरा नहीं होने देगी।

### सुरक्षा घेरे की बैरिकेडिंग तोड़कर अंदर घुसे कार्यकर्ता, मंच पर चढ़े

## प्रयागराज में राहुल-अखिलेश की सभा में भगदड़, कई घायल

राज्य ब्यूरो, प्रयागराज/लखनऊ

**अमृत विचार** : कांग्रेस नेता राहुल गांधी और सपा प्रमुख अखिलेश यादव की रविवार को प्रयागराज में आयोजित जनसभा में जबरदस्त हंगामा हुआ। जनसभा में आई भीड़ बेकाबू हो गई और सुरक्षा घेरे की बैरिकेडिंग तोड़कर मंच तक पहुंच गई। इससे पहले भीड़ ने पुलिस से भी धक्का-मुक्की की। बाद में पुलिस के लाठीचार्ज में भगदड़ मच गई। इसमें तमाम घायल हुए, कुर्सियां टूटीं तो बहुतों के मोबाइल फोन भी गिर गए। स्थिति देखकर दोनों नेताओं के सुरक्षाकर्मियों के भी हाथपांव फूल गए। ऐसे में भाषण दिए बगैर अखिलेश और राहुल को जनसभा से वापस जाना पड़ा।

रैली का आयोजन पड़िला महादेव (फाफामऊ क्षेत्र) में फूलपुर लोकसभा सीट के सपा प्रत्याशी अमरनाथ मौर्या के समर्थन में किया गया था। जनसभा में चारों तरफ सिर पर लाल टोपी और गले में लाल गमछा डाले हुए कार्यकर्ताओं, समर्थकों को अपने नेताओं के आने का इंतजार था। जैसे ही हेलीकॉप्टर से राहुल गांधी और अखिलेश वहां पहुंचे स्थिति बेकाबू हो गई। इन नेताओं के करीब पहुंचने के लिए पहले हेलीकॉप्टर वाली बैरिकेडिंग और फिर मंच से पहले डी वाली बैरिकेडिंग तोड़कर भीड़ अंदर घुस गई। तमाम कार्यकर्ता मंच पर चढ़ गए।

अखिलेश यादव ने कार्यकर्ताओं, समर्थकों को शांत रहने के लिए समझाया लेकिन बात नहीं बनी। इसके बाद राहुल और अखिलेश नाराज हो गए। दोनों नेता मंच से चले गए। सपा एमएलसी मान सिंह यादव ने हंगामे के पीछे भाजपा की साजिश बताई है। तर्क दिया कि जनसभा की भीड़ को देखकर साजिशन पुलिस फोर्स की व्यवस्था नहीं की गई, इस वजह से अव्यवस्था फैली।



जनसभा के दौरान मंच पर बैठे राहुल गांधी और अखिलेश यादव। ● अमृत विचार

- समर्थकों ने की पुलिस से धक्का मुक्की, पुलिस ने भांजी लाठी
- नाराज दोनों नेता बगैर संबोधित किए जनसभा छोड़कर चले गए



भगदड़ के बाद जनसभा स्थल पर बिखरा पड़ा सामान। ● अमृत विचार

## सीआईएसएफ संभालेगी 20 मई से संसद की सुरक्षा

नई दिल्ली, एजेंसी

संसद की सुरक्षा 1,400 से अधिक सीआरपीएफ कर्मचारियों के हटने के बाद सोमवार से पूरी तरह केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के हवाले हो जाएगी। इसके 3,300 से अधिक कर्मी आतंकवादरोधी तथा अन्य सुरक्षा दायित्वों की जिम्मेदारी अपने हाथों में ले लेंगे।

आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के संसद दायित्व समूह (पीडीजी) ने शुक्रवार को परिसर से अपने प्रशासनिक अमले के साथ वाहन, हथियार और कमांडो को हटा लिया। कमांडर एवं डीआईजी रैंक के अधिकारी ने सभी सुरक्षा जिम्मेदारियां सीआईएसएफ को सौंप दीं। इस संबंध में एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि पुराने और नए संसद भवन तथा इस परिसर में स्थित संबंधित ढांचों की सुरक्षा के लिए सीआईएसएफ के कुल 3,317 कर्मियों को शामिल किया जा रहा है।



- अभी सीआरपीएफ के पास है संसद सुरक्षा की जिम्मेदारी

## केजरी के आवास से सीसीटीवी डीवीआर जब्त

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली पुलिस की एक टीम आम आदमी पार्टी (आप) की राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल के साथ कथित मारपीट की जांच के सिलसिले में रविवार को यहां मुख्यमंत्री केजरीवाल के आधिकारिक आवास पर पहुंची। सूत्रों ने बताया कि पुलिस ने सीसीटीवी डीवीआर (डिजिटल वीडियो रिकॉर्डर) सहित इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जब्त किए हैं ताकि 13 मई को मालीवाल पर हुए कथित हमले की फुटेज हासिल की जा सके। उस दिन केजरीवाल के करीबी सहयोगी बिभव कुमार ने मुख्यमंत्री आवास पर आप की राज्यसभा सदस्य पर कथित हमला किया था। मालीवाल ने आरोप लगाया है कि मुख्यमंत्री आवास की सीसीटीवी फुटेज के साथ छेड़छाड़ की गई है। कुमार को शनिवार को गिरफ्तार किया गया और एक अदालत में पेश किया गया, जिसने उन्हें पांच दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया। सूत्रों ने बताया कि कुमार पूछताछ के दौरान गोलमोल जवाब दे रहे थे। दिल्ली पुलिस ने मालीवाल की शिकायत के बाद सिविल लाइंस पुलिस थाने में गैर इरादतन हत्या की कोशिश, बंधक बनाना, निर्वस्त्र करने के इरादे से महिला पर हमला, आपराधिक भयादोहन और महिला की गरिमा को ठेस पहुंचाने के इरादे से शब्द, भाव-भंगिमा का इस्तेमाल करने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की है।

### मालीवाल मामला



- जांच के सिलसिले में मुख्यमंत्री के आवास पर पहुंची पुलिस

#### आप को खत्म करना चाहते हैं मोदी : केजरीवाल

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए उनकी पार्टी चुनौती बन सकती है इसलिए वह 'आप' को ख़त्म करना चहते हैं। केजरीवाल ने पार्टी के सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ रविवार को भाजपा मुख्यालय तक मार्च निकालने की कोशिश की, लेकिन पुलिस के भारी सुरक्षा बंदोबस्त की वजह से वह 'आप' मुख्यालय से आगे नहीं बढ़ पाए। उन्होंने मार्च निकालने से पहले पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि मोदी और भाजपा ने आम आदमी पार्टी को कुचलने के लिए 'ऑपरेशन झाड़ू' शुरू किया है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी बहुत तेज़ी से बढ़ रही है। हमारे कामों की चर्चा देशभर में हो रही है। भविष्य में आप भाजपा को चुनौती देगी और इसलिए यह हम लोगों को ख़त्म करना चाहते हैं।



## 2023-24 में जीडीपी 7 प्रतिशत रहने का अनुमान

नई दिल्ली, एजेंसी

- चौथी तिमाही में वृद्धि दर 6.7 प्रतिशत रहने की उम्मीद

इंडिया रेटिंग्स एंड रिसर्च (इंडरा) को उम्मीद है कि मार्च तिमाही में देश की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 6.7 प्रतिशत और वित्त वर्ष 2023-24 में लगभग 6.9-7 प्रतिशत रह सकती है। रेटिंग एजेंसी के प्रमुख अर्थशास्त्री सुनील कुमार सिन्हा ने यह अनुमान जताया है।

सरकार चौथी तिमाही (जनवरी-मार्च 2024) और वित्त वर्ष 2023-24 के लिए जीडीपी वृद्धि के शुरुआती अनुमान 31 मई को जारी करेगी। भारतीय अर्थव्यवस्था 2023-24 की जून तिमाही में 8.2 प्रतिशत, सितंबर तिमाही में 8.1 प्रतिशत और दिसंबर तिमाही में 8.4 प्रतिशत की दर से बढ़ी है। सिन्हा ने एक साक्षात्कार में बताया कि हम उम्मीद कर रहे हैं कि चौथी तिमाही की वृद्धि दर 6.7 प्रतिशत होगी और वित्त वर्ष 2023-24 के लिए कुल जीडीपी वृद्धि दर लगभग 6.9-7 प्रतिशत होगी। उन्होंने कहा कि पहली दो तिमाहियों में वृद्धि दर को कम आधार का फायदा मिला, हालांकि तीसरी (अक्टूबर-दिसंबर 2023) तिमाही में 8.4 प्रतिशत की वृद्धि दर आश्चर्यजनक थी।

## हेमकुंड साहिब के कपाट 25 मई को खुलेंगे प्रतिदिन 3500 श्रद्धालु ही कर सकेंगे दर्शन

- ऋषिकेश से 22 को पंज प्यारों की अगुवाई में निकलेगी यात्रा

ब्यूरो, देहरादून

**अमृत विचार** : विश्वप्रसिद्ध तीर्थ हेमकुंड साहिब के कपाट 25 मई को खुलेंगे। हेमकुंड साहिब में अभी भी बर्फ जमा है। इसके मद्देनजर शासन, जिला प्रशासन और गुरुद्वारा प्रबंधन ने प्रतिदिन श्रद्धालुओं के पहुंचने की संख्या तय की है। कपाट खुलने के बाद प्रतिदिन 3500 श्रद्धालु ही हेमकुंड साहिब जा सकेंगे।

गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी का कहना है कि हेमकुंड साहिब में अभी भी काफी बर्फ जमी है। बर्फ पिघलने के बाद श्रद्धालुओं की संख्या पर फिर से विचार किया जाएगा। मालूम हो कि 22 मई को पंज प्यारों की अगुवाई में राज्यपाल एवं संत समाज द्वारा ऋषिकेश से हेमकुंड साहिब यात्रा का आगाज किया जाएगा। जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने दो दिन पहले गुरुद्वारा प्रबंधन के साथ गोविंदघाट से हेमकुंड साहिब का पैदल निरीक्षण किया था। जिसके बाद प्रशासन ने श्रद्धालुओं की संख्या तय की है।



## निकोबार द्वीप पहुंचा मानसून, 31 तक केरल में दस्तक

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत की कृषि आधारित अर्थव्यवस्था की जीवन रेखा दक्षिण-पश्चिम मानसून ने रविवार को देश के दक्षिणी छोर निकोबार द्वीप पर दस्तक दे दी। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने यहां यह जानकारी दी।

मौसम कार्यालय ने कहा कि दक्षिण-पश्चिम मानसून रविवार को मालदीव के कुछ हिस्सों, कोमोरिन क्षेत्र और दक्षिण बंगाल की खाड़ी, निकोबार द्वीप समूह और दक्षिण अंडमान सागर के कुछ हिस्सों में पहुंच गया है। मानसून के 31 मई तक केरल पहुंच जाने की उम्मीद है। आईएमडी के आंकड़ों के अनुसार, पिछले 150 साल में केरल में मानसून की शुरुआत की तारीख व्यापक रूप से अलग-अलग रही है। केरल में मानसून सबसे देरी से 1972 में 18 जून को और सबसे पहले 1918 में 11 मई को पहुंचा था। मानसून पिछले साल आठ जून को, 2022 में 29 मई को, 2021 में तीन जून को और 2020 में एक जून को दक्षिणी राज्य में पहुंचा था।

आईएमडी ने पिछले महीने ला नीना की अनुकूल स्थितियों के कारण सामान्य से अधिक बारिश होने का पूर्वानुमान जताया था। ला नीना की स्थितियां भारत में मानसून के दौरान अच्छी बारिश में मदद करती हैं। देश का बड़ा हिस्सा भीषण गर्मी से जूझ रहा है और कई स्थानों पर अधिकतम तापमान 48 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। कई राज्यों में गर्मी का रिकॉर्ड टूट गया है और इसका स्वास्थ्य एवं आजीविका पर गंभीर असर पड़ रहा है। दक्षिणी भारत में अप्रैल में लू का प्रकोप देखा गया था। भीषण गर्मी बिजली ग्रिड पर दबाव डाल रही है और जल निकाय सूख रहे हैं। इसके कारण देश के कुछ हिस्सों में सूखे जैसी स्थिति पैदा हो रही है। ऐसे में मानसून के दौरान सामान्य से अधिक वर्षा का पूर्वानुमान तेजी से विकास कर रहे दक्षिण एशियाई देश के लिए एक बड़ी राहत की खबर है। भारत के कृषि परिदृश्य के लिए मानसून महत्वपूर्ण है और 52 प्रतिशत शुद्ध खेती योग्य क्षेत्र इस पर निर्भर है। यह देश भर में बिजली उत्पादन के अलावा, पीने के पानी के लिए महत्वपूर्ण जलाशयों को फिर से भरने के लिहाज से भी महत्वपूर्ण है। जून और जुलाई को मानसून के सबसे महत्वपूर्ण महीने माना जाता है क्योंकि इस अवधि के दौरान अधिकतर खरीफ फसलों की बुआई होती है।



- ला नीना के कारण सामान्य से अधिक बारिश होने का अनुमान
- भीषण गर्मी और लू के प्रकोप से जूझ रहा देश का बड़ा हिस्सा

#### तमिलनाडु के कुछ हिस्सों में बारिश का रेड अलर्ट

**चेन्नई।** तमिलनाडु के कई हिस्सों में बारिश जारी रहने के बीच क्षेत्रीय मौसम कार्यालय ने रविवार को अपने पूर्वानुमान में कहा कि तेनकासी, तिरुनेलवेली और थेनी जिलों में भारी बारिश हो सकती है। इन जिलों के लिए सोमवार को रेड अलर्ट जारी किया गया है। अगले 24 घंटे में 20 सेमी से अधिक बारिश हो सकती है। रविवार को सुबह 8.30 बजे तक (24 घंटे की अवधि के दौरान) तिरुवन्नामलाई के जमुनामारथुर और कन्याकुमारी के पेचिपराई में क्रमश: 12 सेमी और 10 सेमी वर्षा हुई। तमिलनाडु राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने उधगमंडलम (ऊंटी), तेनकासी, होगेनक्कल जाने वाले पर्यटकों को सुरक्षा निर्देशों का पालन करने के लिए कहा है।

**पर्पल कैप**

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| हर्षल पटेल (पंजाब) | 14 | 24 |
| जसप्रीत बुमराह (मुंबई) | 14 | 20 |
| अर्शदीप सिंह (पंजाब) | 14 | 19 |

**ऑरेंज कैप**

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| विराट कोहली (आरसीबी) | 14 | 708 |
| ऋतुराज गायकवाड़ (चेन्नई) | 14 | 583 |
| ट्रेविस हेड (हैदराबाद) | 12 | 533 |

# हार की निराशा से खत्म हुआ पंजाब का सफर

## सनराइजर्स हैदराबाद ने पंजाब को चार विकेट से दी शिकस्त, अभिषेक ने लगाया अर्धशतक, क्लासेन चूके




**हैदराबाद, एजेंसी**

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 69वें मैच में रविवार को अभिषेक शर्मा (66) और हाइनरिक क्लासन (42) रनों की शानदार बल्लेबाजी की बदौलत सनराइजर्स हैदराबाद ने पंजाब किंग्स को चार विकेट से हरा दिया है।

आज यहां राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में 215 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी हैदराबाद की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने पहले ही ओवर में ट्रैविस हेड (शून्य) का विकेट गवां दिया। उसके बाद अभिषेक शर्मा और राहुल त्रिपाठी ने पारी को संभाला। पांचवें ओवर में हर्षल पटेल ने त्रिपाठी को अर्शदीप के हाथों कैच आउट करा दिया। त्रिपाठी ने 18 गेंदों में चार चौके और दो छक्के उड़ाते हुए (33) रन बनाए। नितीश कुमार रेड्डी ने 25 गेंदों में (37), शाहबाज अहमद (3) रन बनाकर आउट हुए। अभिषेक शर्मा ने 28 गेंदों में सर्वाधिक 66 रनों की पारी खेली। हाइनरिक क्लासन ने 26 गेंदों में 42 रन बनाए। अब्दुल समद (11) और सनवीर सिंह (6) रन बनाकर नाबाद रहे। हैदराबाद ने 19.1 ओवर में छह विकेट पर 215 रन बनाकर चार विकेट से मुकाबला जीत लिया। पंजाब की ओर से अर्शदीप सिंह और हर्षल पटेल ने दो-दो विकेट लिये। हरप्रीत बराड़ और शशांक सिंह ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

इससे पहले प्रभसिमरन सिंह (71), राइली रुसो (49) और अथर्व तायडे (46) की शानदार बल्लेबाजी के दम पर पंजाब किंग्स ने सनराइजर्स हैदराबाद को जीत के लिये 215 रनों का लक्ष्य दिया था। चोटिल शिखर धवन और सैम करन की अनुपस्थिति में कप्तान बनाये गये जितेश शर्मा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी प्रभसिमरन सिंह और अथर्व तायडे की सलामी जोड़ी ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए पहले विकेट लिए 97 रन जोड़े।


अर्धशतकीय साझेदारी के दौरान बातचीत करते पंजाब के सलामी बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह और रिली रोसोउ।

10वें ओवर में टी नटराजन ने अथर्व तायडे को आउट कर हैदराबाद को पहली सफलता दिलाई। तायडे ने 27 गेंदों में 46 रन बनाए। 15वें ओवर में प्रभसिमरन सिंह के रूप में पंजाब का दूसरा विकेट गिरा। उन्हें विजयकांत वियसकांत ने आउट किया।

प्रभसिमरन सिंह ने 45 गेंदों में सात चौके और चार छक्के लगाते हुए सर्वाधिक (71) रन बनाए। शशांक सिंह (2) और आशुतोष शर्मा (2) रन बनाकर आउट हुए। राइली रुसो ने 24 गेंदों में 49 रनों की पारी खेली। जितेश शर्मा 15 गेंदों में (32) और सुबोध भाटी (2) रन बनाकर नाबाद रहे। पंजाब ने निर्धारित 20 ओवरों में पांच विकेट पर 214 रनों का स्कोर खड़ा किया। सनराइजर्स हैदराबाद की ओर से थंगारसु नटराजन ने दो विकेट लिए। पैट कमिंस और वी वियसकांत ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

**अंकतालिका**

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक | रद | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| कोलकाता (क्वा) | 13 | 9 | 3 | 19 | 1 | +1.428 |
| हैदराबाद (क्वा) | 14 | 8 | 5 | 17 | 1 | +0.414 |
| राजस्थान (क्वा) | 13 | 8 | 5 | 16 | 0 | +0.273 |
| बेंगलुरु (क्वा) | 14 | 7 | 7 | 14 | 0 | +0.459 |
| चेन्नई (बा) | 14 | 7 | 7 | 14 | 0 | +0.392 |
| दिल्ली (बा) | 14 | 7 | 7 | 14 | 0 | -0.377 |
| लखनऊ (बा) | 14 | 7 | 7 | 14 | 0 | -0.667 |
| गुजरात (बा) | 14 | 5 | 7 | 12 | 2 | -1.063 |
| पंजाब (बा) | 14 | 5 | 9 | 10 | 0 | -0.353 |
| मुंबई (बा) | 14 | 4 | 10 | 8 | 0 | -0.318 |

**पंजाब 214/5** — 20 ओवर, अतिरिक्त : 10

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| अथर्व तायड़े का सनवीर बो नटराजन | 46 | 27 | 5/2 |
| प्रभसिमरन सिंह का क्लासेन बो व्यासकांत | 71 | 45 | 7/4 |
| रिली रोसोउ का समद बो कमिंस | 49 | 24 | 3/4 |
| शशांक सिंह रन आउट | 2 | 4 | 0/0 |
| जितेश शर्मा नाबाद | 32 | 15 | 2/2 |
| आशुतोष शर्मा का सनवीर बो नटराजन | 2 | 3 | 0/0 |
| शिवम सिंह नाबाद | 2 | 3 | 0/0 |

**गेंदबाजी :** भुवनेश्वर 4-0-36-0, कमिंस 4-0-36-1, नटराजन 4-0-33-2, व्यासकांत 4-0-37-1, शाहबाज 1-0-13-0, रेड्डी 3-0-54-0

**हैदराबाद 215/6** — 19 .1 ओवर, अतिरिक्त : 17

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| ट्रेविस हेड बो अर्शदीप | 0 | 1 | 0/0 |
| अभिषेक शर्मा का शिवम बो शशांक | 66 | 28 | 5/6 |
| राहुल त्रिपाठी का अर्शदीप बो हर्षल | 33 | 18 | 4/2 |
| नीतिश कुमार रेड्डी का शिवम बो हर्षल | 37 | 25 | 1/3 |
| हेनरिच क्लासेन बो बरार | 42 | 26 | 3/2 |
| शाहबाज अहमद का शशांक बो अर्शदीप | 3 | 6 | 0/0 |
| अब्दुल समद नाबाद | 11 | 8 | 0/1 |

**गेंदबाजी :** अर्शदीप 4-0-37-2, ऋषि 3-0-35-0, हर्षल 4-0-49-2, चाहर 4-0-43-0, बरार 3-0-36-1, शशांक 1-0-5-1, तायडे 0 .1-0-4-0

# निजता के उल्लंघन को लेकर आईपीएल प्रसारक पर भड़के रोहित शर्मा

**नई दिल्ली।** मुंबई इंडियंस के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के टीवी प्रसारक पर निजता के उल्लंघन का आरोप लगाते हुए कहा कि 'एक्सक्लूजिव' और 'व्यूज' के चक्कर में एक दिन प्रशंसकों, क्रिकेटरों और क्रिकेट के बीच का विश्वास खत्म हो जाएगा।



रोहित ने उनके और कोलकाता नाइट राइडर्स के सहायक कोच अभिषेक नायर के बीच बातचीत का वीडियो वायरल होने पर निराशा जताई। इस वीडियो में वह मुंबई इंडियंस के साथ अपने भविष्य पर बात करते नजर आ रहे हैं। रोहित ने एक्स पर लिखी पोस्ट में आईपीएल के टीवी प्रसारक स्टार स्पोटर्स पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा मेरे मना करने के बावजूद स्टार स्पोर्ट्स ने मेरी बातचीत को न सिर्फ रिकॉर्ड किया बल्कि प्रसारित भी कर दिया। यह निजता का उल्लंघन है। उन्होंने लिखा क्रिकेटरों की जिंदगी में इतना दखल हो रहा है कि कैमरा हर कदम पर पीछा करता है।

भारतीय कप्तान ने कहा एक्सक्लूजिव पाने और व्यूज तथा इंगेजमेंट पर ही फोकस रखने से एक दिन प्रशंसकों, क्रिकेट और क्रिकेटरों के बीच का विश्वास खत्म हो जाएगा। रोहित ने प्रसारकों से ऑडियो बंद करने का अनुरोध किया था। यह बातचीत 11 मई को मुंबई और केकेआर के बीच आईपीएल मैच के बाद हुई थी। विवाद के बाद केकेआर की सोशल मीडिया टीम ने भी वह वीडियो हटा दिया था। इसके बाद 17 मई को रोहित लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ मुंबई के मैच से पहले मुंबई इंडियंस के पूर्व खिलाड़ी धवल कुलकर्णी से बातचीत कर रहे थे।

# सुकांत, तरूण और सुहास ने पैरालंपिक के लिए किया क्वालीफाई

**नई दिल्ली।** शीर्ष भारतीय पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी सुकांत कदम, तरूण और सुहास ने पेरिस में आगामी पैरालंपिक के लिए अपने स्थान पक्के किए। सुकांत कदम पहली बार पैरालंपिक में हिस्सा लेंगे और वह पुरुषों के एसएल 4 वर्ग में खेलेंगे। एसएल 4 में वो खिलाड़ी हिस्सा लेते हैं जिनके शरीर के एक तरफ या दोनों पैरों में निचले स्तर पर मूवमेंट प्रभावित होता है। उनके अलावा तरूण और सुहास ने भी इसी वर्ग में क्वालीफाई किया। एसएल3 महिला वर्ग (शरीर के एक तरफ, दोनों पैर या अंगों की अनुपस्थिति वाले खिलाड़ियों के लिए) में मनदीप कौर ने जबकि मिश्रित युगल एसएल6 वर्ग में निथ्या और शिवराजन ने भी कट हासिल किया। पेरिस पैरालंपिक 28 अगस्त से आठ सितंबर तक आयोजित होंगे। कदम पिछले कुछ वर्षों से अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं और लगातार पदक जीत रहे हैं।

## खेल डायरी

### चेन्नइयिन ने मिडफील्डर जितेश्वर का करार बढ़ाया



**चेन्नई।** पूर्व चैंपियन चेन्नइयिन एफसी ने इंडियन सुपर लीग में शानदार प्रदर्शन करने वाले मिडफील्डर युमखाइबाम जितेश्वर सिंह का करार 2025 तक बढाने का फैसला किया। मणिपुर के इस मिडफील्डर ने 2022 में चेन्नइयिन एफसी के लिये पदार्पण किया था। वह टीम के लिए 44 मैच खेल चुके हैं। टीम के मुख्य कोच ओवेन कॉयल ने कहा जीतू कहीं नहीं जा रहा है। वह अगले सत्र में भी हमारे साथ होगा। जितेश्वर पिछले साल एएफसी अंडर 23 एशियाई कप खेलने वाले भारतीय टीम का भी हिस्सा थे।

### त्वेसा 67 के कार्ड से संयुक्त 21वें स्थान पर

**ब्रेंडनबर्ग (जर्मनी)।** भारतीय गोल्फर त्वेसा मलिक ने अमुंडी जर्मन मास्टर्स के तीसरे दौर में पांच अंडर 67 का शानदार कार्ड खेला जिससे वह संयुक्त 21वें स्थान पर बनी हुई हैं। यह लेडीज यूरोपीय टूर में करीब चार साल में त्वेसा का सर्वश्रेष्ठ राउंड है। उन्होंने तीसरे दौर में एक ईगल और पांच बर्डी लगायी जबकि दो बोगी कर बैठीं। यह 2021 के बाद एलईटी पर उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है, उन्होंने दक्षिण अफ्रीका में सनशाइन लेडीज टूर पर 65 का सर्वश्रेष्ठ कार्ड खेला था। भारत की कट हासिल करने वाली अन्य दो खिलाड़ी प्रणवी उर्स (71) और दीक्षा डागर (73) क्रमश: संयुक्त 31वें और संयुक्त 43वें स्थान पर बनी हुई हैं।

### रोहित के प्रदर्शन से रॉयल-ईमी ने बांटे अंक

**नई दिल्ली।** डीएसए ए डिवीजन लीग में खेले गए संघर्षपूर्ण मैच में रोहित संतोष के दमदार खेल की बदौलत रॉयल एफसी ने ईमी एफसी को 1– 1 की बराबरी पर रोक कर अंक बांटे। नेहरू स्टेडियम मैदान में दोनों टीमों ने प्रदर्शन किया। रॉयल ने 12 वें मिनट में स्पर्श शर्मा के गोल से बढ़त बनाई, जिसे ईमी के अखिलेश देवरानी ने 49 वें मिनट में पेनल्टी से बराबर कर दिया। तत्पश्चात ईमी ने खेल पर दबदबा बनाया लेकिन रॉयल के गोल रक्षक कप्तान रोहित संतोष ने बेहतर प्रदर्शन से गोल का बचाव किया। होकिप, आशुतोष थपलियाल, गांगते और डेविड के प्रयासों पर रोहित के पूर्वानुमान दर्शनीय रहे जिसकी एवज में उसे प्लेयर ऑफ द मैच आंका गया।

### सबसे ऊंचे पोलिंग बूथ पर आज पहुंचेंगे साइकिल सवार

**रोम।** पांचवीं शिमला। दुनिया के सबसे ऊंचे मतदान केंद्र टशीगंग से साइकिल सवार देश के मतदाताओं को मतदान का संदेश देने के लिए साइकलिंग एक्सपीडिशन स्पीति में शनिवार को पहुंच गये। ताबो के सेरकोंग स्कूल के बच्चों द्वारा इन साइकिल सवारों का भव्य स्वागत किया गया। इसके साथ ही स्कूल में कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। शिमला के रिज मैदा प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने साइकलिंग एक्सपीडिशन के साइकिल सवार शिमला से 436 किलोमीटर की दूरी तय कर स्पीति के काजा में पहुंचे हैं। लोकसभा और विधानसभा उप–चुनाव के मद्देनजर मतदाताओं को जागरूक करने के लिए साइकलिंग एक्सपीडिशन आयोजित की गई है। ये साइकिल सवार 20 मई को टशीगंग (15256 फीट) पहुंचेंगे। स्टेट इलेक्शन आइकन जसप्रीत पाल उनके साथी क्षितिज शिमला से टाशीगंग जाएंगे।

# चिराग-सात्विक ने जीता थाईलैंड ओपन

**बैंकॉक, एजेंसी**

सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की शीर्ष भारतीय जोड़ी ने रविवार को चीन की चेन बो यांग और लियू यी की जोड़ी को फाइनल मुकाबले में हराकर थाइलैंड ओपन का पुरुष युगल खिताब जीत लिया है। भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों ने 46 मिनट तक चले मुकाबले में चीन की जोड़ी को 21-15, 21-15 से हराकर 2024 बैडमिंटन सत्र का अपना दूसरा खिताब अपने नाम किया।



शानदार खेल दिखाते हुए भारतीय खिलाड़ियों ने शुरुआत में 4-1 की बढ़त बनाई। इसके बाद यांग और यी की जोड़ी ने भी पलटवार किया और पहले हाफ टाइम तक 11-10 से बढ़त बना ली। ब्रेक के बाद विश्व बैडमिंटन रैंकिंग की वरीयता प्राप्त सात्विक और चिराग की भारतीय जोड़ी ने शानदार वापसी की और चीनी जोड़ी को गलती करने पर मजबूर कर दिया। भारतीय जोड़ी ने अपनी लय हासिल करते हुए 19-15 की बढ़त बनाई। इसके बाद भारतीय जोड़ी ने दो अंक अर्जित करते हुए पहला गेम 21-15 से जीत लिया। दूसरे गेम में चीनी खिलाड़ियों ने दो अंक लेकर एक बार फिर भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों की बराबरी कर ली। इसके बाद भारतीय जोड़ी ने स्मैश के जरिए चीनी खिलाड़ियों को बैकफूट पर धकेल दिया ओर इंटरवल तक 11-6 की बढ़त हासिल कर ली। आत्मविश्वास से भरी भारतीय जोड़ी ने कोर्ट 19-15 की बढ़त के साथ खेल को अपने कब्जे में लिया और फिर लगातार दो और अंक हासिल करते हुए मैच पर जीत की मुहर लगा दी।

चिराग और सात्विक के लिए यह वर्ष 2024 बैडमिंटन सत्र का दूसरा खिताब था और थाईलैंड ओपन का भी दूसरा खिताब था। मार्च में फ्रेंच ओपन जीतने से पहले चिराग और सात्विक इस साल की शुरुआत में मलेशिया ओपन और इंडिया ओपन के फाइनल में हार गए थे। सात्विकसाईराज ने खिताब जीतने के बाद कहा थाईलैंड ओपन हमारे लिए एक विशेष टूर्नामेंट रहा है क्योंकि हमने यहां पहला सुपर 500 खिताब भी जीता था और उसके बाद कई और टूर्नामेंट जीते हैं। हम उम्मीद कर रहे हैं कि यह जीत हमारे लिए विजयी अभियान शुरू करेगी।

# भारत ने तीसरे दिन एक रजत और एक कांस्य पदक किया अपने नाम

**पैरा एथलेटिक्स विश्व चैंपियनशिप**

**कोबे (जापान), एजेंसी**


प्रतिस्पर्धा के दौरान निषाद कुमार

भारत के लिए ऊंची कूद के पैरा एथलीट निषाद कुमार ने रविवार को यहां कोबे 2024 पैरा एथलेटिक्स विश्व चैम्पियनशिप के तीसरे दिन रजत पदक और प्रीति पाल ने महिलाओं की 200 मीटर स्पर्धा का कांस्य पदक जीता।

तोक्यो पैरालंपिक के रजत पदक विजेता निषाद ने पुरुषों की ऊंची कूद टी47 फाइनल में 1.99 मीटर के प्रदर्शन से दूसरा स्थान हासिल किया और भारत का खाता खोला। निषाद ने पेरिस में 2023 विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में इसी स्पर्धा का रजत पदक जीता था। अमेरिका के रोड्रिक टाउनसेंड ने 2.05 मीटर की कूद से स्वर्ण पदक अपने नाम किया। टी 47 में वो पैरा ट्रैक एथलीट हिस्सा लेते हैं जिनका कोहनी या कलाई के नीचे का हिस्सा कटा होता है या इसमें विकृति होती है। फिर प्रीति पाल ने महिलाओं की टी 35 वर्ग की 200 मीटर स्पर्धा के फाइनल में 30.49 सेकेंड के समय से तीसरा स्थान हासिल कर भारत को दूसरा पदक दिलाया।

# ओलंपिक ट्रायल में सबसे सफल निशानेबाज रहीं मनु

**भोपाल, एजेंसी**



ओलंपियन निशानेबाज मनु भाकर राइफल और पिस्टल ओलंपिक चयन ट्रायल (ओएसटी) में सबसे सफल निशानेबाज रहीं, उन्होंने रविवार को यहां अंतिम दिन महिलाओं की 10 मीटर पिस्टल ओएसटी टी4 मैच में जीत हासिल की। मनु की दो स्पर्धाओं के ट्रायल में यह चौथी जीत रही।

उन्होंने महिलाओं की 25 मीटर स्पोर्ट्स पिस्टल के ट्रायल भी जीते। मनु ने ओएसटी टी4 10 मीटर एयर पिस्टल फाइनल में 240.8 का स्कोर बनाया। उन्होंने हांग्झोऊ एशियाड की चैंपियन पलक को 4.4 अंक से पछाड़ा। इससे पहले इलावेनिल वलारिवान ने महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल ओएसटी टी4 में 254.3 के स्कोर से जीत दर्ज की। दिव्यांश पंवार ने पुरुषों की एयर राइफल ओएसटी टी4 में 253.3 के स्कोर से जीत दर्ज की। यह स्कोर उनके मौजूदा विश्व रिकॉर्ड से 0.4 कम रहा। अर्जुन बबूता (250.0) और रुद्रांक्ष पाटिल (229.5) क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल ओएसटी टी4 फाइनल में रविंदर सिंह 242.2 के स्कोर से विजेता रहे।

# अराविंद ने शारजाह मास्टर्स शतरंज में एकल बढ़त बनाई

**शारजाह।** भारतीय ग्रैंडमास्टर अराविंद चिदंबरम ने स्थानीय खिलाड़ी ए आर सालेह सलेम को हराकर शारजाह मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट में एकल बढत बना ली। चि दंबरम के बाद चार खिलाड़ी दूसरे स्थान पर है जिनमें ईरान के अमीन टाबाटाबाइ और बर्डिया दनेश्वर और अमेरिका के हैंस मोके नीमैन और सैम शांकलैंड शामिल हैं। शीर्ष वरीयता प्राप्त अर्जुन एरिगेसी आठ अन्य खिलाड़ियों के साथ तीसरे स्थान पर है जिनमें भारत के संकल्प गुप्ता भी हैं। एरिगेसी और वोलोडार मुरजिन की बाजी बराबरी पर छूटी जबकि संकल्प ने अजरबैजान के तैमूर राजदाबोव को ड्रॉ पर रोका।



# गुवाहाटी में बारिश ने रोका मुकाबला

**गुवाहाटी, एजेंसी**

लगातार बारिश के कारण रविवार को यहां राजस्थान रॉयल्स और कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के बीच इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) लीग मैच का टॉस होने में विलंब हुआ। पिछले कुछ आईपीएल मैच में खलल डालने वाली बारिश ने बारसापारा क्रिकेट स्टेडियम में प्रशंसकों और खिलाड़ियों को निराश किया जिससे पूरे मैदान को ढक दिया गया है। पूरा मैच खेले जाने का कटऑफ समय रात साढ़े आठ बजे है जिसे देखते हुए कि मैच के ओवर घटाए जाने की उम्मीद है। दोपहर के मैच में सनराइजर्स हैदराबाद की चार विकेट की जीत के बाद संजू सैमसन की अगुवाई वाली राजस्थान रॉयल्स अंक तालिका में दूसरे से तीसरे स्थान पर खिसक गई है। राजस्थान रॉयल्स अब केकेआर को हराकर तालिका में दूसरा स्थान हासिल करने की उम्मीद करेगी।





# धोनी सीएसके का हिस्सा नहीं रहेंगे तो आश्चर्य होगा : हेडन

**नई दिल्ली, एजेंसी**

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व दिग्गज मैथ्यू हेडन का मानना है कि करिश्माई विकेटकीपर बल्लेबाज महेंद्र सिंह धोनी ने इंडियन प्रीमियर लीग में अपना आखिरी मैच खेल लिया है लेकिन वह चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के साथ किसी भूमिका में जुड़े रहेंगे। सीएसके का इस आईपीएल में शुक्रवार को अपने आखिरी लीग मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से हार के बाद सफर खत्म हो गया। इस मैच में धोनी ने 13 गेंद में 25 रन की आतिशी पारी खेली लेकिन यह टीम को प्लेऑफ में पहुंचाने के लिए काफी नहीं था।

धोनी ने यश दयाल की गेंद पर इस सत्र का सबसे लंबा 110 मीटर का छक्का लगाकर चेन्नई की उम्मीदें बनाए रखी थी लेकिन वह अगली गेंद पर आउट हो गए। इसके बाद टीम चार गेंद में सिर्फ एक रन ही बना सकी। धोनी ने मौजूदा सत्र में 220.55 की शानदार स्ट्राइक रेट से और 53.67 की औसत से 161 रन बनाए। वह इस अब तक इस आईपीएल के सबसे बड़े आकर्षण रहे है और हर मैदान में बड़ी संख्या में उनके प्रशंसक पहुंच रहे थे। हेडन ने कहा कि धोनी अगले सत्र में अगर सीएसके का हिस्सा या मेंटोर नहीं होंगे तो उन्हें काफी आश्चर्य होगा।



- **मैथ्यू हेडन बोले- धोनी शायद अपना आखिरी मैच खेल चुके हैं, एमएस ने लगाया 110 मीटर का सबसे लंबा छक्का**

### टेस्ट की तरह बर्ताव कर रही पिच पर 200 पार करना अविश्वसनीय : डुप्लेसी

**बेंगलुरु।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के कप्तान फाफ डुप्लेसी ने कहा कि बारिश के बाद टेस्ट मैच की तरह बर्ताव कर रही पिच बल्लेबाजों का स्कोर को 200 के पार ले जाना और आखिरी ओवर में यश दयाल का गेंदबाजी प्रदर्शन अविश्वसनीय रहा। मैच जीतने के बाद डुप्लेसी ने कहा मुझे लगा कि मैंने बारिश के बाद अब तक सबसे मुश्किल पिच पर यहीं बल्लेबाजी की। यह इतनी मुश्किल प्रतीत हो रही थी कि मैं और विराट कोहली तो 140-150 के स्कोर तक पहुंचने की बात कर रहे थे। यह रांची के पांच दिवसीय टेस्ट मैच की तरह बर्ताव कर रही थी और वहां से 200 के स्कोर को पार करना अविश्वसनीय था। जब हम जीत नहीं रहे थे तब भी प्रशंसक हमारे साथ खड़े थे। जिस तरह का समर्थन हमें मिला इसके लिए हम प्रशंसकों के शुक्रगुजार हैं।



### चमत्कारिक प्रदर्शन से दूसरी टीमों को मिलेगी प्रेरणा : कार्तिक

**बेंगलुरू।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक का मानना है कि लगातार छह जीत दर्ज करके आईपीएल प्लेआफ में जगह बनाने वाली उनकी टीम के चमत्कारिक प्रदर्शन से भविष्य में दूसरी टीमों को प्रेरणा मिलेगी। पहले आठ में से सात मैच हारने वाली आरसीबी ने बाहर होने की कगार से निकलकर वापसी की और अंतिम चार में जगह बनाई है। कार्तिक ने कहा जिस तरह आठ मैचों के बाद हमने वापसी की। हमें छह मैच जीते, लोग इस टीम को याद रखेंगे।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी,** 0512-2548300 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharkanpur@gmail.com (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

# इस बार भी चुनावी मुद्दा नहीं बनी बरगढ़ की ग्लास फैक्ट्री

विकास श्रीवास्तव/अभिनव राज त्रिपाठी, मऊ (चित्रकूट)

### अस्तित्व में आती बरगढ़ ग्लास फैक्ट्री तो बदल ही जाता परिदृश्य

### राजनीतिक अहम और उपेक्षा की बलि चढ़ गई राजीव गांधी की महत्वाकांक्षी योजना

### अब तो कोई नेता इसकी बात तक नहीं करता, चालू कराने की कौन कहे

**अमृत विचार।** बरगढ़ की फ्लोट ग्लास फैक्ट्री राजनीतिक अहम, खींचतान, अदूरदर्शिता और यहां के जनप्रतिनिधियों के घातक उपेक्षात्मक रवैये की भेंट चढ़ गई। तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी की यह महत्वाकांक्षी योजना अगर साकार होती तो बुंदेली युवाओं को ही नहीं बल्कि अन्य प्रदेशों के बेरोजगार यहां रोजीरोटी कमाते दिखते। यहां के लोगों को बाहर जाकर खानेकमाने की जरूरत न पड़ती। दुर्भाग्य है कि इस कारखाने को क्या किसी और रोजगार की बड़ी योजना को लेकर कोई ठोस वादे तक नहीं करता। लोग कहते हैं, सब जाति और क्षेत्रवाद की राजनीति का परिणाम है।

क्षेत्र के बुजुर्ग बीते समय की याद करते हैं तो अक्सर एक प्रसंग सुनाते हैं कि इंदिरा गांधी की हत्या के बाद जब उनके बेटे राजीव गांधी प्रधानमंत्री बने और इलाहाबाद (अब प्रयागराज) में एक जनसभा में शिरकत की तो तत्कालीन सांसद अमिताभ बच्चन ने उनसे यमुना नदी पर पुल की मांग की। राजीव ने पुल के साथ साथ बरगढ़ में 100 करोड़ रुपये की लागत से एशिया की सबसे बड़ी और भारत की पहली कांटीनेंटल फ्लोट ग्लास फैक्ट्री की भी घोषणा कर दी।

बुंदेली धरती से बेरोजगारी हटाने के लिए अब तक का यह सबसे बड़ा कदम था। इस पूरे मामले में सबसे ज्यादा जनप्रतिनिधियों ने उदासीनता दिखाई और हाल सबके सामने है। घोषणा ही नहीं बल्कि सरकार ने फैक्ट्री की औपचारिकताओं को पूरा किया और सन् 1987 में राजीव गांधी ने इसका शिलान्यास भी कर दिया। बुलेट प्रूफ कांच बनाने के लिए बनाई जा रही फैक्ट्री के निर्माण की जिम्मेदारी उप्र राज्य खनिज विकास निगम (यूपीएस एमडीसी) को दी गई और उसने 1988 में कुछ उद्योगपतियों के सहयोग से इसका काम भी शुरू कर दिया। राजीव गांधी की व्यक्तिगत रुचि की वजह से ग्लास फैक्ट्री का तेजी से निर्माण कराया गया और 1991 तक 50 फीसदी काम पूरा कर लिया गया। इस दौरान बरगढ़ रेलवे स्टेशन से फैक्ट्री तक रेल लाइन बिछाने का काम भी पूरा करा लिया गया था।

बुजुर्ग बताते हैं कि लंदन के कारोबारी बिल क्लिंटन ब्रदर्स ने 1991 के सितंबर-अक्टूबर महीने में फ्लोट ग्लास बनाने की लगभग 2000 करोड़ रुपये कीमत की बड़ी बड़ी मशीनें भी समुद्र के रास्ते भारत भिजवा दी थीं। सरकार की लापरवाही कहें या फिर बुंदेलखंड के लोगों की बदकिस्मती, मुंबई बंदरगाह में ये मशीनें 1996 तक पड़ी रहीं। कस्टम विभाग ने कस्टम चार्ज और जुर्माने की धनराशि सहित 12-12 हजार करोड़ रुपये में मशीनों को नीलाम करवा दिया। लंदन के क्लिंटन ब्रदर्स ने ही इन मशीनों को नीलामी में खरीद लिया था। लेकिन 1989 में तत्कालीन कांग्रेस सरकार के सत्ता से हटने के बाद फैक्ट्री के निर्माण कार्य को जैसे ग्रहण लग गया। युवा समाजसेवी और पर्यावरणविद अनुज हनुमत बताते हैं कि बाद में शेयर होल्डर कोर्ट चले गए। आज भी यह मामला लंबित है। जब कीमती सामान चोरी जाने लगा तो कोर्ट के आदेश पर गेट पर ताला लटका दिया गया और सुरक्षाकर्मियों की तैनाती कर दी गई। उन्होंने कहा कि अगर आज भी जनप्रतिनिधि इच्छाशक्ति दिखाएं तो यह सपनों का प्रोजेक्ट हकीकत का रूप ले सकता है।


बरगढ़ में शिलान्यास समारोह में शामिल तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी और पीछे खड़े हुए तत्कालीन सांसद भीष्म देव दुबे (फाइल फोटो)।


1985 में इलाहाबाद के केपी कॉलेज मैदान में आयोजित युवा कांग्रेस रैली में राजीव गांधी का माल्यार्पण करते हुए तत्कालीन सांसद अमिताभ बच्चन।


स्व. भीष्मदेव दुबे।


स्व. रामनाथ दुबे।


कंडम पड़े वाहन। अमृत विचार

### इन लोगों की थी हिस्सेदारी

जानकारी के मुताबिक, फैक्ट्री के निर्माण में प्रमुख शेयर होल्डरों में यूपीएसएमडीसी की 26 प्रतिशत पूंजी, सऊदी अरब के शेख बंधुओं की 12 फीसदी, उद्योगपति सीएल वर्मा की नौ फीसदी पूंजी, लंदन के एक उद्योगपति बिल क्लिंटन ब्रदर्स की चार फीसदी, आदित्य बिड़ला की 15 फीसदी पूंजी लगनी थी। उप्र सरकार ने इसमें 33 फीसदी अंशदान की बात कही थी।

### राजनीतिक खींचतान की बलि चढ़ गई फैक्ट्री

देवराज पांडेय कलचिहा, राकेश रस्तोगी बरगढ़, रामनरेश मिश्र खोहर मजरा किटहाई, ब्रह्म नारायण पांडेय कलचिहा, डा. चंद्रदेव सिंह सुचेता कृपलानी नगर आदि आदि बताते हैं कि सन् 2004 में उद्योगपति आदित्य बिरला इस फैक्ट्री को नीलामी में खरीदना चाहते थे तब बुंदेली लोगों को एक बार फिर आस बनी। लेकिन तत्कालीन मुलायम सिंह सरकार से आदित्य की बात नहीं बनी। बाद में आईं सीएम मायावती इस फैक्ट्री को 15 फीसदी के आधार पर बेचना चाहती थीं मगर आदित्य बिरला फिर फैक्ट्री खरीदने के लिए राजी नही हुए और मामला ठंडे बस्ते में चला गया। लोगों का कहना है कि यदि आज भी जनप्रतिनिधि इस ओर ध्यान दें तो इस महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट को पूरा किया जा सकता है।


परिसर में जर्जर भवन और उगे झाड़-झंखाड़। अमृत विचार

### शिलान्यास के समय सांसद थे भीष्म देव दुबे

जब फैक्ट्री का शिलान्यास हुआ तब बांदा के तत्कालीन सांसद कांग्रेस के भीष्मदेव दुबे थे। लोग बताते हैं कि पूर्व सांसद रामनाथ दुबे और तत्कालीन सांसद भीष्म देव दुबे ने बांदा चित्रकूट में फैक्ट्री लगवाने के लिए जोरदार पहल भी की थी। गौरतलब है कि भीष्म देव दुबे कांग्रेस पार्टी के बांदा में अंतिम सांसद रहे हैं। उनके बाद अब तक कांग्रेस का कोई भी प्रत्याशी चुनाव नहीं जीत सका है। 1980 में कांग्रेस से रामनाथ दुबे और 1984 में कांग्रेस के भीष्म देव दुबे सांसद हुए थे।

### क्षेत्र में पर्याप्त मात्रा में है सिलिका सैंड

कांच उद्योग के लिए जरूरी सिलिका सैंड एक प्रकार का बालू है। इसे पहाड़ को चूरकर करके बनाया जाएगा। शंकरगढ़ में सिलिका की पहाड़ियों को तोड़कर उसे वाशिंग प्लांट में धोया जाता है। इसे बोरियों में पैक कर शीशा फैक्ट्रियों में बेचा जाता है। बरगढ़ का इलाका ग्लास उद्योग के लिए जरूरी सिलिका सैंड स्टोन से भरा पड़ा है। पास के शंकरगढ़ और बरगढ़ इलाके में दर्जनों सिलिका सैंड के वाशिंग प्लांट हैं जहां सिलिका सैंड स्टोन को तोड़कर धोया जाता है और देश के कई हिस्सों में भेजा जाता है। राजीव गांधी सरकार ने इसकी उपलब्धता को देखते हुए ही शायद इस फैक्ट्री की घोषणा की थी। अगर यह बन जाती तो आज पूरे इलाके की तस्वीर ही अलग होती।

## नौ पर गुंडा व एक पर मिनी गुंडा एक्ट

**चित्रकूट।** प्रभारी निरीक्षक कोतवाली उपेंद्र प्रताप सिंह ने चुन्नू प्रसाद, राकेशमणि उर्फ गुड्डी, प्रेमचंद्र पुत्रगण स्व. भगवानदीन निवासीगण कैंप का पुरवा मजरा डिलौरा, राजेश यादव उर्फ थोपू पुत्र विजय निवासी पुरानी बाजार, नसीम उर्फ बोड्डा पुत्र रईस अहमद निवासी भरतपुरी, सुनील रैकवार पुत्र मिठाईलाल निवासी खटकाना , नफीस उर्फ छोटा मुन्ना पुत्र अहमद खान उर्फ अजमेरी निवासी शिवरामपुर, खुन्नू निषाद उर्फ छोटू पुत्र अर्जुन निवासी टिकुरा मजरा कपसेठी पर धारा 03 यूपी गुंडा एक्ट की कार्रवाई की है।

### एक नजर

### ग्रामीण ने चोर को पकड़कर पुलिस को सौंपा

**राठ (हमीरपुर)।** कोतवाली क्षेत्र के नदना गांव में खेत से कटिया मशीन सहित ट्यूबवेल का पैनल चोरी करके ले जा रहे चोर को ग्रामीण ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। प घटना के बाद पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर दी है। नदना गांव निवासी उत्तम पाल पुत्र चंद्रप्रकाश ने बताया कि दो चोर उसके खेत से कटिया मशीन और ट्यूबवेल का पैनल चोरी करके ले जा रहे थे। तभी अचानक वह खेत पर पहुंच गया। बताया कि उसने तत्काल एक चोर को पकड़ लिया। उसी दौरान पकड़े गए चोर का दूसरा साथी भागने में कामयाब रहा। बताया कि खेत से कुछ दूरी पर उसकी कटिया मशीन मिल गई है। ट्यूबवेल का पैनल नहीं मिला है। पीड़ित ने चोर को पुलिस के हवाले कर दिया है।

### पराली जलाने से बाज नहीं आ रहे किसान

**कुरारा।** थानाक्षेत्र में जिला प्रशासन के रोक के बावजूद किसान पराली जलाने से बाज नहीं आ रहे है। बीते दिनों पूर्व क्षेत्र के लल्ली का डेरा, रघवा, डामर आदि गांव के पास खेतों में पराली में आग लग जाने से काफी नुकसान हुआ था। जिला प्रशासन के आदेश के बावजूद किसान पराली जलाने पर बाज नहीं रहा है। रविवार को सुबह 11 बजे भैंसापाली गांव के खुटमिली मौजे में पराली में आग लग जाने से ग्रामीण आग बुझाने में जुट गए। फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पाया ।

# 7.18 लाख मतदाता करेंगे 12 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला

## दोनों विधानसभा क्षेत्रों में बनाए गए 851 मतदान स्थल, चिलचिलाती धूप में मतदान केंद्रों पर पहुंची पोलिंग पार्टियां



कार्यालय संवाददाता,चित्रकूट

**अमृत विचार।** बांदा-चित्रकूट लोकसभा सीट से सांसद चुनने के लिए आज जिले के कुल 718491 मतदाता अपना सहयोग करेंगे। जिले में कुल 851 मतदान स्थल (बूथ) बनाए गए हैं। रविवार को चिलचिलाती धूप के बीच चित्रकूट इंटर कालेज से पोलिंग पार्टियां रवाना की गईं।

चित्रकूट और मानिकपुर विधानसभा क्षेत्रों में कुल 608 मतदान केंद्र हैं। इनमें 851 बूथ हैं। चित्रकूट क्षेत्र में 439 और मानिकपुर विस क्षेत्र में 412 बूथ बनाए गए हैं। जिले में कुल मतदाताओं की संख्या 718491 हैं। इनमें से पुरुष मतदाता 388358, महिला मतदाता 330128 हैं। अन्य जेंडर मतदाता पांच हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक आनंद ने चुनाव प्रक्रिया संपन्न कराने के लिए 87 सेक्टर मजिस्ट्रेट और 21 जोनल मजिस्ट्रेटों की तैनाती की है। पुलिस अधीक्षक ने अरुण कुमार सिंह ने जिले में तीन अपर पुलिस अधीक्षक, 60 इंस्पेक्टर/ एस आई, 2367 मुख्य आरक्षी, 1557 होमगार्ड मिलाकर कुल 3987 पुलिसकर्मियों को शांति व्यवस्था कायम रखने की जिम्मेदारी सौंपी है।


रवानगी का जायजा लेते कमिश्नर, डीआईजी, डीएम, एसपी आदि अधिकारी।


छोटे बच्चे को लेकर ड्यूटी में जाने को तैयार चुनावकार्मिक।


आसपास के गांव-कस्बों से सीआईसी पहुंचे चुनावकार्मिक।

### अधिकारियों ने लिया रवानगी का जायजा

- रविवार को चित्रकूट इंटर कालेज से पोलिंग पार्टियों की रवानगी की गई। एआरटीओ से मिली जानकारी के अनुसार, पोलिंग पार्टियों और पुलिसकर्मियों के लिए लगभग 250 बसें और लगभग 400 हल्के वाहन अधिग्रहीत किए गए हैं। मंडलायुक्त बालकृष्ण त्रिपाठी, पुलिस उपमहानिरीक्षक अजय कुमार सिंह, जिलाधिकारी अभिषेक आनंद व पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने कॉलेज में रवानगी की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस अवसर पर सीडीओ अमृतपाल कौर, एडीएम उमेश चंद्र निगम, एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी, एसडीएम कर्वी सौरभ यादव, मऊ राकेश कुमार पाठक, राजापुर प्रमोद कुमार झा, मानिकपुर पंकज वर्मा, डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह, डीडीओ आरके त्रिपाठी आदि अधिकारी मौजूद रहे।


चुनावी सामग्री ले जाते कर्मचारी।



बसों में सवार होते चुनाव कार्मिक।

### ड्यूटी कटवाने की जद्दोजहद

- इस दौरान कर्मचारियों और शिक्षकों में ड्यूटी कटवाने की जद्दोजहद भी दिखी। चिलचिलाती धूप में जहां पसीना बहाते तमाम चुनावकार्मिक अपनी ड्यूटी निभाने के लिए बसों में चढ़ते नजर आए तो तमाम लोग ड्यूटी कटाने के लिए परेशान दिखे। किसी ने बीमारी का हवाला दिया तो किसी ने अपने छोटे बच्चे का पर ज्यादातर को निराशा ही हाथ लगी।

## मतगणना की तैयारियों की कार्ययोजना बनाने के दिए निर्देश

**चित्रकूट।** जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक आनंद ने रविवार को पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के साथ राष्ट्रीय रामायण मेला परिसर में बने स्ट्रांग रूम का मुआयना किया। डीएम ने एक्सईएन पीडब्लूडी प्रांतीय खंड सत्येंद्र नाथ को निर्देश दिए कि मतगणना के लिए बैरीकेडिंग आदि की कार्ययोजना बनाकर दें।

दोनों अधिकारियों ने प्रकाश, सीसीटीवी कैमरे, बैरिकेडिंग, फायर ब्रिगेड, मोबाइल शौचालय, पेयजल, सुरक्षा आदि की जानकारी ली। ईओ लालजी यादव को पूरे परिसर की सफाई कराने के निर्देश दिए। बाद में कलेक्ट्रेट सभागार में स्थापित इंटीग्रेटेड कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया गया।

डीएम ने प्रभारी अधिकारी कंट्रोल रूम एडीएम वंदिता श्रीवास्तव से वेब कास्टिंग, ईवीएम ट्रैकिंग आदि की जानकारी ली। डीपीआरओ इंद्र नारायण सिंह को निर्देश दिए कि सभी कैमरे संचालित रहें। एएमएफ सिस्टम, मीडिया प्रमाणन, राष्ट्रीय शिकायत सेवा पोर्टल का भी निरीक्षण किया गया। इस दौरान सीडीओ अमृतपाल कौर, एडीएम उमेश चंद्र निगम आदि अधिकारी मौजूद रहे।


**चित्रकूट।** आज जिले में लोकसभा चुनाव के लिए मतदान होना है। अधिकारियों के सड़कों के जीर्णोद्धार के सख्त निर्देशों का कितना असर जिम्मेदारों पर होता है, यह सड़क इसकी मिसाल है। यह सदर बाजार से कलेक्ट्रेट जाने वाली सड़क है।

## दमकल वाहन-बाइक की टक्कर में दो घायल

संवाददाता, राजापुर (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** आजादनगर मोड़ के पास फायर ब्रिगेड के वाहन से टकराने से बाइकसवार दो लोग घायल हो गए। दोनों को जिला अस्पताल रिफर किया गया है। घटना रविवार अपराह्न की है।

जानकारी के मुताबिक, फायर सर्विस राजापुर का वाहन कस्बे की ओर आ रहा था। कर्वी रोड स्थित पेट्रोल पंप के पास इसकी बाइक से भिड़ंत हो गई। बाइकसवार पेट्रोल लेने जा रहे थे। दुर्घटना में रोहित पांडेय पुत्र रामविलास उर्फ छंगू तथा विक्की पुत्र महेश्वरी घायल हो गए। पुलिस ने दोनों युवकों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। हालत गंभीर होने पर प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. दिनेश सिंह ने जिला चिकित्सालय रिफर कर दिया। विक्की की मां संगीता देवी ने बताया कि विक्की और रोहित कस्बे की एक बाइक एजेंसी में रिपेयरिंग का काम करता है। प्रभारी निरीक्षक मनोज सिंह ने बताया कि फायर ब्रिगेड की गाड़ी से बाइक की टक्कर हुई है, जिन्हें सीएचसी से जिला चिकित्सालय रिफर किया गया है। अभी तक कोई तहरीर नहीं मिली है।


बूथ का मुआयना करते राजापुर एसडीएम। अमृत विचार

## बूथ पर बीएलओ से पर्ची ले सकेंगे वोटर

संवाददाता, राजापुर (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर रविवार को देर शाम तक तहसील क्षेत्र के 197 बूथों में पोलिंग पार्टियां पहुंच गईं। एसडीएम ने बताया कि तैयारियां पूरी हैं। जिसको मतदाता पर्ची न मिलेगी, बूथ पर बीएलओ उनकी मदद करेंगे।

उप जिलाधिकारी प्रमोद झा ने बताया कि पोलिंग पार्टियां निर्धारित मतदेय स्थल में पहुंच गई हैं। वहां विद्युत, पेयजल, शौचालय, सफाई आदि की व्यवस्था पहले से कर दी गई थी। बताया कि पोलिंग पार्टियों को पहुंचने में कोई दिक्कत नहीं हुई। है। मतदान स्थल में निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विश्रामालय, टेंट, कुर्सी के साथ आदर्श बूथों की भी व्यवस्था की गई है। जिस मतदाता को मतदान पर्ची नहीं मिली है, उसके लिए हर बूथ पर बीएलओ को तैनात किया गया है। मतदान अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि निष्पक्षता के साथ मतदान कराएं और किसी भी मतदेय स्थल की मशीनों में गड़बड़ी होती है तो उसे तुरंत ठीक करने के लिए कंट्रोल रूम को बताएं। बताया कि चुनाव के लिए सेक्टर, जोनल मजिस्ट्रेट व सुपर जोनल मजिस्ट्रेट के साथ मास्टर ट्रेनर लगाए गए हैं। उधर एसडीएम ने तुलसी इंटर कॉलेज, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, कंपोजिट विद्यालय में निरीक्षण किया।

### बढ़े हादसे

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल किए गए रेफर

# अलग-अलग दुर्घटनाओं में दो युवक गंभीर रूप से घायल

संवाददाता,मौदहा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** अलग-अलग घटनाओं में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां दोनों की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया।

बताते चलें कि क्षेत्र के रोहरी गांव निवासी अंकित (22) पुत्र राजबहादुर ने अज्ञात कारणों के चलते घर में रखा जहरीला पदार्थ खा लिया उसकी हालत बिगड़ते देख परिजनों ने आनन फानन में मौदहा के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया जहां हालत चिंताजनक होने पर प्राथमिक उपचार कर डॉक्टरों ने जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया वहीं पड़ोसी जनपद क्षेत्र के बन्नी गांव निवासी सोनू (24) पुत्र कमलेश अपने घर से बाइक में सवार हो कस्बे की ओर आ रहा था। तभी खन्ना गांव के पास एनएच 34 हाईवे पर अचानक बाइक का संतुलन बिगड़ जाने से बाइक सहित सड़क पर गि घायल हो गया। जिसे उन्हें में भर्ती कराया गया। जहां हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया।

### चलती ट्रेन से गिरकर यात्री घायल



- **मौदहा (हमीरपुर)।** गाजीपुर निवासी बृजेश सिंह यादव (24) पुत्र सुभाष सिंह यादव अपने घर से दिल्ली मजदूरी करने के लिए सूबेदारगंज एक्सप्रेस में सवार होकर जा रहा था। तभी रागौल रेलवे स्टेशन में अचानक गिर गया कर लहूलुहान हो गया। बेहोशी की हालत में स्टेशन अधीक्षक ने यात्री को कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। अस्पताल के फार्मासिस्ट अजय शिवहरे ने बताया की प्राथमिक सूचना पुलिस को दे दी गई है और सघन इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

### बस से उतरते समय यात्री गिरकर घायल

- **सुमेरपुर(हमीरपुर)।** मौदहा से रोडवेज बस में सवार होकर कस्बे आ रहा अधेड़ बस से उतरते समय गिरकर घायल हो गया। बिवांर थाना क्षेत्र के उमरी गांव का निवासी रामकिशोर (50) अपनी पत्नी के साथ मौदहा से महोबा डिपो की बस में सवार होकर कस्बे में आ रहा था। पशु बाजार के समीप यह बस से उतर रहा था। इसी बीच चालक ने अचानक बस को आगे बढ़ा दिया। जिससे रामकिशोर बस से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। गनीमत यह रही कि बस के रुक जाने से यह पहिए के नीचे आने से बच गया। यात्री के बस से गिरकर घायल हो जाने से बस में सवार यात्रियों ने चालक के साथ मारपीट कर दी। सूचना मिलने पर क्राइम इंस्पेक्टर रामकुमार यादव मौके पर पहुंचे और घायल को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया।

## अवैध खनन कर रहे पट्टाधारक पर रिपोर्ट

**राठ (हमीरपुर)।** हमीरपुर के खान निरीक्षक पंकज कुमार ने बताया कि चिकासी थाना क्षेत्र के चंदवारी घुरौली में स्थित डिजियाना इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक तेजेंद्र पाल सिंह निवासी विष्णुपुरी इंदौर मध्य प्रदेश के द्वारा स्वीकृत खंड संख्या 26/6 के क्षेत्र के बाहर 26/7 में भारी भरकम पोकलैंड मशीनों से बालू का अवैध खनन किया जा रहा था। बताया कि उन्होंने निरीक्षण के दौरान दोनों पोकलैंड मशीनों को जब्त कर लिया है। पट्टाधारक तेजेंद्र पाल सिंह के विरुद्ध चिकासी थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। अधिकारियों का कहना है कि अवैध खनन करने वालों पर कार्रवाई होती रहेगी।



हज यात्रा को रवाना होते जायरीन। अमृत विचार

## जायरीनों का दूसरा जत्था मक्का रवाना

कार्यालय संवाददाता,बांदा

● 13 हज यात्रियों को फूल माला पहना कर किया रुखसत

**अमृत विचार।** हज यात्रियों का दूसरा जत्था मक्का मदीना के लिए रवाना हुआ। इस दौरान हज पर जाने वाले जायरीनों को फूल माला पहना कर रुखसत किया गया। मुल्क में अमन चैन, शांति, प्रेम भाईचारे और सफर की आसानी की लिए विशेष दुआ मांगी गई।

पहले जत्थे में 27 हज यात्रियों की 15 मई को रवानगी हो चुकी है, 13 हाजियों का दूसरा जत्था मुस्लिम पर्सनल लॉ ऑफ इंडिया सदस्य व भाजपा नेता आरिफ खान की अगुवाई में मदीना के लिए रविवार को रवाना हुआ। 24 मई तक हज जाने वाले जायरीन जाएंगे। मक्का जाने वाले जायरीनों आरिफ खान, अब्दुल रज्जाक, मारिया खातून, मलिक अहमद, नफीस अहमद, रुखसाना बेगम, आरिफ हसन, मोहम्मद तारिक, हाशमी बेगम, मुबारक अली, फात्मा बेगम, मोहम्मद शारिक, इस्लाम, महजबीन फात्मा को फूल माला पहना कर रुखसत किया गया। मुल्क में अमन चैन, शांति, प्रेम भाईचारे और सफर की आसानी की लिए विशेष दुआ मांगी गई। हाजी फसीउल्ला खान, राजदा खातून, बुशरा फातिमा, अरमा खान, सईद अहमद, हाजी लियाकत अली, इमरान अली राजू, हाजी रसीद रोमा मुंबई, पैरा मेडिकल कालेज चेयरमैन मकबूल अली खान, डा.जरीना खातून, अब्दुल रशीद सिद्दीकी हमजा भाई, मुफ्ती सफीकुद्दीन, हाजी शब्बीर बबलू, हस्सान मसूदी, फैयाज आतिशबाज, राशिद आतिशबाज उपस्थित रहे।

# त्रिकोणीय मुकाबले में फंसी बांदा-चित्रकूट संसदीय सीट

- हिंदुत्व और पिछड़ी जातियों के साथ भाजपा को मिल रहा सर्वसमाज का साथ
- अपने समाज की सर्वाधिक संख्या बल के दम पर तेजी से दौड़ रहा बसपा का हाथी
- पीडीए की ताकत के आधार पर लड़ाई में मजबूती से डटा सपा-कांग्रेस गठबंधन

कार्यालय संवाददाता,बांदा


**अमृत विचार।** पांचवें चरण में बांदा-चित्रकूट सीट का मतदान 20 मई को होना है। जिला निर्वाचन ने चुनावी तैयारियों को पूरा कर लिया है और पोलिंग पार्टियों को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतदान केंद्रों के लिए रवाना कर दिया है। उधर सभी सियासी दलों के सूरमा अपनी अपनी गुणा गणित फिट करने में जुटे हुए चुनावी समीकरणों की बात करें तो बांदा-चित्रकूट संसदीय सीट त्रिकोणीय मुकाबले में फंसती दिख रही है।

भाजपा प्रत्याशी जहां हिंदुत्व के मुद्दे और पिछड़ी जातियों के साथ सर्वसमाज को अपना मानकर मुकाबले में आगे बता रहे हैं, वहीं बसपा उम्मीदवार सर्वाधिक संख्या बल की दम पर लड़ाई को रोचक बना रहे हैं। जबकि सपा-कांग्रेस गठबंधन के प्रत्याशी अपनी पीडीए की ताकत के आधार पर चुनावी संघर्ष में मजबूती से पैर टिकाए हुए हैं। हालांकि कोई भी सियासी सूरमा मतदाताओं का मूड समझने में सफल नहीं हो पा रहा है। मतदाताओं की चुप्पी सभी उम्मीदवारों की धड़कनें बढ़ाने के लिए काफी है।

बांदा-चित्रकूट संसदीय सीट के लिए 20 मई को होने वाले मतदान के बाद दर्जनभर उम्मीदवारों की किस्मत का फैसला ईवीएम मशीन में बंद हो जाएगा। लंबे समय तक चले प्रचार अभियान में जहां सभी सियासी दलों के नेताओं ने अपनी पूरी जोर आजमाइश की है। वहीं जनसंपर्क अभियान में भी प्रत्याशियों और उनके समर्थकों ने दिन रात एक कर दिया और जमकर पसीना बहाया है।

उधर चुनावी समीकरणों की बात करें तो भाजपा उम्मीदवार आरके सिंह पटेल अपने साथ अन्य पिछड़ा वर्ग के साथ सर्वसमाज के समर्थन की दम पर खुद को सबसे आगे मान रहे हैं। जबकि भाजपा के बड़े नेता हिंदुत्व को अपना सबसे बड़ा हथियार मानकर वोट मांग रहे हैं। भाजपा के दिग्गज भी जनसभाओं से राम मंदिर, मुस्लिम आरक्षण और पाकिस्तान जैसे मुद्दों को उछाल कर वोट के ध्रुवीकरण का खेल रहे हैं। उधर बसपा उम्मीदवार मयंक द्विवेदी दलित-ब्राह्मण गठजोड़ की दम पर तेजी से आगे बढ़ रहे हैं।

लोकसभा के जातीय समीकरण की बात करें तो यहां सर्वाधिक संख्या ब्राह्मणों और दलितों की ही है। बसपा के मयंक को अन्य जातियों का भी समर्थन मिल रहा है। ब्राह्मण-दलित और अन्य जातियों के समर्थन की दम पर बसपा का हाथी से तेजी से दौड़ लगाता दिख रहा है। जबकि सपा-कांग्रेस गठबंधन की उम्मीदवार कृष्णा पटेल पीडीए के समर्थन से आगे बढ़ रही है। उन्हें एकमात्र महिला उम्मीदवार होने का भी फायदा मिलता दिख रहा है। कुल मिलाकर लोकसभा का चुनावी खेल त्रिकोणीय संघर्ष के बीच फंसता दिख रहा है। 4 जून को होने वाली मतगणना के बाद ही चुनाव की असली तस्वीर साफ हो सकेगी।



भाजपा उम्मीदवार आरके पटेल, बसपा के मयंक द्विवेदी और सपा से कृष्णा देवी पटेल।




### सियासी सूरमाओं ने की जी-तोड़ मेहनत

■ लोकसभा चुनाव के दौरान प्रचार अभियान में सत्ताधारी भाजपा सबसे आगे रही। सत्ताधारी भाजपा ने जहां दिग्गजों की लंबी फौज मैदान में उतार रखी थी, वहीं सपा-बसपा के भी बड़े नेताओं ने जनसभा करके लोगों को रिझाने का प्रयास किया है। भाजपा की ओर से राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, डिप्टी सीएम बृजेश पाठक, केशव प्रसाद मौर्य, कैबिनेट मंत्री संजय निषाद, एके शर्मा, राज्यमंत्री रामकेश निषाद जैसे दर्जनों दिग्गजों ने मतदाताओं का मूड समझा और भाजपा के लिए समर्थन मांगा। वहीं प्रचार अभियान के अंतिम दिन देश के गृहमंत्री अमित शाह ने यहां जनसभा करके लोगों का भाजपा के पक्ष में मतदान का आह्वान किया। उधर सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी समेत सभी जनप्रतिनिधि क्षेत्र की गलियों में खाक छानते रहे। वहीं बसपा सुप्रीमो मायावती और सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने भी जनसभा करके अपने उम्मीदवारों को जिताने की अपील की।

### वर्ग विशेष के मतदाताओं पर टिका दारोमदार

❍ लोकसभा क्षेत्र में करीब एक लाख से अधिक की संख्या में मौजूद वर्ग विशेष मतदाताओं की रुख अभी स्पष्ट नहीं हो पा रहा है। कभी सपा तो कभी बसपा के साथ जाने वाला वर्ग विशेष का वोटर इस बार भी असमंजस की स्थिति से जूझ रहा है। वर्ग विशेष के मतदाताओं को सपा और बसपा दोनों ही पार्टियां अपने पक्ष में करने के लिए खासी मशक्कत करती दिख रही हैं। लेकिन उनकी चुप्पी दोनों सियासी दलों के दिग्गजों की धड़कनें बढ़ा रही हैं। भाजपा जहां हिंदुत्व के साथ मोदी-योगी सरकार की उपलब्धियों को गिनाकर वोटर्स को रिझा रही है, वहीं विपक्षी पाटियां हिंदू-मुस्लिम गठजोड़ और मौजूदा सरकार की खामियों को आधार बनाकर वोट मांगने का काम कर रही है।

# वोट की ताकतः नेता जी का 'लक' ईवीएम में होगा 'लॉक'

## 1389 मतदान केंद्रों में आज 13 लाख से ज्यादा मतदाता डालेंगे वोट, पोलिंग पार्टियां पहुंचीं, डीएम और एसपी ने दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता,बांदा

**अमृत विचार।** 18वीं लोकसभा चुनाव में अपना नुमाइंदा भेजने के लिए इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) का बटन दबाने की शुभ घड़ी आ ही गई। बांदा और चित्रकूट जनपद के 13,33,432 पंजीकृत मतदाताओं को यह सुनहरा मौका हाथ आया है। उधर, सांसद बनने का सपना संजोए 12 प्रत्याशियों की किस्मत सोमवार को ईवीएम में कैद हो जाएगी।

रविवार को तड़के से ही तिंदवारी रोड स्थित मंडी समिति में पोलिंग पार्टियां रवाना करने की धूम रही। सुबह मतदान कर्मियों को ड्यूटी आदेश दिए गए। इसमें उन्हें बताया गया कि उनकी ड्यूटी किस विधान सभा क्षेत्र के बूथ में लगी है। फिर कुछ देर बाद उन्हें ईवीएम और मतदान संबंधी अन्य सामग्री सौंपकर बसों पर रवाना किया गया। सुबह से शाम तक 1389 पोलिंग पार्टियां अपने-अपने बूथों पर पहुंच चुकी थीं। हरेक पोलिंग पार्टी में एक पीठासीन अधिकारी और चार मतदान अधिकारी शामिल हैं। उनके साथ छह सुरक्षा कर्मी भी भेजे गए। सोमवार को यह पोलिंग पार्टियां सुबह 7 से शाम 6 बजे तक वोट डलवाएंगी। जिन मतदान केंद्रों में 1200 से अधिक मतदाता हैं वहां पर एक अतिरिक्त मतदान कर्मी तैनात किया गया है। उधर, मतदान कर्मियों के लिए अधिग्रहीत की गईं कुछ बसों की हालत खस्ता रही। इससे मतदान कर्मियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। वहीं कुछ बसें ऐसी रहीं कि मतदान कर्मियों को धक्का लगाना पड़ा। महिला मतदान कर्मियों को सबसे ज्यादा मुसीबतों का सामना करना पड़ा।

पांचवें चरण मतदान के लिए जिले में 20 मई (सोमवार) को जिले की तीन विधान सभा क्षेत्रों में 1389 मतदान केंद्रों में 13,33,432 मतदाता वोट डालेंगे। इनमें बबेरू विधान सभा क्षेत्र के 350 पोलिंग बूथों में 3,42,747, नरैनी विधान सभा क्षेत्र के 375 मतदान केंद्रों में 3,50,482 और बांदा सदर विधान सभा क्षेत्र में 320 मतदान केंद्रों पर 3,15,062 मतदाता पंजीकृत हैं। तीन विधान सभा क्षेत्रों के 13,33,432 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इनमें 7,25, 625 पुरुष और 6,07,768 महिला मतदाता शामिल हैं। तिंदवारी में 346, बबेरू विधान सभा में 350, नरैनी में 373 और बांदा सदर विधान सभा क्षेत्र में 320 मतदेय स्थल हैं।



पोलिंग पार्टियों की व्यवस्थाएं देखतीं डीएम। अमृत विचार



मंडी समिति से ईवीएम लेकर जाते मतदान कर्मी। अमृत विचार

### हरेक पोलिंग पार्टी को ऑनलाइन मिलेंगे 4350 रुपये

चार सदस्यीय पोलिंग पार्टी को 4350 रुपये आनलाइन खाते में मिलेंगे। इसमें पीठासीन अधिकारी को 1550, प्रथम मतदान अधिकारी को 1150, द्वितीय मतदान अधिकारी को 900, तृतीय मतदान अधिकारी को 700 रुपये दिए जाएंगे। 1200 से अधिक मतदाताओं वाले (टूबी बूथ) में 5 सदस्यीय पोलिंग पार्टी को कुल 5100 रुपये दिए जाएंगे। इसमें शामिल एक अतिरिक्त कर्मी को 900 रुपये मिलेंगे। साथ ही पोलिंग पार्टियों को एक-एक मेडिकल किट दी जाएगी। इसमें बुखार, दस्त, उल्टी आदि की दवाएं, बैंडेज, ओआरएस, पुदीन हरा की गोलियां आदि शामिल हैं।

### शर्बत पिलाकर रवाना किए गए मतदान कार्मिक

❍ जनपद में सोमवार को होने वाले मतदान के लिए रविवार को मंडी समिति स्थल में पुलिस बल एवं पोलिंग पार्टियों को शीतल जल व नीबू पानी व शरबत पिलाकर मतदान केंद्रों के लिए रवाना किया गया। मंडी स्थल में यह कार्यक्रम पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के दिशा निर्देशन में किया गया। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक लक्ष्मी निवास मिश्र तथा सभी क्षेत्राधिकारी मौजूद रहे। यह व्यवस्था वर्तमान समय में पड़ रही भीषण गर्मी को ध्यान में रखकर की गई हैं, ताकि मतदान के लिए रवाना हो रहे कर्मचारी राहत पा सके।

### बांदा-चित्रकूट संसदीय क्षेत्र में मतदाता

| विधान सभा | पुरुष | महिला | थर्ड जेंडर | कुल मतदाता |
|---|---|---|---|---|
| बबेरू | 1,89,757 | 1,54,592 | 12 | 3,44,361 |
| नरैनी | 1,89,668 | 1,60,805 | 9 | 3,50,482 |
| बांदा | 1,69,918 | 1,45,132 | 12 | 3,15,062 |
| कुल योग | 7,25,625 | 6,07,768 | 39 | 13,33,432 |

### पोलिंग पार्टियों ने बूथ पर संभाला मोर्चा

■ बांदा-चित्रकूट लोकसभा सीट के लिए होने वाले मतदान के लिए नगर समेत तीनों विधान सभा क्षेत्रों में बनाए गए मतदेय स्थलों पर पोलिंग पार्टियों ने शाम को पहुंच कर व्यवस्था संभाल ली। पोलिंग पार्टियों ने मतदान से पूर्व अपनी सभी तैयारियां पूरी कर ली। उधर स्थानीय प्रशासन ने सभी बूथों पर मतदान को लेकर व्यवस्था चाकचैबंद कर दी। शहरी क्षेत्र में कई ऐसे मतदान केंद्र हैं जहां पर आधा दर्जन से ज्यादा मतदेय स्थल हैं। शहरी क्षेत्र से जुड़े लेखपालों ने अपनी टीम के साथ नगर के सभी मतदान केंद्रों के बूथों पर बेरीकेडिंग तथा जहां धूप की संभावना थी वहां पांडाल लगवाने की व्यवस्था की। दोपहर बाद जिला मुख्यालय से पोलिंग पार्टियों का आना शुरू हो गया। पोलिंग पार्टियों ने सबसे पहले अपने ठहरने की व्यवस्था देखी इसके बाद मतदान से पूर्व अपनी पूरी तैयारियां करनी शुरू कर दी। काम निपटाने के बाद जहां कुछ मतदानकर्मियों ने ताश खेलकर टाइम पास किया। वहीं कुछ ने आराम फरमाया तो कुछ बाजार घूमने निकल गए। कुछ वहीं बूथ पर ही आपस में बतियाते रहे। लोगों को धूप से बचाने के लिए कई मतदान केंद्रों पर पांडाल लगवाए गए हैं।

## प्रेक्षक, आयुक्त व डीएम ने पोलिंग पार्टी रवानगी का निरीक्षण किया

कार्यालय संवाददाता,बांदा

● पोलिंग पार्टियों को निष्पक्ष होकर मतदान कराने के निर्देश

**अमृत विचार।** सामान्य प्रेक्षक वी कलाईराशि, आयुक्त बालकृष्ण त्रिपाठी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दुर्गाशक्ति नागपाल ने लोकसभा का चुनाव सकुशल संपन्न कराए जाने के लिए मंडी समिति स्थल से मतदान पोलिंग पार्टियों को सामग्री लेकर मतदान कार्य संपन्न कराने के लिए कार्मिकों की रवानगी का निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

उन्होंने निर्देश दिए कि सभी पोलिंग पार्टियां अपने सभी कर्मियों के साथ निर्धारित बसों में ही मतदान केंद्रों के लिए रवाना होंगी। इस बीच सेक्टर व जोनल मजिस्ट्रेटों को निर्देश दिए कि वह पोलिंग पार्टियों को समय से मतदान केंद्रों में पहुंचाने का कार्य सुनिश्चित करें। इस दौरान पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल, अपर जिलाधिकारीध्उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार, अपर जिलाधिकारी न्यायिक अमिताभ यादव, मुख्य विकास अधिकारी ध् प्रभारी अधिकारी कार्मिक वेद प्रकाश मौर्य, अपर पुलिस अधीक्षक लक्ष्मी निवास मिश्रा समेत सम्बन्धित एआरओ, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी संजीव बघेल एवं अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

| प्रत्याशी | पार्टी | चुनाव चिह्न |
|---|---|---|
| आरके पटेल | भाजपा | कमल का फूल |
| मयंक द्विवेदी | बसपा | हाथी |
| कृष्णा देवी पटेल | सपा | साइकिल |
| गुलाब चंद्र वर्मा | राष्ट्र उदय पार्टी | ट्रक |
| दिनेश कुमार पटेल | सरदार पटेल सिद्धांत पार्टी | कटहल |
| पंचा उर्फ पंचमलाल | भागीदारी पार्टी | |
| प्रमोद आजाद | अपना दल कमेरावादी | लिफाफा |
| बाबूलाल | लोग पार्टी | बक्सा |
| रामचंद्र सरस | कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया | बाल और हंसिया, |
| श्रीराम सिंह गौर | भारतीय शक्ति चेतना पार्टी | बांसुरी |
| सुरेंद्र कुमार | स्वतंत्र जनता राज पार्टी | झूला |
| रामचरन | निर्दलीय | क्रेन |

## छात्र को पीटकर हाथ-पैर तोड़े

**नरैनी।** कोचिंग पढ़ने जा रहे छात्र दबंगों ने रास्ते में रोकर बेरहमी से पीटकर लहूलुहान कर दिया। पिटाई से उसके हाथ और पैर टूट गया। पीड़ित ने कोतवाली में दबंगों के खिलाफ तहरीर दी है।

कालिंजर थाना क्षेत्र के नौगवां गांव के मजरा सुलखान का पुरवा निवासी रमजनी पुत्र रज्जब ने क्षेत्राधिकारी को दी तहरीर देकर बताया की उसका पुत्र हजरत अली शाम को नौगवा गांव में कोचिंग पढ़ने गया था। कुछ देर बाद लोगों ने पुत्र के सड़क पर बेहोश और लहूलुहान पड़ा होने की जानकारी दी। खबर पाकर वह घटनास्थल पहुंच तो पुत्र के मुंह में बालू ठुसी और नाक से खून निकल रहा था। घटना की सूचना गुढ़कला चैकी में देकर पुत्र को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर आए।

यहां हालत गंभीर बताकर उसे मुख्यालय स्थित रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। इलाज के बाद होश आने पर बताया कि गांव के ही एक दबंग ने अपने साथियों की मदद से उसकी बेहरमी से पिटाई की। मारपीट में बायां हाथ व दाहिना पैर टूट गया। पीड़ित ने पुलिस क्षेत्राधिकारी से दबंग के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है।

## किसान की तालाब में डूबकर मौत

**बांदा।** गिरवां थाना के छिबांव गांव निवासी भूपेंद्र उर्फ भूरा (65) पुत्र रामसजीवन रविवार सुबह भैंस को पानी पिलाने गांव स्थित तालाब गया था। अचानक पैर फिसलने से वह तालाब के गहरे पानी में डूबकर लापता हो गया।

आसपास खेल रहे बच्चों ने शोर मचाया तो ग्रामीण बचाने आ गए। कुछ देर तलाश के बाद ग्रामीणों ने उसका शव तालाब से बाहर निकाला। मृतक के पुत्र रामबाबू ने बताया कि पिता के नाम ढाई बीघा जमीन है।

## छह माह तक किया यौन शोषण

**बांदा।** मोबाइल बनवाने जाने पर दुकानदार ने अश्लील फोटो बना युवती को छह माह तक ब्लैकमेल कर दुष्कर्म किया। उसे मंदिर में ले जाकर मांग भरी, बाद में शादी करने का झांसा देता रहा। बाद में युवती को अपने साथ रखने से इनकार कर दिया। पीड़िता ने तहरीर दी है।

तिंदवारी थाना क्षेत्र के एक मुहल्ला निवासी 24 वर्षीय युवती छह माह पहले खराब मोबाइल बनवाने कस्बा स्थित रिपेयरिंग दुकान गई थी। इसी थाना क्षेत्र के भुजरख गांव निवासी शुभम ने मोबाइल बनाते समय उसकी कुछ फोटो निकालकर अश्लील बना दी। बाद में अश्लील फोटो दिखाकर वह युवती को ब्लैकमेल कर उसके साथ दुष्कर्म करता रहा। कुछ दिनों पहले मुख्यालय स्थित शहर कोतवाली क्षेत्र के इंदिरा नगर निवासी दोस्त के घर पर स्थिथ मंदिर में उसकी मांग भरकर शादी का झांसा देने लगा। इस बीच वह युवती के साथ यौन शोषण करता रहा। युवती के मुताबिक शादी का दबाव बनाने पर वह टालता रहा। युवती ने थाने में युवक के विरुद्ध तहरीर दी। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। जांच-पड़ताल के बाद आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।



निशान यात्रा निकालते खाटू श्याम के भक्त। अमृत विचार

हाल-बेहाल

एडीजे व किशोर न्याय बोर्ड प्रधान मजिस्ट्रेट ने बाल संप्रेक्षण गृह का किया निरीक्षण

## रसोईघर में गंदगी मिलने पर जताई नाराजगी, दी हिदायत

कार्यालय संवाददाता,बांदा

● गर्मी से बचाव को बाल संप्रेक्षण गृह में एसी लगवाने के निर्देश
● खेलकूद का सामान मुहैया कराने के दिए निर्देश

**अमृत विचार।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष व जिला जज डा.बब्बू सारंग के निर्देश पर चित्रकूट स्थित बाल संप्रेक्षण गृह का निरीक्षण करते हुए अपर जिला जज व किशोर न्याय बोर्ड प्रधान मजिस्ट्रेट ने संयुक्त रूप से निरीक्षण करते हुए व्यवस्थाओं का जायजा लिया। संस्था प्रभारी व वरिष्ठ लिपिक को बाल अपचारियों को गर्मी से बचाव के लिए एयर कंडीशन लगवाने के निर्देश दिए। रसोई घर में गंदगी मिलने पर नाराजगी जताते हुए नियमित सफाई को कहा। बाल अपचारियों के लिए खेलकूद का सामान मुहैया कराने के निर्देश दिए।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव व अपर जिला जज श्रीपाल सिंह, प्रधान मजिस्ट्रेट व सिविल जज सीनियर डिवीजन (त्वरित न्यायालय) और किशोर न्याय बोर्ड वरुणा वशिष्ठ ने संयुक्त रूप से चित्रकूट स्थित बाल संप्रेक्षण गृह का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान 41 बाल अपचारी मिले। बांदा के कुल 17 बाल अपचारी भी मिले। किशोर न्याय बोर्ड प्रधान मजिस्ट्रेट ने संस्था प्रभारी व वरिष्ठ लिपिक वीर सिंह को जिला प्रोबेशन अधिकारी से पत्राचार करते हुए एयर कंडीशन लगवाने के निर्देश दिए। बाल संप्रेक्षण गृह समेत रसोई घर में सफाई न मिलने पर नाराजगी जताई।

संस्था प्रभारी को नियमित सफाई रखने के निर्देश दिये। बाल संप्रेक्षण गृह में चित्रकूटधाम मंडल के बांदा, चित्रकूट, महोबा और हमीरपुर के अलावा प्रतापगढ़, प्रयागराज व मेरठ जिलों के बाल अपचारी मिले।



निरीक्षण करते न्यायिक अधिकारी। अमृत विचार

## धूमधाम से निकाली गई खाटू श्याम निशान यात्रा, जगह-जगह स्वागत

कार्यालय संवाददाता, बांदा

● लोगों से शत-प्रतिशत मतदान का किया आह्वान

**अमृत विचार।** बाबा खाटूश्याम मंडल द्वारा हर माह की भांति इस माह भी रविवार को शुल्क पक्ष की मोहिनी एकादशी को विशाल पैदल निशान यात्रा निकाली गई। जिसमें बड़ी संख्या में भक्तगण मौजूद रहे। श्रद्धालुओं ने सोमवार को होने वाली वोटिंग में शत-प्रतिशत मतदान का आह्वान किया।

एकादशी पर निकाली गई खाटूश्याम पैदल निशान यात्रा के अध्यक्ष मोंटू गुप्ता ने यह जानकारी देते हुए बताया कि इस बार 14वीं यात्रा निकाली गई है। इस दौरान हिंदू समाज को एकजुट करने का आहवान किया गया और 20 मई को होने वाले मतदान में प्रत्येक व्यक्ति से शत प्रतिशत मतदान करने की अपील की गई और कहा कि मतदान जरूर दें और सच्चे नागरिक होने का कर्तव्य निभाएं। खाटूश्याम मंडल अध्यक्ष ने बताया कि इस यात्रा को एक साल हो गए हैं और सभी श्याम प्रेमियों का इस कार्यक्रम में काफी स्नेह मिला और अभी भी मिल रहा है। कार्यक्रम में वीरेंद्र गुप्ता, जीतू गुप्ता, अमित गुप्ता, राकेश गुप्ता, रामभेरी पप्पू रत्नेश गुप्ता, राजेश जैन, पिंटू गुप्ता, नरेंद्र सोनी, विष्णु चोरषिया, हरीशंकर, विनोद, शैल गुप्ता, रूबी गुप्ता, प्रियंका गुप्ता, संगीता शिवहरे, सुमन यादव आदि भक्त उपस्थित रहे। इस दौरान तिंदवारी कानपुर से भी भक्त शामिल रहे, जिसमें अमन गुप्ता, शैलेंद्र गुप्ता, शीतल गुप्ता, राकेश गुप्ता आदि लोग बाबा के दरबार में आए।



चुनावी सामग्री लेकर टेंट पर बैठे मतदान कार्मिक।



मतदान पर्ची लेने के लिए जुटी कर्मचारियों की भीड़।



अपनी -अपनी सामग्री लेकर बसों की तरफ जाती पोलिंग पार्टियां। अमृत विचार

# मतदान आज, केंद्रों पर पहुंचीं पोलिंग पार्टियां

## चुनाव ड्यूटी में जाने के लिए पॉलीटेक्निक परसिर सुबह से पहुंच गए मतदान कार्मिक

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** महोबा जिले में लोकसभा चुनाव 2024 के पांचवें चरण के मतदान को लेकर रविवार को राजकीय पॉलीटेक्निक परिसर महोबा से 732 पोलिंग पार्टियां मतदान केंद्रों के लिए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच रवाना हुई। मतदान कार्मिक सुबह से ही पॉलीटेक्निक परिसर पहुंच गए, जहां पर कार्मिकों ने चुनाव सामग्री का मिलान किया और इसके बाद कर्मचारी चुनाव सामग्री लेकर बसों की तरफ रवाना हुए, जहां से सभी मतदान कार्मिकों को बसों से मतदान केंद्रों के लिए रवाना किया गया। पॉलीटेक्निक परिसर में सुबह से ही भारी भीड़ के चलते परिसर खासा गुलजार रहा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने पॉलीटेक्निक पहुंचकर अधिकारियों से बातचीत की और निरीक्षण कर जायजा लिया।

पॉलीटेक्निक परिसर में बनाए गए कैंपों में पीठासीन अधिकारी और मतदान अधिकारियों को ईवीएम मशीन व स्टेशनरी दे दी गई, लेकिन मतदान पर्ची बाद में आने पर सभी मतदान केंद्रों के पीठासीन अधिकारी और मतदान अधिकारी मतदान पर्ची लेने के लिए एक साथ पहुंच गए, जिससे अव्यवस्था फैल गई। बाद में पहुंची पुलिस ने पर्ची लेने वाले कार्मिकों को समझा बुझाकर एक एक करके काउंटर से पर्ची लेने के लिए कहा, इसके बाद कार्मिकों ने स्टेशनरी लेने के बाद दोबारा मतदान पर्ची लेने के लिए पहुंचे, जिससे काफी देर तक लोग मतदान पर्ची लेने को जुटे रहे, जिसके चलते भारी भीड़ जमा रही। मतदान पर्ची मिलने के बाद पोलिंग पार्टियों को मतदान केंद्रों के लिए रवाना किया गया।

20 मई को लोकसभा चुनाव का मतदान संपन्न कराने के लिए राजकीय पॉलीटेक्निक महोबा परिसर से मतदान कार्मिकों को ईवीएम मशीन सहित अन्य चुनाव सामग्री वितरित कर मतदान केंद्रों के लिए पोलिंग पार्टियों को बसों से 732 मतदेय स्थलों के लिए रवाना किया गया। बसों में मतदान कार्मिकों के अलावा पुलिस कर्मचारी चुनाव ड्यूटी में गए। सुबह सात बजे से पॉलीटेक्निक परिसर महोबा पहुंचे मतदान कार्मिक चुनाव सामग्री लेकर चुनाव संपन्न कराने के लिए दोपहर करीब एक बजे तक मतदान केंद्रों के लिए रवाना हुए। पोलिंग पार्टियों की रवानगी को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी सहित जिले के अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



पॉलीटेक्निक परिसर का निरीक्षण करते डीएम। अमृत विचार

- 732 पोलिंग पार्टियां मतदान केंद्रों के लिए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच हुईं रवाना

### निष्पक्ष और शांतिपूर्ण तरीके से होगा मतदान

जिला निर्वाचन अधिकारी मृदुल चौधरी का कहना है कि जिले की दोनों विधानसभाओं सीटों पर लोकसभा चुनाव को शांति और निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराए जाने को लेकर मतदान की सारी तैयारियां पूरी करा ली गई हैं। पोलिंग पार्टियों को चुनाव सामग्री के साथ मतदान केंद्रों पर भेज दिया गया है, जहां पर 20 मई को सुबह सात बजे से मतदान आरम्भ कराया जाएगा।

### मतदान केंद्रों पर रखी गईं मेडिकल किटें

लोकसभा चुनाव में मतदान दौरान मतदान कार्मिकों को गर्मी को देखते हुए प्रत्येक मतदान केंद्रों पर मेडिकल किट की भी व्यवस्था की गई, जिससे जरुरत पड़ने पर ड्यूटी कर रहे कर्मचारी उसका समय से इस्तेमाल कर सकें और त्वरित लाभ ले सकें। मेडिकल किट में ओआरएस, इलेक्ट्रॉल पाउडर, पैरासीटामॉल, पेट दर्द व बुखार की दवाओं के अलावा चोर लगाने पर मरहम पट्टी व दवा का भी इंतजाम किया गया है, जिससे मतदान कार्मिकों को चुनाव ड्यूटी के समय किसी भी तरह की असुविधा न हो सके।

### तेज धूप और लू के थपेड़ों के बीच कार्मिक रहे परेशान

रविवार को भीषण गर्मी और लू के थपेड़ों के बीच 45 .6 डिग्री सेल्सियस के बीच मतदान कार्मिक बूथों के लिए रवाना हुए, जहां पर बिजली चले जाने पर गर्मी से कार्मिकों का बुरा हाल रहा। तेज धूप और आसमान से बरस रही आग के बीच चुनाव ड्यूटी में लगे कर्मचारी सारा दिन पॉलिटेक्निक परिसर में इधर से उधर घूमते रहे, वहीं तमाम कर्मचारी तेज धूप के बीच टेंट के नीचे घंटों पोलिंग पार्टियों के जाने के इंतजार में बैठे रहे, वहीं तमाम पोलिंग पार्टियों के कर्मचारी तपती बस में घंटों बैठे रहे, बाद में पोलिंग पार्टियों के रवाना होने के बाद कर्मचारियों को राहत मिली।

### पति-पत्नी की ड्यूटी लगने से छोटे बच्चों को हुईं दिक्कतें

लोकसभा चुनाव में महिलाओं की ड्यूटी लग जाने से रविवार को सुबह से ही महिलाएं अपने छोटे-छोटे बच्चों को गोद में लेकर राजकीय पालिटेक्निक पहुंच गई और अधिकारियों से ड्यूटी कटवाने के लिए आरजू मिन्नते कर खासी परेशान रहीं, लेकिन अधिकारियों ने किसी की ड्यूटी नहीं काटी। पति पत्नी दोनो की चुनाव ड्यूटी लगाई गई, जिससे वह अपने एक और दो साल के बच्चों की देखभाल के लिए अपने परिजनों को सौंपकर अपने कार्य को अंजाम देने के लिए पहुंची। शासनादेश के मुताबिक पति और पत्नी की ड्यूटी लगने पर एक की ड्यूटी काटी जाती है, लेकिन महोबा में सीडीओ और डीएम से बच्ची को लेकर मिलने के बाद भी ड्यूटी नहीं काटी गई, जिससे शासनादेश का खुलेआम उल्लंघन किया जा रहा है।

# भाजपा, सपा, बसपा समेत 11 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला आज करेंगे मतदाता



सपा प्रत्याशी आजेंद्र सिंह लोधी, बसपा के निर्दोष दीक्षित व भाजपा उम्मीदवार पुष्पेंद्र सिंह चंदेल। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- 6,75918 मतदाता आज करेंगे मतदान, तैयारियां पूरी

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव में भाजपा, सपा-कांग्रेस गठबंधन और बसपा सहित 11 प्रत्याशी चुनाव मैदान में डटे हुए हैं। जिनके भाग्य का फैसला आज ईवीएम मशीनों में कैद हो जाएगा। जिला प्रशासन ने सारी तैयारियां पूरी कर ली है।

जिले में 11 प्रत्याशियों के भाग्य के प्रत्याशियों का फैसला 6,75918 मतदाता मतदान करके करेंगे और सोमवार की शाम को प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला ईवीएम में कैद हो जाएगा। मतदान से पूर्व रविवार की रात को प्रत्याशियों और समर्थकों ने अब शहरी क्षेत्र में घर घर जाकर लोगों ने अपने अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की है। हालांकि प्रत्याशी मतदान से एक दिन पहले भी जनसंपर्क करने में जुटे रहे।

लोकसभा चुनाव में भाजपा से दो बार के विजेता पुष्पेंद्र सिंह चंदेल चुनाव मैदान में डटे हैं, जबकि सपा-कांग्रेस गठबंधन ने पीडीए कार्ड खेलते हुए अजेंद्र लोधी पर दांव लगाया है वहीं बहुजन समाज पार्टी की हाईकमान ने ब्राहम्ण वोटों में सेंधमारी के लिए ब्राहम्ण कार्ड खेलते हुए निर्दोष दीक्षित को बसपा से टिकट देकर उन पर भरोसा जताया है। अलहिन्द पार्टी से धर्मराज, राष्ट्र उदय पार्टी से बृजेंश कुमार पाल, एकलव्य समाज पार्टी से सुरेश कुमार, स्पष्टवादी जन अधिकार पार्टी से संजीव कुमार के अलावा भूवनेंद्र नारायण सिंह, राजेश सिंह और संतोष कुमार निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में डटे हैं। हालांकि चुनाव मैदान में 11 प्रत्याशी भले ही डटे हो, लेकिन मुख्य मुकाबला प्रमुख दलों के बीच ही माना जा रहा है। खास बात यह है कि कांग्रेस सपा गठबंधन के प्रत्याशी और बसपा के प्रत्याशी पहली बार लोकसभा सीट पर अपनी-अपनी किस्मत आजमा रहे हैं, जबकि भाजपा प्रत्याशी इस बार के चुनाव में हैट्रिक लगाने के लिए जी जान से मेहनत कर रहे हैं। यही वजह है कि भाजपा के प्रत्याशी ने अपने पक्ष में हवा बनाने के लिए सबसे पहले एमपीके मुख्यमंत्री मोहनलाल यादव से पनवाड़ी में चुनावी सभा करवाई इसके बाद उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी की चुनावी सभा महोबा के डाकबंगला में कराई और फिर हमीरपुर जिले के राठ में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चुनावी सभा हुई।

# जिला प्रशासन ने चाक चौबंद की तैयारियां

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव में 20 मई को होने वाले मतदान को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदान केंद्रों और बूथों पर सारी व्यवस्थाएं करा दी हैं, जहां पर सोमवार को सुबह सात बजे से मतदान संपन्न कराया जाएगा। जिले की महोबा विधानसभा और चरखारी विधानसभा में 489 मतदान केंद्रों में 732 मतदेय स्थल बनाए गए हैं, जहां पर निष्पक्ष चुनाव के लिए 75 सेक्टर मजिस्ट्रेट, 11 जोनल मजिस्ट्रेट तैनात किए गए हैं। सभी सेक्टर और जोनल मजिस्ट्रेटों ने रविवार को मतदान केंद्रों में पहुंचकर चुनाव ड्यूटी में लगे कर्मचारियों को ड्यूटी का पैसा वितरित किया।

लोकसभा 2024 के चुनाव में जनपद महोबा के 6,75,918 मतदाता 732 मतदेय स्थलों पर अपने मताधिकार का 20 मई को इस्तेमाल करेंगे। चुनाव संपन्न कराने के लिए जिले में 489 मतदान केंद्रों में 732 मतदेय स्थल केंद्र बनाए गए हैं। मतदेय स्थलों पर सभी मतदान कार्मिकों को रविवार को भेज दिया गया है। जो देर शाम तक चुनाव संपन्न होने से पहले ही सारे कागजात व अन्य कार्य पूरे कर लेंगे। 732 मतदेय स्थलों पर 2928 मतदान कर्मचारियों को लगाया गया है। एक एक बूथ पर चार चार मतदान कर्मचारी चुनाव संपन्न कराएंगे, इसके अलावा सुरक्षा की दृष्टि से भारी मात्रा में प्रत्येक मतदान केंद्र पर पुलिस कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

संवेदनशील और अति संवेदनशील मतदान केंद्रों पर पुलिस कर्मचारियों के अलावा एक एक सबइंस्पेक्टर की ड्यूटी लगाई गई है। मतदान को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए निगरानी टीमों का भी गठन किया गया साथ ही सुरक्षा के मद्देनजर अर्द्ध सैनिक बल, मेट्रो आब्जर्वर, सेक्टर मजिस्ट्रेट, जोनल मजिस्ट्रेट, थाना मोबाइल पुलिस जवानों को भी लगाया गया है। इतना ही नहीं उत्तर प्रदेश मध्य प्रदेश सीमा पर भी कड़ी चौकसी के बीच पुलिस बल को तैनात किया गया है। महोबा में 489 मतदान केंद्रों में 732 मतदेय स्थल हैं। निष्पक्ष चुनाव के लिए 75 सेक्टर मजिस्ट्रेट, 11 जोनल मजिस्ट्रेट तैनात किए गए हैं। 83 संवेदनशील है, जबकि 62 अति संवेदनशील पोलिंग सेंटर हैं।



यूपी-एमपी बार्डर पर मौजूद पुलिस बल। अमृत विचार

- जिले के 489 मतदान केंद्रों के 732 मतदेय स्थलों पर कराया जाएगा मतदान

### बैरियर लगाकर यूपी-एमपी की सीमाएं की सील

लोकसभा चुनाव को लेकर यूपी एमपी की सीमाओं पर बैरियर लगाकर सील कर दिया गया है, जिसके चलते बसों व अन्य वाहनों के आवागमन पर रोक रहेगी। आपातकालीन स्थिति में एक प्रांत से दूसरे प्रांत को जाने वाले वाहनों की चेकिंग करने के बाद वाहनों की इंट्री और वीडियोग्राफी करने के बाद ही उन्हें निकाला जाता है, जिसके चलते महोबा से छतरपुर वाया नौगांव होते हुए झांसी आने जाने वाले मरीजों और तीमारदारों को दो दिनों तक खासी मशक्कत का सामना करना पड़ेगा।

### चुनाव के लिए लगाए गए 4500 पुलिस के जवान

लोकसभा चुनाव में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन ने सारे इंतजाम कर लिए हैं। पोलिंग पार्टियों के साथ पुलिस बल को भी प्रत्येक मतदान केंद्र के लिए रवाना किया गया है। चुनाव में किसी भी तरह की अव्यवस्था न फैल सके इस इसके लिये जिले के फोर्स के अलावा बाहरी फोर्स भी मंगा लिया गया है। पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता ने बताया कि चुनाव में लगभग 4500 जवान की व्यवस्था की गई है।

## पांच दिन में 35 फीसद कार्डधारकों को मिला खाद्यान्न

**जैतपुर।** विकासखंड जैतपुर के ग्रामीण क्षेत्रों में इस माह सर्वर की समस्या के चलते राशनकार्ड धारकों को खाद्यान्न मिलपाना मुश्किल हो गया है। हालत यह है कि पांच दिन से राशन वितरण का कार्य चलने के बाद भी अभी तक मात्र 35 फीसदी लोगों को खाद्यान्न का वितरण हो सका है। जबकि पूर्व के महीनों में पांच दिन में 60 फीसदी से ज्यादा खाद्यान्न वितरित हो जाता था।

सरकार द्वारा पात्र गृहस्थी और अंत्योदय कार्ड धारकों को हर माह निःशुल्क प्रति यूनिट तीन किग्रा चावल और दो किग्रा गेहूं वितरित किया जाता है, जिससे राशन कार्डधारक निःशुल्क खाद्यान्न पाने के लिए राशन की दुकानों में कई कई बार चक्कर लगा रहे हैं। कभी सर्वर फेल तो कभी धीमी गति से नेट चलने के कारण खाद्यान्न वितरण का कार्य भी मंद गति से चल रहा है, जिससे राशन लेने के लिए पहुंचने वाले आधा से कम राशन कार्डधारकों को ही राशन का वितरण हो पाता है तथा शेष कार्ड धारक बिना राशन लिए बैरंग घर लौट जाते हैं।

# यूपी-एमपी की यात्रा हुई ठप

संवाददाता कार्यालय, महोबा

- यूपी-एमपी की सरहद पर चार पहिया वाहनों को चेकिंग के बाद मिली अनुमति
- बसें न चलने से यात्रियों को भारी दिक्कतों का करना पड़ रहा है सामना

**अमृत विचार।** जिले में लोकसभा चुनाव को लेकर रोडवेज के अलावा प्राइवेट बसों को अधिग्रहीत किए जाने से रविवार को जिले की सरहद से सटे मध्य प्रदेश के लिए वाहनों का आवागमन ठप रहा। यात्रियों को बसें न मिलने से यात्री मध्य प्रदेश के विभिन्न जिलों और कस्बों की यात्रा नहीं कर सके, वहीं एमपी मार्ग पर पड़ने वाले जिले के श्रीनगर सहित तमाम गांव के ग्रामीणों को भी बसें न चलने से भारी असुविधा हुई। दूसरे जनपदों से मध्य प्रदेश जाने के लिए आए लोगों को भी वाहन न मिलने पर इन्हें चार पहिया वाहन बुक कराकर गन्तव्य स्थानों तक पहुंचना पड़ा। हालांकि यूपी एमपी सरहद पर लगे बैरियर में भी उनसे काफी पूछताछ करने के बाद ही जाने दिया गया। वहीं प्राइवेट बसे न चलने से प्राइवेट बस स्टैंड में सारा दिन सन्नाटा पसरा रहा।

गौरतलब है कि जिला मुख्यालय के प्राइवेट बस स्टैंड से खजुराहो, नौगांव, छतरपुर, ग्वालियर, पन्ना, रीवा, सतना सहित तमाम मध्यप्रदेश के जिलों और कस्बों में प्राइवेट बसों का संचालन होता है।



प्राइवेट बस स्टैंड पर पसरा सन्नाटा। अमृत विचार

मध्यप्रदेश के लिए एकाध रोडवेज बस ही चलती है, जिससे यात्री पूरी तरह से प्राइवेट बसों पर आश्रित रहते हैं, लेकिन लोकसभा चुनाव के चलते प्राइवेट बसों को चुनाव में लगाए जाने से रविवार को बसों का आना जाना पूरी तरह से ठप रहा, जिसके चलते तमाम लोग चार पहिया वाहनों से मध्यप्रदेश के छतरपुर नौगांव, लवकुश नगर, खजुराहो आते जाते दिखाई दिए, लेकिन जिले की सरहद पर लगे आधा दर्जन बैरियर पर तैनात बाहरी पुलिस बल ने सघन चेकिंग के बाद यात्रियों के वाहनों को लिखा पढ़ी करने के बाद जाने दिया, जिससे यात्रियों को खासी मशक्कत करनी पड़ी। बैरियर पर तैनात पुलिस ने बाइक सवारों की भी चेकिंग करने के बाद बैरियर से निकलने की अनुमति दी।

**उफ! ये गर्मी** तापमान पहुंचा 46 डिग्री सेल्सियस, जरूरत पर ही घरों से निकल रहे लोग

# आसमान से बरसी आग, पसीना-पसीना हुए लोग

कार्यालय संवाददाता महोबा

**अमृत विचार।** पिछले तीन से आसमान से बरस रही आग और लू के थपेड़ों ने लोगों का जीना दुश्वार कर दिया है, न घर में चैन न बाहर सुकून मिल रहा है, लोग गर्मी से बुरी तरह परेशान है। कूलर काम नही कर रहे है पंखे गर्म हवाएं फेंक रहे है। ऐसी स्थिति में लोगों को प्रतिष्ठानों, घरों और दुकानों के अन्दर चैन नहीं मिल रहा है। उमस भरी गर्मी से लोग बेहाल हो गये है। तापमान 46 डिग्री सेल्सियस पहुंच जाने से लोग घरों से नहीं निकल रहे हैं। बढ़ते तापमान के चलते एसी भी ठीक से काम नहीं कर रहे, जिससे लोगों का गर्मी से बुरा हाल है।

आग उगल रही गर्मी पूरे शबाब पर पहुंच गई है। हालत यह है कि सुबह नौ बजे से ही गर्मी अपने तीखे तेवर दिखाना शुरू कर देती है, जिसके चलते सड़कों पर दोपहर के समय सन्नाटा छा जाता है। लोग घरों से बाहर नहीं निकल रहे हैं, शाम को पांच बजे शहर में चहल पहल बढ़ जाती है, लेकिन शाम के समय भी गर्म हवाएं अपना असर दिखाती रहती हैं। उमस भरी गर्मी आजकल लोगों को परेशान किये हुये है। आसमान से समझो इस समय आफत बरस रही है। लोगो को गर्मी से निजात नहीं मिल पा रही है, मौसम गर्म हाने से लोगों को न तो दिन में आराम है ओर न ही रात में चैन। लोगों की रातों की नींद हराम हो गई है। मौसम के बदले मिजाज ने आम आदमी को हलकान करके रख दिया है। मई माह में पड़ रही गर्मी ने पिछले दस साल के सारे रिकार्ड तोड़ दिए हैं। तेज धूप और लू के थपेड़े चलने से लोगों के घरों से न निकलने के कारण बाजार में सारा दिन सन्नाटा पसरा रहता है, जिससे दुकानदार भी आज कल हाथ पर हाथ धरे बैठे रहते हैं। शाम के समय लस्सी और ठंडे की दुकानों में लोगों की भीड़ जरूर देखने को मिल रही है।



बच्चों को धूप से बचाने के लिए आंचल व स्टॉल में छिपा कर जाती महिलाएं। अमृत विचार

## झोपड़ी में चाय बनाने गई महिला को सांप ने काटा, मौत

**महोबा।** थाना अजनर के ग्राम स्यावन में खेत में परिवार के लोग तड़के सुबह से गुम्मे पाथ रहे थे, जबकि महिला घर पर चाय बनाने के लिए गई थी। काफी देर तक महिला के चाय लेकर न आने पर पति काम छोड़कर झोपड़ी पहुंचा, जहां पर महिला सांप के काटने के बाद जमीन पर पड़ी थी। पति को देखते ही सांप वहां से निकला इस पर वह उसे स्वास्थ्य केंद्र अजनर ले गया, जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

ग्राम स्यावन निवासी भुवानीदीन अपनी पत्नी राजरानी (58) के साथ लखौरा मौजा के खेत पर झोपड़ी बनाकर रहता है और तड़के सुबह चार बजे से परिवार के साथ ईंट पाथने में जुट जाते हैं। रविवार की सुबह सभी लोग गुम्मा पाथ रहे थे। सुबह छह बजे राजरानी झोपड़ी में चाय बनाने के लिए गई और काफी देर तक वापस न लौटने पर उसका पति झोपड़ी में पहुंचा, जहां पर पत्नी जमीन पर पड़ी थी। पति उसे अस्पताल लेकर पहुंचा जहां पर डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# आरोग्य मेले में 158 मरीजों की सेहत जांच कर दी गई दवाएं

संवाददाता कार्यालय, महोबा

**अमृत विचार।** विकासखंड जैतपुर के ग्राम अजनर, खमा और अकौना में मुख्यमंत्री आरोग्य मेला का आयोजन किया गया। मेले में 158 मरीजों की सेहत की जांच कर स्वास्थ्य संबन्धी सलाह दी गई। आरोग्य मेले में ग्रामीणों की भारी भीड़ मौजूद रही, सुबह से ही ग्रामीण मरीजों को लेकर मेले में पहुंचे, जहां पर स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने पहले मरीजों का पंजीयन किया, इसके बाद उपचार किया गया, जो शाम तक चलता रहा। बेलाताल के चिकित्साधीक्षक डॉ. आशीष ने अपनी टीम साथ मरीजों का उपचार किया और निःशुल्क दवाएं वितरित की गईं।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जैतपुर के चिकित्सा अधीक्षक के नेतृत्व में रविवार को ग्राम अजनर, खमा और अकौना के स्वास्थ्य केंद्रों में मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अजनर में 54 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उनका उपचार किया गया। ग्राम आकौना में 53 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, जबकि ग्राम खमा में स्वास्थ्य विभाग की टीम की उपस्थिति में 51 मरीजों का उपचार किया गया।

मरीजों का पहले रजिस्ट्रेशन किया गया, इसके बाद परीक्षण कर उपचार किया गया। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की टीम द्वारा आरोग्य मेले का निरीक्षण किया गया और मरीजों से बातचीत कर इलाज के बाबत जानकारी ली। मरीजों ने इलाज के बाबत संतोष जताया। तीनों केंद्रों में आरोग्य मेले दौरान डॉ. पीएन शर्मा, डॉ. हिमांशी सिंह, डॉ. आशुतोष सोनी डॉ. सुनीता सिंह सहित शैलेंद्र सिंह, जेपी पस्तौर, सुरेंद्र कुमार, एलटी शैलेंद्र, शिल्पी, भागवती, नीतू, अरुणा सहित तमाम लोग मौजूद रहे।




आरोग्य मेले में मौजूद डॉक्टर व अन्य मेडिकल स्टॉफ। अमृत विचार

## पानी भरने जा रहे बाइक सवार की पोल से टकराकर मौत

**महोबा।** मंदिर की सफाई के लिए मोटरसाइकिल में डिब्बा रख कर पानी भरने जाते समय बाइक असंतुलित होकर बिजली के पोल से टकरा गई। जिससे बाइक सवार युवक के सिर पर गंभीर चोटें आने के कारण मोहल्ले वासियों ने उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। लेकिन सिर पर गंभीर चोटे होने पर उसकी जिला अस्पताल में मौत हो गई।

शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला फतेहपुर बजरिया निवासी पीयूष यादव 29 पुत्र हल्काई यादव रविवार को सुबह मंदिर की सफाई के लिए मोटरसाइकिल में डिब्बे रखकर पानी भरने जा रहा था, तभी बाइक असंतुलित होकर सड़क के किनारे लगे बिजली के पोल से टकरा गई, जिससे बाइक सवार जमीन पर गिर कर बेहोश हो गया। सिर पर काफी चोटें आने पर मुहल्लेवासियों ने उसे उठाकर टेंपो से जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां पर डॉक्टर ने उसका चेकअप करने के बाद उपचार शुरू किया लेकिन उसके सिर पर अधिक चोटें होने के कारण मौत हो गई।

# 18.34 लाख वोटर करेंगे 11 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला

## पांचवें चरण के मतदान के लिए 897 पोलिंग पार्टियां केंद्रों पर पहुंचीं, 3548 कर्मी कराएंगे मतदान

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** पांचवें चरण में होने वाले लोकसभा चुनाव के मतदान के लिए सुमेरपुर कस्बे की कृषि उत्पादन मंडी से पोलिंग पार्टियों को रवाना करने का क्रम जारी है। सोमवार को मतदान होगा जिसमें प्रत्याशियों की किस्मत ईवीएम मशीन में कैद हो जाएगी। मतदान के लिए रविवार को जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल पांडेय ने अपनी देखरेख में सुमेरपुर गल्ला मंडी से 897 पोलिंग पार्टियों में 3548 कर्मियों को रवाना कर दिया है।

लोकसभा क्षेत्र में 20 मई सोमवार को मतदान होना है। जिसके लिए सुमेरपुर मंडी परिसर में जिले के आलाधिकारियों ने डेरा डालकर पोलिंग पार्टियों को रवाना किया। जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल पांडेय की निगरानी में मतदान में लगाए गए पोलिंग एजेंटों एवं कर्मियों को इवीएम मशीनें और चुनाव संबंधी सामग्री सौपी गई। कड़ी सुरक्षा के बीच पोलिंग पार्टियां रवाना की गईं। हमीरपुर में होने वाले मतदान के लिए चुनाव आयोग ने 1221 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। जिसमें 1975 मतदान स्थल हैं। सुरक्षा व्यवस्था के लिए पैरा मिलेट्री फ़ोर्स सहित पुलिस जवानों को तैनात किया गया है। जो शान्ति पूर्ण चुनाव कराने के लिए हथियारों के साथ मौजूद रहेंगे। चुनाव में ईवीएम मशीन खराब हो जाने के चलते अलग से मशीनों की व्यवस्था की गई है। हमीरपुर लोकसभा के 18 लाख 34 हजार मतदाताओं में 843052 महिलाएं और 991352 पुरुष हैं। मतदाता यहां भाजपा, इंडिया गठबंधन और बसपा के प्रत्याशियों की किस्मत का फैसला करेंगे। पुलिस अधीक्षक ने केंद्रीय बल व पुलिस बल को निर्देश दिए कि बूथों पर सतर्कता से ड्यूटी करेंगे। कोई भी अराजकतत्व चुनाव को प्रभावित करता है तो उसकी सूचना तत्काल उच्चाधिकारियों को देंगे। जिस पर अराजकतत्वों के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। चुनाव एक महत्वपूर्ण ड्यूटी है, जिसमें किसी भी पुलिसकर्मी के द्वारा शिथिलता उदासीनता न बरती जाए तथा संपूर्ण मनोयोग से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करेंगे।

सुमेरपुर प्रतिनिधि के अनुसार, जनपद की दोनों विधानसभा सीटों की पोलिंग पार्टियों के लिए 3588 पुलिसकर्मी भेजे गए हैं। हमीरपुर सदर विधानसभा सीट के लिए कुल 455 पोलिंग पार्टियां रवाना की गई है। इन के साथ 1820 पुलिसकर्मी भेजे गए हैं। इसी तरह राठ विधानसभा सीट के लिए कुल 442 पोलिंग पार्टियां रवाना की गई हैं। इन पोलिंग पार्टियों के साथ 1768 पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं। दोनों विधानसभा सीटों की पोलिंग पार्टियों के साथ 3588 पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं। जनपद की दोनों विधानसभा सीटों के कुल 832720 मतदाता है। हमीरपुर विधानसभा सीट पर कुल मतदाता 4 लाख 80 हजार 78 हैं। जबकि राठ विधानसभा में 424642 मतदाता है।


सुमेरपुर मंडी में मतदान केंद्रों पर जाने के लिए अपनी बारी का इंतजार करतीं पोलिंग पार्टियां। अमृत विचार

### सेक्टर मजिस्ट्रेट व पीठासीन अधिकारियों को डीएम ने दिए निर्देश

**हमीरपुर।** जनपद के समस्त सेक्टर मजिस्ट्रेट के साथ जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल पाण्डेय की अध्यक्षता में बैठक आहूत की गई। उक्त बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी ने समस्त सेक्टर मजिस्ट्रेट को निर्देशित करते हुए कहा सभी पीठासीन अधिकारियों द्वारा डच एप लॉगिन कर लिया गया है एवं मतदेय स्थल पर मतदाता सहायता बूथ तैयार है। आयोग के निर्देशानुसार यह सुनिश्चित किया जाए कि वेबकास्टिंग के लिए चिह्नित मतदेय स्थलों पर कैमरे सही लगे है। पार्टी के बैठने का ले आउट बन गया है और वोटिंग कम्पार्टमेंट में गोपनीयता भंग होने की कोई गुंजाइश नही है। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार समस्त मतदेय स्थलों पर दिव्यांगों के लिए व्हील चेयर की व्यवस्था की गई है। मतदाता टीम के पास चुनाव कराने के लिए सभी आवश्यक सामग्री पर्याप्त मात्रा में है। यदि किसी बूथ पर अधिक संख्या में लाइन में लगे मतदाताओं को अतिरिक्त कर्मचारी की आवश्यकता है तो सहायक रिटर्निंग आफिसर को तत्काल अवगत कराएं जिससे कि समय से मतदान पूर्ण कराया जा सके। सभी सेक्टर आफिसर सबसे अंतिम बस के साथ ही आएंगे। मतदेय स्थल के बाहर 200 मीटर बाद राजनैतिक दल एक छोटा शामियाना, एक मेज, दो कुर्सी ही लगाएंगे। उक्त बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी, अपर जिलाधिकारी न्यायिक, समस्त उप जिलाधिकारी एवं समस्त सेक्टर मजिस्ट्रेट उपस्थित रहे।

### प्रत्याशी व उनके चुनाव चिह्न

| प्रत्याशी का नाम | पार्टी | चुनाव चिन्ह |
|---|---|---|
| अजेंद्र सिंह लोधी | सपा | साइकिल |
| निर्दोष कुमार दीक्षित | बसपा | हाथी |
| कुंवर पुष्पेंद्र सिंह चंदेल | भाजपा | कमल |
| अनुपम कुमार त्रिपाठी | भा .शक्ति चेतना पार्टी | बांसुरी |
| धरम राज | अल हिंद पार्टी | हरी मिर्च |
| बृजेश कुमार पाल | राष्ट्र उदय पार्टी | ट्रक |
| सुरेश कुमार | एकलव्य समाज पार्टी | फोन चार्जर |
| संजीव कुमार | स्पष्टवादी जन आधार पार्टी | बल्ला |
| भुवनेंद्र नारायण सिंह | निर्दलीय | फूलगोभी |
| राजेश सिंह | निर्दलीय | बाल्टी |
| संतोष कुमार | निर्दलीय | आरी |


पोलिंग पार्टी को दिशा-निर्देश देते डीएम व एसपी। अमृत विचार


मतदान केंद्र में जरूरी काम निपटाते मतदान कार्मिक। अमृत विचार

# बीएलओ ने तमाम वोटरों को नहीं बांटी वोटर पर्ची

संवाददाता,पौथिया (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** गांव स्थित एसवी इंटर कॉलेज के मतदान केंद्र में मतदान को लेकर पोलिंग पार्टियां पहुंच गईं। इस मतदान केंद्र में चार बूथ हैं। मतदान कार्मिकों ने बताया कि यहां पानी पीने के लिए दो घड़े रखे हैं।

जमीन पर बिछाने के लिए सिर्फ एक दरी मिली है। बाथरूम गंदा पड़ा है। वहीं गांव के मलखान व उसकी पत्नी कलावती पंछैया ने बताया वोट डालने के लिए अभी तक पर्ची नहीं मिली है। गंगादेई पति राम औतार, बीर सिंह, धर्मेंद्र, मैना, शोभित, ममता, कालका प्रसाद, संजय, कालीदीन, सुनीता, कमला, रानी, सुनील ने बताया अभी तक उन लोगों को बीएलओ ने वोटिंग पर्चियां नहीं दी हैं तो ऐसे में कैसे वोट डालेंगे।


पर्ची न मिलने की बात कहता कालका।

### 78 मतदान केंद्रों को सजाया गया

**कुरारा।** मतदान को लेकर कस्बे में नौ व ग्रामीण क्षेत्र में 78 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। वहीं मतदाताओं को लुभाने के हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। मतदान केंद्रों में रंगोली, गुब्बारे, टेंट लगाकर सजाया गया है। खंड शिक्षा अधिकारी सुशील कमल ने बताया कि मतदान केंद्रों में मतदाताओं को आकर्षित करने के लिए सजाया गया है। ताकि ज्यादा से ज्यादा मतदाता मतदान करें। कुरारा, रिठारी, बैजेस्लामपुर, कुतुबपुर, मनकी खुर्द आदि मतदान केंद्रों को दुल्हन की तरह सजावट की गई है।

### हमीरपुर, महोबा (तिंदवारी) संसदीय क्षेत्र

| विधानसभा | कुल मतदाता | महिला | पुरुष | थर्ड जेंडर |
|---|---|---|---|---|
| हमीरपुर | 4080784 | 187914 | 220160 | 04 |
| राठ विधानसभा (अनु.) | 407949 | 194187 | 230448 | 07 |
| तिंदवारी (बांदा) | 322577 | 146822 | 175749 | 06 |
| महोबा | 323566 | 149213 | 175251 | 07 |
| चरखारी | 354675 | 164917 | 189744 | 14 |
| कुल मतदाता | 1834444 | 843053 | 991352 | 39 |

### दो कंपनी अर्द्धसैनिक बल किया गया तैनात

**मौदहा(हमीरपुर)।** कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले संवेदनशील अतिसंवेदनशील मतदान स्थलों पर विशेष नजर रखते हुए चुनाव आयोग ने जहां सीसीटीवी कैमरे व भारी पुलिस बल विशेष तैनाती करने के लिए मजबूत व्यवस्था बनाई है। वही कोतवाली अंतर्गत 4 स्थानों पर बैरियर भी लगाए गए। जिसमें कपसा गांव के निकट व नेशनल हाईवे के गहबरा गांव के निकट बैरियर लगा वाहनों की सघन जांच की जाएगी। तीन जोनल मजिस्ट्रेट व सेक्टर मजिस्ट्रेट नियुक्त किए गए, जिसमें आठ सौ से अधिक पुलिस बल व दो कंपनी अर्ध सैनिक बल से क्षेत्र में शांतिपूर्वक मतदान करने के लिए जुट गए हैं।

### भोजन व नाश्ता निजी व्यय पर मिलने का आदेश जारी

**सुमेरपुर(हमीरपुर)।** चुनाव में पोलिंग पार्टियों को दो दिन नाश्ता व भोजन उनके निजी व्यय पर परिषदीय विद्यालयों द्वारा उपलब्ध कराया जायेगा। इसके लिये सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को आदेश दे दिये गये है। बेसिक शिक्षा अधिकारी आलोक सिंह ने सभी खंड शिक्षा अधिकारियों से कहा है कि 19 को विद्यालय में चाय नाश्ता दिया जाये जिसका भुगतान दस रुपये लिया जाये। भोजन में दाल चावल सब्जी सलाद दिया जाये जिसकी कीमत साठ रुपये लिया जाये।

# अब जनप्रतिनिधियों की प्रतिष्ठा लगी दांव पर

सूरज साहू, राठ (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** चुनाव में प्रचार खत्म होने के बाद अब सत्ता पक्ष के जनप्रतिनिधियों और विपक्ष के पूर्व विधायकों की प्रतिष्ठा दांव पर लग गई है। अब देखना है कि कौन इस चुनाव में अपने प्रत्याशी को जीत का सेहरा बांध पाता है। अब मुकाबला त्रिकोणीय नजर आने लगा है।

चुनाव में भाजपा ने दो बार सांसद रहे पुष्पेंद्र सिंह चंदेल पर इस बार भी भरोसा जताते हुए टिकट थमा दिया है। इसी तरह सपा ने अजेंद्र सिंह लोधी कनकुआ और बसपा ने पनवाड़ी निवासी निर्दोष दीक्षित को मैदान में उतार दिया। भाजपा विधायक मनीषा अनुरागी, चरखारी विधायक ब्रजभूषण राजपूत, जिला पंचायत अध्यक्ष जयंती राजपूत, पूर्व विधायक डा. अम्बेश कुमारी ने भाजपा उम्मीदवार को जिताने के लिए लगी रहीं। यहां तक कि चरखारी विधायक ब्रजभूषण सिंह भी कमल खिलाने के लिए मेहनत करते रहे। सपा प्रत्याशी अजेंद्र सिंह लोधी को जिताने के लिए पूर्व विधायक धूराम चैधरी, पूर्व विधायक अनिल अहिरवार, पूर्व विधायक गयादीन अनुरागी, सपा से विधान सभा का चुनाव लड़ चुकी राजपूत चंद्रवती वर्मा भी एड़ी चोटी का जोर लगाए रहीं। बसपा प्रत्याशी निर्दोष दीक्षित के चुनाव में फिलहाल कोई भी पूर्व विधायक नजर नहीं आया। लेकिन कार्यकर्ता उनके प्रचार में लगे रहे। अब सत्ता पक्ष और विपक्ष के पूर्व विधायकों की की साख दांव पर लग गई है। अब देखना है कि कौन जनप्रतिनि अपने प्रत्याशी को जिताने में कामयाबी हासिल कर पाता है।


चुनाव ड्यूटी कटवाने के लिए अधिकारियों से बात करती महिला। अमृत विचार

### एक मिनट के लिए नहीं थमा अनाउंसमेंट

**सुमेरपुर(हमीरपुर)।** ड्यूटी काउंटर पर लगा अनाउंसमेंट सुबह 7 बजे से अपरान्ह 2 बजे तक एक मिनट के लिए नहीं बंद हुआ। यहां से बार-बार पोलिंग पार्टियों में लगाए गए कर्मियों के नाम लेकर बुलाने के साथ उनको आगाह करने का क्रम निरंतर जारी रहा। पोलिंग पार्टियों के रवाना होने के बाद ही अनाउंसमेंट बंद हुआ। यहां पर मुख्य विकास अधिकारी, जिला विकास अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक आदि सुबह से पोलिंग पार्टियों के रवाना होने के बाद तक जमे रहे।

### ड्यूटी कटवाने के लिए परेशान रही महिलाकर्मी

**सुमेरपुर(हमीरपुर)।** नवीन गल्ला मंडी के चबूतरा संख्या चार में बनाए गए ड्यूटी चेंबर में महिला कर्मी ड्यूटी कटवाने के लिए परेशान नजर आई। तमाम महिला कर्मी अपने साथ छोटे-छोटे बच्चों को लेकर आई थी और अधिकारियों के समक्ष बच्चे छोटे होने का हवाला देकर ड्यूटी कटवाने की मनुहार करती नजर आई। लेकिन अधिकारी ड्यूटी काटने के लिए तैयार नहीं थे। इससे महिलाएं काफी मायूस थी। ड्यूटी न कटने पर मजबूरी में महिला कर्मी ड्यूटी के लिए रवाना हुई। महिला कर्मी ज्ञानश्री ने बताया कि उसकी ड्यूटी धनपुरा के बूथ पर लगी है।वह अपने एक वर्ष के बच्चे के साथ ड्यूटी करने जा रही है।

### 127 मतदान कर्मी हुए बीमार

**सुमेरपुर (हमीरपुर)।** नवीन गल्ला मंडी परिसर पर बनाए गए अस्थाई स्वास्थ्य शिविर में कुल 127 मतदान कर्मियों का उपचार किया गया। ज्यादातर कर्मी बुखार उल्टी सिर दर्द पेट दर्द की समस्या से जूझ रहे थे। स्वास्थ्य शिविर के चिकित्सा अधिकारी डॉ. परवेज कादरी ने बताया कि सुबह से 2 बजे तक 127 कर्मियों का उपचार शिविर में किया गया। ज्यादातर मतदान कर्मी बुखार उल्टी सिर दर्द पेट दर्द की समस्या से जूझ रहे थे। इनको ओआरएस घोल, ग्लूकोन-डी के साथ दवाएं मुहैया कराई गई हैं।

### अति संवेदनशील बूथों में लगाया गया पैरामिलिट्री फोर्स

**सुमेरपुर(हमीरपुर)।** लोकसभा क्षेत्र के अति संवेदनशील एवं संवेदनशील बूथों पर पुलिस बल के साथ अर्धसैनिक बल तैनात किए गए हैं। लोकसभा क्षेत्र में कुल 80 मतदान केन्द्रों को अति संवेदनशील एवं संवेदनशील के रूप में चिह्नित करके पैरामिलिट्री फोर्स तैनात किया गया है। इन मतदान केन्द्रों में पुलिस बल के साथ अर्ध सैनिक बल के जवान कड़ी निगरानी रखेंगे।

### रिजर्व में रखे 388 कर्मी

**सुमेरपुर(हमीरपुर)।** जिले की हमीरपुर विधानसभा सीट के लिए 52 तथा राठ विधानसभा सीट के लिए 45 पोलिंग पार्टियों को रिजर्व में रखा गया है। हमीरपुर में रिजर्व में 208 तथा राठ में रिजर्व पार्टियों में 180 कर्मियों को रखा गया है। दोनों विधानसभा सीटों के लिए कुल 388 मतदान कर्मी रिजर्व में रखे गए हैं।

### ऐन वक्त पर बदले 68 कर्मी

**सुमेरपुर।** दोनों विधानसभा क्षेत्र की अलग-अलग पोलिंग पार्टियों के लिए कुल 68 मतदान कर्मी बदले गए। इनमें हमीरपुर विधानसभा सीट में पीठासीन अधिकारी छह, प्रथम मतदान कर्मी चार, द्वितीय मतदान कर्मी 15, तृतीय मतदान कर्मी छह को ऐन वक्त पर बदलकर दूसरे को रवाना किया गया। इसके साथ ही तीन द्वितीय मतदान कर्मी अनुपस्थित रहे। जिनके लिए बराबर एलाउंसमेन्ट होता रहा। अधिकारियों ने इनके खिलाफ कार्यवाही के निर्देश दिए हैं। इसी तरह राठ विधानसभा के लिए पीठासीन अधिकारी 10, प्रथम मतदान कर्मी चार, 15 द्वितीय मतदान कर्मी 15 व तृतीय मतदान कर्मी पांच को बदलकर भेजा गया।

# जलालपुर रोड पर लगा नि:शुल्क प्याऊ

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

- व्यापारियों ने ली मतदान करने की शपथ

**अमृत विचार।** कस्बे में भारत विकास परिषद द्वारा निशुल्क प्याऊ का उद्‍घाटन जलालपुर रोड स्थित मारकंडेश्वर गार्डन के सामने किया गया। परिषद अध्यक्ष विजय सिंह कुशवाहा ने फीता काट कर प्याऊ का शुभारंभ किया। इस दौरान उप्र उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष केजी अग्रवाल ने व्यापारियों और गणमान्य नागरिकों को मतदान करने की शपथ दिलाई।

रविवार को हुए इस समारोह में सैकड़ों की भीड़ रही। प्याऊ के उदघाटन होने पर राहगीरों ने ठंडा पानी पीकर राहत की सांस ली। सभी व्यापारियों ने मतदान की शपथ लेते हुए प्रत्येक व्यक्ति को सोमवार को होने वाले मतदान में प्रत्येक व्यक्ति की सहभागिता की शपथ दिलाई। इस मौके पर संस्था के कोषाध्यक्ष ब्रजेंद्र गुप्ता, उपाध्यक्ष जनार्दन सिंह, छत्रपाल, राकेश कुमार, रामलाल अनुरागी, धीरेंद्र कुमार खटीक, प्रमोद सिंह तोमर, डा.रामगोपाल गुप्ता, काशी प्रसाद गुप्ता, प्रदीप कुमार गुप्ता, शिवप्रसाद गुप्ता दाऊ, रामकुमार खटीक, उमा कुशवाहा, ऋचा गुप्ता, प्रियंका खटीक रहे।



नि:शुल्क प्याऊ की शुरुआत पर मतदान की शपथ लेते लोग। अमृत विचार

# बाइक गिरने से महिला घायल

**कुरारा।** थानाक्षेत्र के जमरेही तीर गांव निवासी देवकरन अपनी पत्नी उमा देवी (26) को बाइक में बैठा कर कुरारा आ रहा था। तभी शेखूपुर गांव के पास ब्रेकर में जंप लगते ही महिला असंतुलित होकर गिर गई। गंभीर रूप से घायल को उपचार के लिए सीएचसी लेकर आए। जहां चिकित्सकों ने जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया ।

# डायरिया के मरीज बढ़े

संवाददाता, कुरारा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** सीएचसी में मुख्यमंत्री आरोग्य मेले में डायरिया मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। सीएचसी में रविवार को मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का आयोजन हुआ जिसमें 144 मरीजों का उपचार किया गया। इनमें 25 खून जांच की गईं। वही बीपी के नौ, शुगर के चार, दो गर्भवती, दो रेफर, 15 डायरिया व अन्य पेट दर्द, उल्टी, बुखार आदि के मरीजों का उपचार किया गया। उपचार कर रहे चिकित्सक डॉ.उमेर अली ने बताया कि बढ़ते गर्मी के प्रकोप के चलते डायरिया के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। रविवार को रघवा गांव की रामबाई, शंकरपुर की श्यामा, कदौरा की मुमताज आदि डायरिया मरीजों को भर्ती कर उनका उपचार किया जा रहा है।

शाबास — हाईस्कूल परीक्षा में प्राप्त किए थे 93 .33 प्रतिशत अंक

# राजकीय इंटर कॉलेज की छात्रा हर्षिता की गई सम्मानित

संवाददाता, मुस्करा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** राजकीय इंटर कॉलेज की छात्रा हर्षिता पुत्री रामशरण शुक्ला को हाईस्कूल परीक्षा में 93.33 प्रतिशत अंक पाने तथा जनपद में दसवां स्थान पाने पर गल्ला मंडी की योग कक्षा में गायत्री शक्तिपीठ के लोगों ने सम्मानित किया।

हर्षिता ने इसके पूर्व मंडल चित्रकूट में हर घर, हर दिन आयुर्वेद नामक विषय की भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पाया था, जिसमें उसे 11 हजार रुपये का पुरस्कार प्राप्त हो चुका है। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया की आयोजित परीक्षा में भी तृतीय स्थान प्राप्त कर चुकी हैं। जिला स्तरीय गायन प्रतियोगिता में भी हर्षिता को द्वितीय स्थान मिल चुका है। मंडी की योग कक्षा में आयोजित विशेष कार्यक्रम में गायत्री शक्तिपीठ की टोली ने दीप यज्ञ कराया। आगामी 23 मई को हर घर में गायत्री यज्ञ करने की हरिद्वार के एक निश्चित मिशन के अंतर्गत सभी को प्रेरणा दी। पतंजलि योग समिति के जिला संगठन मंत्री हर स्वरूप व्यास ने सभी को धन्यवाद दिया। समिति के जिला प्रभारी डॉ. मनोज त्रिपाठी ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रत्येक एकादशी पर्व पर इस योग कक्षा में विशेष कार्यक्रम होते रहते हैं।


हर्षिता को सम्मानित करते आयोजक। अमृत विचार

### कृष्ण बल्लभ द्विवेदी को किया गया याद

**हमीरपुर।** जिला पंचायत परिसर में दैनिक रेडिकल टाइम्स कार्यालय में दैनिक रेडिकल टाइम्स व दैनिक अग्निचरण समाचार पत्र के संस्थापक स्व .कृष्ण बल्लभ द्विवेदी भारती की 29वीं पुण्यतिथि तिथि पर संगोष्ठी का आयोजन यूपी जर्नलिस्ट एसोसिएशन के संयोजन में किया गया। जिसकी अध्यक्षता एसोसिएशन के संरक्षक राजेश सिंह ने की। संगोष्ठी में उपस्थित पदाधिकारियों व सदस्यों ने स्व. भारती के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके द्वारा पत्रकारिता क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने के परिप्रेक्ष्य में वक्ताओं ने विचार व्यक्त किए। संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए राजेश सिंह ने कहा कि स्व .भारती ने विगत 40 वर्ष पूर्व जालौन जिले में दैनिक अग्निचरण समाचार पत्र का प्रकाशन शुरू किया था। इसके बाद बुंदेलखंड के सर्वाधिक पिछड़े जनपद हमीरपुर में जनता की आवाज शासन व प्रशासन तक पहुंचाने के लिए 14 जनवरी 1989 में दैनिक रेडिकल टाइम्स समाचार पत्र का प्रकाशन शुरू किया। जिसे उन्नत की शिखर में पहुंचाने के लिए भरसक प्रयास किए। आज उनके दिव्य स्वप्नों को आगे बढ़ाने के लिए उनके सबसे छोटे पुत्र मनीष द्विवेदी भरसक प्रयास कर रहे हैं। संगोष्ठी में एसोसिएशन के चित्रकूट धाम मण्डल अध्यक्ष अनिल सोनी, जिलाध्यक्ष जीतेश चौरसिया, सुरेश कुमार, कुलदीप सिंह चंदेल, विकास सोनी, ज्ञानेन्द्र अवस्थी, शिव कुमार सोनी, हर स्वरूप व्यास, योगेश व्यास ने विचार व्यक्त किए।

# ओवरलोड होने से ट्रांसफार्मर में लगी आग

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

- भिलावां मोड़ के पास रखा था 250 केवीए का ट्रांसफार्मर

**अमृत विचार।** गर्मी के मौसम में ट्रांसफार्मरों के फुंकने का सिलसिला जारी है। रविवार तड़के करीब चार बजे कानपुर-सागर हाईवे किनारे भिलावां मोड़ के पास रखा गया 250 केवीए ट्रांसफार्मर ओवर लोड की वजह से धू-धूकर जल उठा। इससे भिलावां, नारायन नगर जैसी आबादी के मोहल्लों में बिजली संकट पैदा हो गया। कारपोरेशन की टीम ने दोपहर दो बजे दूसरा ट्रांसफार्मर लगाकर आपर्ति बहाल की।

इन दिनों भीषण गर्मी से लोग हलाकान हैं। दिन भर लोग कूलर, पंखों व एसी के सहारे रहते हैं। ऐसे में बिजली की खपत बढ़ गई है। अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस पार जा रहा है। ऐसे में बिजली गुल होते ही लोगों का हाल बेहाल हो जाता है। रविवार तड़के हाईवे में भिलावां मोड़ के पास रखा 250 केवीए का ट्रांसफार्मर अत्यधिक लोड पड़ने से धधक उठा। देखते ही देखते ट्रांसफार्मर धू-धूकर जलने लगा। इसके चलते ही घनी आबादी वाले भिलावां और नारायन नगर में बिजली संकट व्याप्त हो गया। बत्ती गुल होते ही तड़के लोगों की नींद खुल गई। सवेरे पानी का भी संकट खड़ा हो गया। लोगों को हैंडपंपों का सहारा लेना पड़ा। पानी भरने के लिए हैंडपंपों में लंबी लाइनें लगी। हालांकि दोपहर बाद तक पावर कारपोरेशन की टीम ने फुंके ट्रांसफार्मर के स्थान पर नया ट्रांसफार्मर लगा दिया और बिजली की आपूर्ति सुचारु ढंग से चालू कर दी।


हाईवे किनारे धू-धू कर जलता ट्रांसफार्मर। अमृत विचार


पोलिंग पार्टी रवाना स्थल गल्ला मंडी में मतदान सामग्री लेते मतदान कर्मी। अमृत विचार


निरीक्षण करते एडीजी कानपुर जोन आलोक सिंह व डीएम राजेश कुमार। अमृत विचार


बनाया गया मॉडल बूथ। अमृत विचार

# मतदान आज, ईवीएम में कैद होगा प्रत्याशियों का भाग्य

## 20 लाख मतदाता चुनेंगे सांसद, शांतिपूर्ण मतदान को बनाए गए 3850 बूथ, शाम को पोलिंग पार्टियां पहुंचीं मतदान स्थल

कार्यालय संवाददाता उरई (जालौन)

**अमृत विचार।** जालौन-गरौठा-भोगनीपुर लोकसभा सीट के लिए सोमवार सुबह सात बजे से मतदान होगा। निर्वाचन आयोग ने सभी तैयारियां रविवार को पूरी करते हुए मतदान दलों को रवाना किया। इस लोकसभा सीट से छह प्रत्याशी मैदान में हैं। प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करने के लिए 20 लाख से अधिक मतदाता चुनाव के महापर्व में भाग लेंगे। यहां 3850 मतदान केंद्र और बूथों में वोट डाले जाएंगे।

लोकसभा में जालौन जनपद की तीन माधोगढ़, कालपी, सदर की उरई विधानसभा क्षेत्र तथा झांसी जनपद की गरौठा विधानसभा और कानपुर देहात की भोगनीपुर विधानसभा क्षेत्र शामिल है। पांचों विधानसभा में कुल 20 लाख, 6 हजार 129 मतदाता हैं, जिनमें 10 लाख 75 हजार 362, पुरुष, 9 लाख 30 हजार 667 महिला तथा 116 थर्ड जेंडर हैं। निष्पक्ष और शांति पूर्ण मतदान सम्पन्न कराने के लिए कुल 2262 मतदान स्थल, व 1588 केंद्रों में आज वोट डाले जाएंगे, जिनमें 249 क्रिटिकल, 33 बर्नेबल बूथ शामिल हैं, जिनमें विशेष सुरक्षा व्यवस्था की गई है। मतदाताओं की सुविधा के लिए प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के पांच-पांच मतदान केंद्रों को मिलाकर लोकसभा के कुल 25 मतदान केंद्रों को मॉडल मतदान केंद्र का स्वरूप दिया गया है। मॉडल मतदान बूथों में मतदाताओं के लिए पर्याप्त छाया, पीने के लिए पानी तथा बैठने के लिए कुर्सियों का इंतजाम चुनाव आयोग द्वारा किया गया है। मतदाताओं के सहयोग के लिए मतदान केंद्रों में एनसीसी स्काउट गाइड एवं वालंटियरों को लगाया गया है।

### 2931 कार्मिक ड्यूटी स्थल पर डालेंगे वोट

निर्वाचन आयोग ने मतदान ड्यूटी में लगे कार्मिकों को ड्यूटी स्थल मतदान केंद्र में वोट डालने की सुविधा दी है। इसके तहत लोकसभा का मतदान संपन्न करा रहे 2931मतदान ड्यूटी में लगे कर्मचारियों को निर्वाचन ड्यूटी प्रमाण पत्र, (ईडीसी) प्रमाण पत्र जारी किए गए है, जिनके आधार पर मतदान कार्मिक ड्यूटी वाले मतदान केंद्र में अपना वोट डालेंगे।

### गल्ला मंडी से रवाना हुईं पोलिंग पार्टियां

उरई। कालपी रोड स्थित गल्ला मंडी से रविवार को पोलिंग पार्टियां अपने गंतव्य को रवाना की गईं। जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार पांडेय, प्रेक्षक और पुलिस अधीक्षक इरज रजा ने पुलिस एवं मतदान ड्यूटी में लगाए गए कर्मचारियों, अधिकारियों को चलते समय शांति पूर्ण, निष्पक्ष तथा व्यवधान रहित मतदान सम्पन्न कराने के निर्देश दिए।

### हेल्प लाइन नंबर 7839858088 पर करें शिकायत

चुनाव आयोग के निर्देश पर डीआईजी झांसी रेंज कलानिधि नैथानी ने रेंज के झांसी, ललितपुर तथा जालौन में लोकसभा चुनाव में किसी भी तरह की गड़बड़ी की सूचना देने के लिए हेल्प लाइन नंबर जारी किए हैं। एसपी इरज रजा ने बताया कि जालौन जनपद के लिए हेल्प लाइन नंबर 7839858088 जारी किया गया है। अगर कोई व्यक्ति चुनाव आयोग की आचार संहिता को तोड़ता है या मतदान के दौरान शराब या अन्य कोई नशीला पदार्थ, रुपये का लालच देकर तथा धमकी देकर मतदान करने अथावा किसी मतदाता को वोट डालने से मना करता है, तो प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि वह दिए गए हेल्प लाइन नंबर पर जानकारी दे, जिससे लोकतंत्र के पवन पर्व को निष्पक्ष व दोष रहित सम्पन्न कराया जा सके। उन्होंने कहा कि जानकारी देने वाले का नाम पूर्णतया गुप्त रक्खा जायेगा।

### एडीजी कानपुर जोन ने परखीं व्यवस्थाएं

**उरई।** एडीजी कानपुर जोन आलोक सिंह ने जालौन पहुंचकर लोकसभा चुनाव के मतदान की व्यवस्थाएं परखी और जिला मुख्यालय उरई पहुंचकर कर मतदान में तैनात कर्मचारियों से विधिवत जानकारी ली। पुलिस कार्यालय में स्थित कंट्रोल रूम को भी देखा और सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण करते हुए मतदान पार्टी रवाना स्थल कालपी रोड स्थित गल्ला मंडी पहुंचकर पोलिंग पार्टियों के रवानगी की व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

### पड़ चुके हैं 690 वोट

सोमवार को होने वाले मतदान से पूर्व चुनाव आयोग के निर्देशानुसार 85 साल से अधिक उम्र के व दिव्यांग, आवश्यक सेवा में तैनात कार्मिकों को डी 12 फार्म जारी किया गया था। जिसको भर कर चुनाव कार्यालय में पहुंचाना था। इसके तहत मतदाता को अपने निवास में ही मतदान के पूर्व वोट डालने की सुविधा प्रदान की गई थी, इस के तहत लोकसभा क्षेत्र के 85 साल से अधिक उम्र के 269 मतदाताओं ने डी 12 फार्म भरा था, जिनमें से 275 बुजुर्ग मतदाताओं ने मतदान किया है। वहीं 12 मतदाताओं ने किसी को वोट नहीं दिया। इसी तरह से डी 12 फार्म भरने वाले 430 दिव्यांग वोटरों में से 416 दिव्यांगों ने ही अपने मताधिकार का प्रयोग किया। आवश्यक ड्यूटी में नियोजित 20 कार्मिकों ने डी 12 फार्म दाखिल किए गए थे, जिनमें से 16 कर्मियों ने ही वोट डाला है। कुल मिलाकर डी 12 फॉर्म जमा करने वाले 740 मतदाताओं में से 690 मतदाताओं ने ही अपने मताधिकार का प्रयोग मतदान से पूर्व कर लिया है।


गिरफ्तार आरोपी।

## हत्या के प्रयास के आरोपी गिरफ्तार

**उरई।** तीन दिन पूर्व थाना सिरसा कलार के जरागांव में एक युवक पर कई राउंड गोलियां चलाकर तथा चाकुओं से गोद कर हत्या का प्रयास करने के आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी माधव तोमर पुत्र केशव सिंह, गोलू पुत्र जनक सिंह निवासीगण जरगांव से एक तमंचा 315 बोर, चाकू बरामद कर सिरसा कलार थाना पुलिस ने रविवार को दोनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

## प्रत्याशी, समर्थकों ने घर-घर जाकर मांगा समर्थन

संवाददाता कालपी, जालौन

**अमृत विचार।** चुनाव प्रचार बंद होने की वजह से रविवार को राजनीतिक दलों के चुनाव कार्यालयों से सभी पोलिंगबूथों से सम्बन्धित अपने-अपने बस्तों को निष्ठावान कार्यकर्ताओं के पास पहुंचाने में जुटे रहे। जबकि विभिन्न दलों के वरिष्ठ नेता तथा पदाधिकारी क्षेत्र के प्रभावशाली व्यक्तियों से घरों में जाकर मुलाकात कर रिझाने में जुटे रहे।

दरअसल 18 मई की शाम को लोकसभा 2024 का चुनाव प्रचार समाप्त हो गया है। चुनाव प्रचार समाप्त होने के बाद विभिन्न दलों के नेता रविवार को क्षेत्र के प्रभावशाली व्यक्तियों के घरों में जाकर संपर्क करने में जुटे रहे। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता शिव बालक सिंह यादव, जिला उपाध्यक्ष समर सिंह चौहान गुड्डू, अजीत यादव, हरमोहन सिंह यादव आदि घर-घर जाकर प्रभावशाली व्यक्तियों से मिले। कार्यालय प्रभारी कल्लू सिंह काशी खेड़ा सभी पोलिंग बूथों में कार्यकर्ताओं के पास बस्ता पहुंचने के लिए जुटे रहे।


भानु प्रताप (भाजपा)


नारायण दास (सपा)


सुरेशचंद्र (बसपा)

● भाजपा, सपा, बसपा व अन्य प्रत्याशियों ने बूथों तक पहुंचाए बस्ते

भारतीय जनता पार्टी के नगर अध्यक्ष भारत सिंह यादव के मुताबिक नगर के सभी 44 बूथों में बूथ अध्यक्षों एवं जिम्मेदार पदाधिकारी के पास बस्ते पहुंचा दिए गए हैं। वरिष्ठ नेता रविकांत द्विवेदी, पूर्व विधायक नरेंद्र सिंह जादौन ,पूर्व विधायक छोटे सिंह चौहान, विधायक पुत्र आशु चतुर्वेदी, नगर अध्यक्ष भारत सिंह यादव, सुबोध द्विवेदी, अरविन्द यादव, सौरभ गुप्ता, देवेन्द्र गुप्ता, अश्वनी तिवारी, सतेन्द्र सिंह चौहान, श्रीकृष्ण गौतम, भूमि विकास बैंक के पूर्व अध्यक्ष राजन सिंह चौहान क्षेत्र के प्रभावशाली व्यक्तियों से घरों में मिलते जुलते देखे गए। इसी तरह बसपा के क्षेत्रीय विधानसभा अध्यक्ष राजेश गौतम के द्वारा प्रत्येक पोलिंग बूथों में बस्ते पहुंचाए गए हैं। वरिष्ठ नेता दीवान अतीक सिद्दीकी, परवेज कुरैशी एडवोकेट, कृपा शंकर बाबू, पूर्व पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि जगजीवन अहिरवार आदि शीर्ष नेताओं ने घर-घर जाकर लोगों से मिलकर बसपा को आशीर्वाद देने की अपील की है।

### इन प्रत्याशियों के बीच हो रहा चुनाव

■ उरई। जालौन-गरौठा-भोगनीपुर लोकसभा सीट के लिए सोमवार को होने वाले मतदान में छह प्रत्याशी मैदान में हैं। इसके तहत भाजपा से भानुप्रताप वर्मा, इंडिया गठबंधन से सपा के प्रत्याशी नारायणदास अहिरवार, बसपा से सुरेशचंद्र गौतम, भारतीय शक्ति चेतना पार्टी से नगेंद्र कुमार, निर्दलीय, ब्रजमोहन, निर्दलीय प्रेमलता वर्मा मैदान में हैं।

## सुरक्षा व्यवस्था में लगे दस हजार जवान

कार्यालय संवाददाता उरई, जालौन

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के 84 गांव में बने 144 बूथों पर 27 सेक्टर पुलिस अधिकारी, 27 सेक्टर मजिस्ट्रेट, दो जोनल मजिस्ट्रेट, दो जोनल पुलिस अधिकारी तथा दो क्यूआरटी टीम मतदान स्थलों की निगरानी रखेंगी।

लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण तथा सकुशल संपन्न कराने के लिए प्रशासन द्वारा अलग-अलग टीमें को गठित कर मतदान स्थलों का निरीक्षण किया जाएगा । जिसमें किसी प्रकार की अराजकता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मतदान स्थल की सीमा के अंदर कोई भी पार्टी के कार्यकर्ता नहीं बैठेगा, एजेंट तथा मतदान करने वाले मतदाता ही अंदर रहेंगे। मिली जानकारी के मुताबिक कोतवाली क्षेत्र में पडने वाले 84 गांव में 144 बूथ बने हैं उन 144 बूथ की निगरानी में दो जोनल मजिस्ट्रेट, दो जोनल पुलिस अधिकारी ,दो क्यूआरटी के अलावा 27 सेक्टर पुलिस अधिकारी तथा 27 सेक्टर मजिस्ट्रेट निगरानी करेंगे।

### गड़बड़ी करने वालों को बक्शा नहीं जाएगा : एसपी

**उरई।** मतदान ड्यूटी में 10 हजार जवानों को लगाया गया है। पुलिस अधीक्षक इरज रजा ने कहा कि लोकसभा चुनाव का मतदान 20 मई को होना है। इसके लिए सुरक्षा व्यवस्था पूरी कर ली गई हैं। उन्होंने बताया कि अर्द्ध सैनिक बल, पीएसी तथा सिविल पुलिस के 10 हजार सुरक्षा कर्मियों को लोकसभा चुनाव मतदान सुरक्षित और शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए तैनात किया गया है। एसपी ने कहा कि चुनाव मतदान के दौरान किसी भी गड़बड़ी करने वाले को बक्शा नहीं जाएगा। उन्होंने जिले के आमजन से बिना डर दवाब के निर्भीक होकर मतदान करने की अपली की है।

### कार्ड देकर मतदान का आह्वान

**कुठौंद जालौन।** विकासखंड कुठौंद की ग्राम पंचायत सरावली प्रधान प्रतिनिधि विवेक पाठक ने घर-घर जाकर मतदाता जागरुकता कार्ड बांटकर सभी मतदाताओं को 20 मई को सुबह मतदान करने के लिए जागरूक किया। प्रधान प्रतिनिधि विवेक पाठक ने ग्रामसभा में सभी को बताया कि चुनाव के द्वारा ही लोकतंत्र का निर्माण होता है, देश के निवासी चुनावों के माध्यम से देश का भविष्य तय करते हैं। मतदाताओं के इसी महत्व को प्रभावशाली बनाने के उद्देश्य से राष्ट्रीय मतदाता मतदान अधिकार का एक मौलिक अधिकार है। उन्होंने अपने क्षेत्र में होने वाले लोकसभा चुनाव में सोमवार को मतदान करने की अपील की।

## जवान अपने-अपने बूथों पर रखें पैनी नजर : एसपी

संवाददाता , माधौगढ़

**अमृत विचार।** एसपी डॉ. इरज रजा ने सभी जवानों को मतदान के दौरान पैनी नजर रखने के निर्देश दिए हैं। इसीक्रम में लोकसभा चुनाव को देखते हुए माधौगढ़ कोतवाली प्रभारी नागेंद्र पाठक ने पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर माधौगढ़ कोतवाली में तैनात पुलिसकर्मियों को सख्त निर्देश दिए की आज लोकसभा चुनाव को सकुशल संपन्न करने के लिए सभी पुलिसकर्मी दलबल के साथ अपने-अपने पोलिंग बूथ पर पैनी नजर रखेंगे। किसी भी प्रकार से अगर कोई अराजकता या आचार संहिता का उल्लंघन व चुनाव आयोग के आदेशों का उल्लंघन करते पाया गया तो उसके ऊपर तत्काल प्रभाव से कठोर कार्रवाई की जाएगी तथा माधौगढ़ पुलिस की हर पोलिंग बूथ पर पैनी नजर रहेगी। जिससे की जनता को एहसास दिलाया जा सके कि माधौगढ़ थाना क्षेत्र की जनता सुरक्षित है। इसी को ध्यान में रखते हुए माधौगढ़ कोतवाली प्रभारी नागेंद्र पाठक ने खुद रविवार को प्रत्येक पोलिंग बूथों का निरीक्षण किया और वहां तैनात पुलिस कर्मियों को सख्त हिदायत दी की मतदान केंद्र पर किसी भी प्रकार की अराजकता बर्दाश्त नहीं की जाएगी अगर कोई ऐसा व्यक्ति करते पाया जाता है तो उसके खिलाफ कठोर से कठोर कार्रवाई की जाएगी और साथ ही में कोई भी मतदाता मतदान केंद्रों के अंदर वीडियो फोटो इत्यादि कैपचरिंग नहीं कर पाएगा।

● आचार संहिता का उल्लंघन करते कोई मिले तो उस पर तत्काल करें कार्रवाई

## परिषदीय स्कूल के रसोइया बनाएंगे खाना

**जालौन।** चुनाव ड्यूटी में तैनात पुलिस एवं कर्मियों को परिषदीय स्कूलों के रसोइया खाना बनाकर खिलाएंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार पांडेय ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी चंद्र प्रकाश को चुनाव कर्मियों के नाश्ते, खाने का प्रबंध करने के निर्देश दिए हैं।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी चंद्र प्रकाश ने बताया कि जिले के सभी ग्राम के सभी मतदेय स्थलों में आज रविवार की रात्रि में मतदान कर्मी पहुंच गए। सभी प्राथमिक स्कूलों और परिषदीय विद्यालय में तैनात रसोइए सभी कर्मियों के लिए खाना बना कर खिलाएंगे। बीएसए ने बताया कि सभी कर्मियों को मतदेय स्थल में ही ठहराने की व्यवस्था की गई है, सभी कर्मियों को सुबह चाय के साथ बिस्कुट इसके बाद नाश्ते में पूड़ी सब्जी, तथा दोपहर व रात्रि में दाल, सब्जी, चावल, रोटी खाने में परोसा जाएगा।

## ओसीबी में आई खराबी से बिजली आपूर्ति गड़बड़ाई

संवाददाता कालपी, जालौन

**अमृत विचार।** भीषण गर्मी तथा ओवरलोड के कारण विद्युत के उपकरण तथा लाइनों में खराबी होने के मामले बढ़ने लगे हैं। बिजली की आपूर्ति व्यवस्था प्रभावित हो रही है। विद्युत सब स्टेशन कालपी में स्थापित किला घाट फीडर की ओसीबी मशीन दो बार खराब होने तथा हाईटेंशन लाइन का तार टूटने की वजह से कालपी नगर की बिजली सप्लाई की व्यवस्था खराब रही। विभागीय सूत्रों के अनुसार बिजली सब स्टेशन कालपी में स्थापित किला घाट फीडर की ओसीबी मशीन में पहले दोपहर को खराबी पैदा हो गई। इसी प्रकार निकासा रोड में हाईटेंशन लाइन का तार टूट गया। उपखण्ड अधिकारी आदर्श राज के निर्देशन में अवर अभियंता जितेंद्र कुमार की टीम के द्वारा ओसीबी मशीन तथा हाईटेंशन लाइन के तार को सुधारा गया। इससे देर शाम बिजली की सप्लाई शुरू की गई तो 10 मिनट सप्लाई चलने के बाद फिर से दोबारा फाल्ट आ गया। ओसीबी मशीन की कमी को सुधारने के लिए जूनियर इंजीनियर जितेंद्र सहित विभागीय कर्मचारी जुटे रहे। इसी तरह कई बार फाल्ट आने से किला घाट फीडर तथा टाउन फीडर की सप्लाई में आंख मिचौनी चलती रही। भीषण गर्मी के चलते दोपहर को जनता को बहुत परेशानियों से गुजरना पड़ा।


तार ठीक करने विद्युत विभाग के कर्मचारी।

## भागवत महापुराण की निकाली शोभा यात्रा

**कुठौंद जालौन।** विकासखंड कुठौंद की ग्राम पंचायत पंडितपुर में रविवार को गणेश पूजन के साथ भागवत महापुराण की भव्य शोभायात्रा बैंड, बाजे व डीजे के साथ निकाली गई। कथा व्यास श्री शिखेश्वरी देवी श्रीधाम वृंदावन इस विशाल कार्यक्रम के आयोजक महंत राजेश्वरानंद महाराज, राधा वल्लभ मंदिर सर्राफा उरई के पावन सानिध्य में कथा का आयोजन हो रहा है। शोभायात्रा में राजेश्वरानंद जी महाराज के साथ-साथ सैकड़ों भक्तों, महिलाओं, व साधु संतों ने बड़े ही धूमधाम के साथ बैंड-बाजे ढोल-नगाड़ों के साथ भाग लिया। शोभायात्रा यहां विभिन्न मार्गो से होकर गुजरी। लक्ष्मीपति गोपालगंज उरई ने बताया कि भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ का समापन हवन एवं विशाल भंडारा 6 मई को होगा। इस दौरान गोपाल मिश्रा, ओम नारायण त्रिपाठी, दीपू शुक्ला, रामू शुक्ला आदि मौजूद रहे।

## गौशाला समेत 4 स्थानों में हुई आगजनी की घटना

संवाददाता कालपी(जालौन)

**अमृत विचार।** कालपी तहसील क्षेत्र में एक गौशाला समेत चार अलग-अलग स्थानों अग्निकांड की घटनाएं हो गईं। आग बुझाने के लिए दमकल कर्मियों को काफी मेहनत करनी पड़ी ।

अग्निशमन अधिकारी एमपी वाजपेई ने बताया कि ग्राम चमारी में स्थित गौशाला में अज्ञात कारणों की वजह से आग लग गई। सूचना मिलने पर अग्निशमन केंद्र उरई से दमकलकर्मी अग्नि शमन वाहन लेकर मौके पर पहुंचे। टीम ने कड़ी मेहनत के बाद आग पर काबू पाया। कदौरा थाना क्षेत्र के ग्राम नाका में खेतों में आग लग गई। अग्निशमन केंद्र कालपी के प्रभारी महेंद्र प्रताप बाजपेई की टीम ने पानी का छिड़काव कर आग पर काबू पाने में कामयाबी हासिल की। कालपी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मैनूपुर में जंगल में भी आग लगने की घटना हुई। इसी तरह मध्य रात में जोल्हूपुर हाइवे रोड के पास खेतों में आग लग गई। अग्निशमन वाहन के साथ मौके पर पहुंचे कर्मचारियों ने पानी का छिड़काव करके आग बुझाने में कामयाबी हासिल की। दमकल कर्मियों को अलग अलग स्थानों में लगी आग को बुझाने में काफी मेहनत करनी पड़ी। विनोद नायक, फायरमैन रवि प्रकाश, वीरेंद्र सिंह, सुधीर सिंह, आदि मौजूद रहे।


आग पर काबू पाते दमकल कर्मी।

लापरवाही — जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार पांडेय ने सभी बीएलओ को पर्ची पहुंचाने के दिए थे निर्देश

## बीएलओ ने तमाम घरों में नहीं पहुंचाई मतदाता पर्ची

कार्यालय संवाददाता, उरई (जालौन)

**अमृत विचार।** निर्वाचन आयोग के आदेश के बाद भी बीएलओ ने सभी मतदाताओं को मतदान पर्ची घर-घर जाकर नहीं पहुंचाई है, जिससे मतदाताओं को अपना बूथ और मतदान केंद्र पता करने में भारी समस्या हो रही है। जबकि जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार पांडेय ने सभी बीएलओ को मतदान की बुलावा पर्ची और मतदान के लिए न्यौता घर-घर पहुंचने की जिम्मेदारी सौंप रक्खी है, फिर भी कई मतदाताओं के पास अभी तक मतदान पर्चियां नहीं पहुंच पाई हैं। बताया जाता है कि मतदाताओं पर प्रभाव बनाने के लिए विभिन्न दलों के नेताओं ने बीएलओ की मान-मनौव्वल कर मतदाता पर्चियां घर-घर बांटने का आश्वासन देकर पर्ची ले ली, और उन नेताओं ने अपने समर्थकों की पर्चियां तो पहुंचा दी, मगर दूसरे प्रत्याशी के समर्थकों की पर्चियां गायब कर दी हैं। जबकि पांचवें चरण के लिए मतदान 20 मई को होना है और मतदान शुरू होने में महज कुछ घंटे ही शेष रह गए हैं। उरई शहर के वार्ड 13 के मतदाता सुमेरा, राजेश, पप्पू, सुधार दादी, रामलखन समेत दर्जनों मतदाताओं ने पर्ची नहीं मिलने की शिकायत की है।



● मतदाता बोले, पर्ची नहीं मिलने से हो रही समस्या

### कालपी में बने तीन मॉडल बूथ

**कालपी, जालौन।** कालपी विधानसभा क्षेत्र के 467 पोलिंग बूथों में 3 लाख 99 हजार मतदाता वोट की चोट करेंगे। लोकसभा चुनाव-2024 में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने तथा मतदान कुशलता पूर्वक संपन्न कराने के लिए स्थानीय प्रशासन तथा कर्मचारियों ने कालपी में व्यापक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। नगर के तीन अलग-अलग बूथों को आकर्षक ढंग से सजाकर माडल बूथ का दर्जा दिया गया है। इस बार कालपी विधानसभा क्षेत्र के 3 लाख 99 हजार 564 मतदाता आज मतदान केंद्रों में वोट की चोट करेंगे। कालपी नगर में 44 बूथ स्थापित है मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए तीन पोलिंग बूथों को सुंदर तरीके से मॉडल बूथ बनाया गया हैं। जिसमें एमएसवी इंटर कॉलेज, आर्य कन्या पाठशाला इंटर कॉलेज तथा नगर पालिका कार्यालय के पोलिंग बूथ शामिल हैं। मॉडल बूथ को सुंदर स्वरूप देने के लिए अधिशासी अधिकारी अवनीश कुमार शुक्ला, अकाउंटेंट हरभूषण सिंह चौहान, शिशुपाल सिंह यादव, रमेश सिंह आदि कर्मचारी दिनभर जुटे रहे। वहीं कालपी विधानसभा क्षेत्र में 467 मतदान केंद्र स्थापित किए गए हैं। जिसमें कालपी तहसील के 320 तथा जालौन तहसील के 147 पोलिंग बूथ शामिल है। बीआरसी केंद्र कालपी के प्रभारी शशांक कुमार विश्वकर्मा ने बताया कि कालपी विधानसभा क्षेत्र में 2 लाख 16 हजार 472 पुरुष तथा 1 लाख 83 हजार 75 महिला मतदाता एवं 13 थर्ड जेंडर मतदाता हैं। कुल 3 लाख 99 हजार 564 मतदाताओं में पुरुष 54 .18 प्रतिशत एवं महिला मतदाता 45 .82 प्रतिशत हैं। जबकि 01 प्रतिशत थर्ड जेंडर मतदाता हैं। तहसीलदार अभिनव शुक्ला ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग की गाइड लाइन के मुताबिक समस्त 467 पोलिंग बूथों का निरीक्षण करके बिजली, पानी, सफाई, रैम्प तथा बाल पेंटिंग का निरीक्षण किया जा चुका है।

## बिकने जा रहा राशन का चावल पकड़ा

संवाददाता कुठौन्द, ( जालौन)

**अमृत विचार।** रविवार को देर शाम बाजार में बिक्री के लिए ले जाया जा रहा 25 क्विंटल राशन का चावल मंडी सचिव ने पकड़ कर पुलिस को सौंप दिया। जानकारी के अनुसार मंडी सचिव को किसी ने राशन का चावल लेकर कुठौंद से औरैया जाने की सूचना दी थी, तभी मंडी सचिव उक्त लोडर के इंतजार में सड़क पर खड़े हो गए जैसे ही उक्त लोडर सामने से निकाला तभी मंडी सचिव ने रोकने की कोशिश की। मगर चालक ने लोडर की रफ्तार और तेज कर दी, तभी मंडी सचिव ने तकरीबन 5 किलो मीटर पीछा कर शंकर पुर पुलिस चौकी के पास लोडर को कब्जे में ले लिया, पकड़े गये लोडर और उसमें लोड चावल को कुठौंद पुलिस के सुपुर्द कर दिया है। मंडी सचिव ने पकड़े गए चावल के मालिक पर जुर्माना भी लगाया है।

शनिवार की रात को मंडी सचिव वीरेंद्र कुमार अपनी टीम के साथ कोंच चौराहे पर चेकिंग अभियान चला रहे थे। मंडी शुल्क की चोरी करके जा रहे अनाज की चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान रात करीब 9 बजे उरई की ओर से आ रही चावल से भरी पिकअप दिखी। मंडी की टीम ने उसे रोकने के लिए हाथ दिया किन्तु चालक ने गाड़ी नहीं रोकी। इस पर मंडी टीम ने पिकअप में भरे चावल की गाड़ी का पीछा किया तथा इसकी जानकारी उपजिलाधिकारी अतुल कुमार को दी। उपजिलाधिकारी के निर्देश पर शंकरपुर चौकी पर बेरीकेडिंग तोड़ कर भाग रही पिकअप को पकड़ लिया गया। पकड़ी गई पिकअप में 50 बोरियों में 25 क्विंटल चावल था। पकड़े गये चालक विकास निवासी मदारीपुर ने बताया कि वह प्रशांत निवासी मदारीपुर का चावल उरई से लेकर औरैया जा रहा था। मंडी सचिव के साथ जब पुलिस ने चालक से आवश्यक प्रपत्र मांगे तो वह नहीं दिखा पाया। मंडी प्रशासन ने पकड़ी गई पिकअप को कुठौंद पुलिस के सुपुर्द कर दिया है तथा पकड़े गये चावल के मालिक पर 12 हजार 375 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। मंडी सचिव वीरेंद्र कुमार ने बताया कि जुर्माना लगाया गया है तथा पुलिस को जानकारी दी गयी है।




अमृत विचार
क्लासीफाइड
वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

सूचना
सूचित हो कि मैं **निर्मला पत्नी अशोक कुमार वर्मा, निवासिनी– वार्ड नं0 10 लोकमान्य तिलक पचपेड़वा परगना व तहसील तुलसीपुर जिला बलरामपुर** की हूँ। पहले मेरा नाम निर्मला (NIRMALA) था जो कि आधार कार्ड व पैन कार्ड में संशोधन कराकर निर्मला (NIRMLA) करा लिया गया है। मेरे पैन कार्ड में पिता का नाम RAMASRE है।

सूचना
सूचित किया जाता है कि यूपी बोर्ड द्वारा जारी मेरा हाईस्कूल अंक पत्र, सह प्रमाण–पत्र, वर्ष 2015, रोल नं. 1518141, जन्मतिथि 08 जून 2000 व इंटरमीडिएट अंक पत्र व सह प्रमाण–पत्र वर्ष 2017, रोल नंबर 1088306 का अंक पत्र, सह प्रमाण पत्र वास्तव में कही गुम हो गया है। **– कु. हर्षी राजपूत पुत्री रामशंकर राजपूत, माता का नाम–रमा, पता–ग्राम ककरहिया, नादेमऊ, कन्नौज।**

# शहर के कई मोहल्लों की घंटों गुल रही बिजली

## मैनपुरी फाटक फीडर सुबह 9 से शाम 3 बजे तक रहा बंद

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** शहरी क्षेत्र में भी बिजली सप्लाई मुसीबत बन गई है। रोजाना बिजली कटौती हो रही है। आरडीएसएस योजना बिजली विभाग की व्यवस्था सुधारने के लिए शुरू की गई थी लेकिन इस योजना के चलते सबसे ज्यादा कटौती हो रही है। इस योजना के तहत कामकाज के चलते रविवार को मैनपुरी फाटक फीडर सुबह 9 बजे से शाम 3 बजे तक बंद होने से लोग बेहद परेशान रहे। हालांकि बिजली सप्लाई तो शाम 4 बजे के बाद ही चालू हो पाई ।

इसके चलते शिवनगर, अड्डा जालिम, रणवीर नगर, आईटीआईर्, राहतपुरा, डीपीएस के आसपास, सुदिति स्कूल के आसपास,एचएन नगर तथा वैभव कालोनी की बिजली सप्लाईबंद रही। गुरुतेग बहादुर फीडर तथा रामलीला फीडर से भी फाल्ट के कारण बिजली सप्लाई बाधित रही इसके कारण इस भीषण गर्मी में लोग खासे परेशान रहे।

### एकता कॉलोनी में बिछा दी दो जगह से लाइन

**इटावा।** शहर के पूर्वी किनारे पर बसी एकता कालोनी में एक अलग ही समस्या है जिससे हादसा होने की आशंका भी बनी हुई है। यहां पहले एक गली से बिजली सप्लाई दी गई ओर कनेक्शन भी कर दिए गए फिर दूसरी गली में भी बिजली सप्लाई दे दी गई और पहले वाली लाइन उतारी नहीं गई अब स्थिति यह है कि कभी दोनो ओर से सप्लाई चल गई तो बड़ा हा दसा हो सकता है। इस संबंध में इस क्षेत्र के जागरुक लोगों ने बिजली विभाग के अधिकारियों से बात की और समस्या बताई लेकिन एक दूसरे पर टाल दिया गया और कोई समाधान नहीं किया गया। इससे मोहल्ले के लोग किसी हादसे को लेकर चिंतित हैं।

### कटौती पर व्यापार मंडल ने जताया रोष

**इटावा।** उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिलाध्यक्ष आलोक दीक्षित नें जिले मे हो रही अघोषित बिजली कटौती पर रोष व्यक्त करते हुए इसमें सुधार की मांग की है। बिजली की अव्यवस्था से उद्योग एवं व्यापार प्रभावित हो रहे हैं। कभी सुधार के नाम पर कभी जर्जर संसाधनों मे आई खराबी के नाम पर घंटों बिजली गायब रहती है। तारों का टूटना और आग लगना आम बात हो गई है। जिले में रिवेंप योजना में करोड़ों रुपये से बिजली के तारों को बदलने से लेकर नए ट्रांसफार्मर रखवाए जाने बावजूद बिजली व्यवस्था मे कोई सुधार नहीं हुआ है। उन्होंने बताया की यदि समस्या मे सुधार नहीं हुआ तो जल्द ही एक प्रतिनिधि मंडल विभाग के बरिष्ठ अधिकारियों से मिलेग। बिजली व्यवस्था मे सुधार की मांग करने वालों मे प्रमुख रूप से जिलामहामंत्री रिषी पोरवाल, कोषाध्यक्ष कामिल कुरैशी, संजय वर्मा, रियाज अहमद, अर्चना कुशवाहा, भारतेंद्र नाथ भारद्वाज , व गुप्ता, योगेश पांडे, जसवंत नगर अध्यक्ष अतुल जैन बजाज,भरथना अध्यक्ष राजेश पोरवाल, लखना अध्यक्ष विपिन कुशवाहा ,चकरनगर अध्यक्ष छोटू यादव आदि प्रमुख हैं।



सीता नवमी पर कन्या पूजन करतीं दुर्गा वाहिनी की बहनें। अमृत विचार

# माता सीता के प्राकट्य दिवस पर कन्या पूजन

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- विहिप दुर्गा वाहिनी मातृशक्ति ने मनाई सीता नवमी

**अमृत विचार।** विश्व हिंदू परिषद दुर्गा वाहिनी की मातृ शक्ति इकाई ने सिद्ध गुफा गौशाला मंदिर टिक्सी के सामने श्री सीता जी का प्राकट्य दिवस धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर कन्या को मां सीता के रूप में सजाकर उसकी विधि विधान से पूजन कर आशीर्वाद लिया गया।

मुख्य अतिथि क्षेत्रीय संयोजिका कल्पना वर्मा ने कहा मां सीता के जीवन से हम सबको प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने सदैव अपने पति के साथ मिलने वाले सभी कष्टों में साथ दिया। कार्यक्रम संयोजक उर्मिला, प्रांत संयोजिका डॉ. सीमा विभाग संयोजिका, अनीता मिश्रा जिला संयोजिका, अनिता त्रिपाठी, उषा वर्मा, लक्ष्मी, आरती शर्मा, अर्चना माथुर मौजूद रहीं।

# शहरियों ने वोटिंग में नहीं दिखाया उत्साह

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** जिले में 13 मई को संपन्न लोकसभा चुनाव के मतदान में इटावा सदर विधानसभा क्षेत्र में कहीं 87 प्रतिशत तो कहीं 40 प्रतिशत ही मतदान हुआ। अच्छे मौसम के बावजूद भी ज्यादातर शहरी मतदाता घरों से नहीं निकले। ग्रामीण मतदाताओं ने अच्छी संख्या में मतदान किया। सर्वाधिक 87.36 प्रतिशत मतदान नगला हीरालाल बूथ पर किया गया।

लोकसभा चुनाव में जहां तक इटावा विधानसभा क्षेत्र का सवाल है कुछ केदो पर तो 87 प्रतिशत तक मतदान हुआ जबकि कुछ केंद्रों पर 40 प्रतिशत ही मतदान हो पाया। हालांकि सर्वाधिक मतदान 87.36 प्रतिशत प्राइमरी स्कूल नगला हीरालाल में किया गया। यहां के मतदाताओं ने सर्वाधिक उत्साह दिखा और उन्होंने इटावा विधानसभा क्षेत्र में सर्वाधिक मतदान करने का गौरव हासिल किया।

ज्यादातर केंद्रों पर 50 प्रतिशत के आसपास का मतदान हुआ। इस विधानसभा क्षेत्र में प्राइमरी स्कूल लोकासई में 80.65 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। जबकि प्राइमरी स्कूल पडुव़ा में 85.38 प्रतिशत और 86.22 प्रतिशत मतदान उच्च प्राथमिक स्कूल बुलाकीपुर में नोट किया गया। कई मतदान केदो पर 70% के आसपास मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इसके तहत उच्च प्राथमिक विद्यालय चितभवन प्रथम में 70.26 प्रतिशत मतदाताओं ने वोट डाले। प्राइमरी स्कूल मानिकपुर भिखन में 70.84%मतदान हुआ। प्राइमरी स्कूल चकवा खुर्द में 71.18 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया प्राइमरी स्कूल दुगावली में 73.54 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने वोट डाले। प्राइमरी स्कूल चंपानेर में74.68 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने वोट डाले। प्राइमरी स्कूल आईटी गांव में भी मतदान का प्रतिशत 72.52 प्रतिशत रहा। इसी तरह प्राइमरी स्कूल आशानंदपुर में 71.34 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने वोट डाले। दूसरी ओर कई मतदान केदो पर कम मतदाता पहुंचे जहां मतदान का प्रतिशत भी कम रहा इटावा विधानसभा क्षेत्र में जिन मतदान केदो पर सबसे कम मतदान हुआ उनमें जनता इंटर कॉलेज कुठं सकरौली शामिल है जहां 41.49% मतदान हुआ। इसी तरह उच्च प्राइमरी पाठशाला सिलायता में 41.66 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया इससे कुछ ज्यादा 43.29 प्रतिशत मतदाता उच्च प्राइमरी विद्यालय जवाहरपुर में मतदान करने के लिए निकले। ऐसी ही स्थित उच्च प्राइमरी स्कूल संगावली की रही जहां 46.80% मतदान हुआ।

जनता इंटर कॉलेज पूठन सकरौली के एक बूथ पर 53.23 प्रतिशत मतदान हुआ जबकि प्राइमरी स्कूल डूडपुरा में 51.30 प्रतिशत मतदान किया गया।

- इटावा विधानसभा क्षेत्र में कहीं 87 तो कहीं 40 फीसदी ही पड़े वोट

### शहर के बूथ नंबर 140 पर सबसे कम वोटिंग

जिले में सबसे कम मतदान शहर के बूथ नंबर 140 पर किया गया यहां मतदान का प्रतिशत 40 .84 रहा। कुछ अन्य स्थानों पर ही कम संख्या में मतदाता को निकले इनमें बौद्ध विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में 44 .74% मतदान हुआ जबकि इसी विद्यालय के एक बूथ पर 44 .52 प्रश्न मतदान किया गया ज्ञान मंदिर इंटर कॉलेज इटावा के एक बूथ पर 45 .31 प्रतिशत मतदान किया गया कम मतदान प्रतिशत में कृषि इंजीनियरिंग कॉलेज का बूथ नंबर 181 शामिल है यहां सिर्फ 42 .30 प्रतिशत मतदाताओं ने वोट डालें जबकि इसी मतदान केंद्र के बूथ नंबर 182 पर 43 .2 प्रतिशत लोगों ने मतदान किया।

# ग्रामीण की करंट से मौत

संवाददाता, पहाड़ी (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** विकास खंड पहाड़ी के अंतर्गत कौहारी गांव के मजरा गंगू पुरवा में लीमोनो कंपनी के ठेकेदार अनिरुद्धसेन के आदेश पर स्थानीय ठेकेदार जीतेंद्र कुमार निवासी अम्मुवा, थाना खीरी जिला लखीमपुर खीरी अपने गांव के पड़ोसी गांव देहरी पुरवा निवासी जीतेन्द्र (29) पुत्र ओमप्रकाश से बगैर बिजली विभाग को सूचना दिए रात्रि करीब आठ बजे खंभे में चढ़वा कर लाइन का काम करा रहा था। इसी दौरान किसी लाइन में हाथ छू जाने से जीतेंद्र को करंट लग गया। उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहाड़ी लाया गया जहां डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। मौत से परिजनों में कोहराम मच गया।

# 'प्रभु सभी का अहंकार करते हैं चूर'

**ककोर।** जिला मुख्यालय के निकट चिरुहुलिया गांव में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में भगवताचार्य राधे रमण ने श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं की कथा सुनाकर श्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर दिया। उन्होंने बताया कि श्रीकृष्ण जब छोटे थे तब गोपियों के घरों से माखन चुराकर खाया करते थे। एक बार, कृष्ण ने गोपियों के कपड़े पेड़ से उतार लिए जब वे नदी में स्नान कर रही थीं। इस लीला में कृष्ण ने गोपियों के प्रेम को प्रकट किया और उन्हें अपनी दिव्य स्वरूप का दर्शन दिया।

# डिप्टी नाजिर को सांड़ ने मार डाला

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- कल्याणपुर के नानकारी में मार्निंग वॉक के दौरान हुई घटना

**अमृत विचार।** जिला जज के डिप्टी नाजिर को मार्निंग वॉक पर जाते समय सांड़ ने घसीट-घसीटकर सड़क पर पटककर मार डाला। एक महिला को भी उसी सांड़ ने उठाकर पटक दिया जिसका इलाज मंधना के एक अस्पताल में चल रहा है।



देवेंद्र कुमार यादव।

कल्याणपुर आईआईटी नानकारी निवासी 58 वर्षीय देवेन्द्र कुमार यादव जिला जज के यहां डिप्टी नाजिर के पद पर कार्यरत थे। परिवार में पत्नी मीना और तीन बेटे शिवम सिंह, शशीकांत और रविकांत हैं। उन लोगों ने बताया कि रोज की तरह रविवार सुबह वह मार्निंग वॉक पर गए थे। नानकारी में सांड़ ने उन्हें दौड़ाकर पटक दिया। सांड़ ने उन्हें तीन बार सड़क पर सींगों से उठाकर पटका। यह देखकर वहां पर राहगीरों और मार्निंग वॉकरों में भगदड़ मच गई। कुछ राहगीरों ने हिम्मत जुटाकर लाठी-डंडों से सांड़ को पीटा और पानी डालकर भगाया। वहां से गुजर रहे इलाके के पंकज तिवारी ने देवेंद्र यादव को पहचानकर सूचना परिजनों को दी। मौके पर रविकांत और अन्य परिजन पहुंचे और लहूलुहान हालत में उन्हें कल्याणपुर के निजी अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि देवेंद्र को मारने के कुछ देर बाद उसी सांड़ ने एक महिला को उठाकर पटक दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजनों ने उसे मंधना स्थित अस्पताल में भर्ती कराया।

पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हेड इंजरी और अधिक खून बहने से मौत की पुष्टि हुई है। पोस्टमार्टम हाउस में सिविल जज जूनियर डिवीजन सौरभ श्रीवास्तव समेत कई न्यायिक अधिकारी और कर्मचारियों ने पहुंचकर परिजनों को सांत्वना दी।

# दिनदहाड़े घर से गैस सिलेंडर चोरी

**राठ।** कस्बे के सिकंदरपुरा मोहल्ले में एक चोर ने दिनदहाड़े एक मकान के दरवाजे खोलकर मकान के अंदर किचन में रखा गैस सिलेंडर चोरी कर ले गया। सीसीटीवी कैमरे में स्पष्ट तौर पर देखा जा सकता है कि एक व्यक्ति दोपहर के समय एक मकान में घुसकर किचन में रखे गैस सिलेंडर को अपने में कंधे में लेकर रफूचक्कर हो जाता है। सिकंदरपुरा निवासी चंदारानी पत्नी श्यामलाल ने बताया कि दोपहर के समय वह गल्ला मंडी में मजदूरी कर रही थी। तभी चोर उसके घर में घुस आया और किचिन से गैस सिलेंडर चोरी करके ले गया। बताया कि चोर सीसीटीवी कैमरे में सिलेंडर ले जाते हुए दिखाई दे रहा है।

## सार-संक्षेप

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत, हत्या का आरोप

**बांदा।** शहर कोतवाली क्षेत्र के छोटा पुरवा निवासी राजबहापुर यादव (45) शनिवार की शाम अपने छोटे भाई की ससुराल शुकुल कुआं गया था। रात में वह पड़ोसी के दरवाजे पर नशे की हालत में पड़ा मिला। पडोसी के पुत्र की सूचना पर पहुंचे परिजनों ने उसे मृत पड़ा पाया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के छोटे भाई भागवत प्रसाद ने आरोप लगा किया राजबहादुर की पड़ोसी से खेत का विवाद को लेकर रंजिश थी। राजबहादुर मुकदमा जीत गया था। आरोप लगाया कि इसी रंजिश के चलते पड़ोसी ने उसके भाई को शराब के साथ जहर मिलाकर पिला दिया।



भाजपा नेता को सम्मानित करते व्यापारी नेता। अमृत विचार

### नरेंद्र मोदी को तीसरी बार पीएम बनाने का लिया संकल्प

**बांदा।** भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के बैनर तले व्यापारियों ने बैठक कर कानपुर संसदीय सीट से भाजपा उम्मीदवार रमेश अवस्थी को सम्मानित किया। व्यापारियों ने भाजपा के उम्मीदवारों को जिताकर देश में एक बार फिर से नरेंद्र मोदी को देश का प्रधानमंत्री बनाने का संकल्प दोहराया। व्यापार मंडल महामंत्री सुरेश कान्हा की अगुवाई में व्यापारियों ने श्री अवस्थी को स्मृति चिन्ह व अंगवस्त्र भेंट कर भाजपा के पक्ष में मतदान का भरोसा दिलाया। इस मौके पर नगर पालिका पूर्व चेयरमैन राजकुमार राज, मनोज जैन, भारतीय उद्योग व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष अमित सेठ भोलू, डा.रामराज गुप्ता आनंद, सुशील अवस्थी, नरेश शुक्ला, राहुल गुप्ता, वीरेंद्र गुप्ता, प्रदीप गुप्ता पप्पू, सुनील शुक्ला, हिमांशु गुप्ता, शुभम गुप्ता, सोनू आदि थे।

### नशे में धुत युवक ने मकान में लगाई आग

**सुमेरपुर।** बीती रात क्षेत्र के ग्राम भौनिया में शराब के नशे में धुत एक युवक ने परिजनों से विवाद करने के उपरांत रिहायशी मकान में आग लगा दी और फरार हो गया। सूचना पर पहुंचे पुलिस बल ने फायर दस्ते के साथ मिलकर आग पर काबू पाया। भौनिया गांव निवासी अरविंद कुमार उर्फ छम्मी बेरिया ने शनिवार को देर रात नशे में धुत होकर घर पहुंचा और परिजनों से विवाद शुरू कर दिया। विवाद के बाद नशेड़ी ने अपने ही मकान में आग लगा दी और गाली गलौज करने लगा। ग्रामीणों की सूचना पर थाने से पुलिस बल फायर दस्ते के साथ मौके पर पहुंचा। पुलिस एवं फायर दस्ते ने ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पाया जब तक आग पर काबू पाया गया तब तक मकान जल गया था। आग से 1 लाख से अधिक का नुकसान होने का अनुमान है।

# 45 डिग्री पर पारा, गर्मी से लोग बेहाल

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** मई के महीने में गर्मी के तेवर और तीखे हो गए है। रविवार को इस मौसम का सबसे गर्म दिन रहा। तापमान बढ़कर 45 डिग्री तक पहुंच गया। सुबह 11बजे से शाम 4 बजे तक तेज लू चलती रही। इस कारण घरों से बाहर निकल मुश्किल हो गया। सड़कों पर भी सन्नाटा छाया रहा। रविवार का दिन होने के कारण कार्यालयों व स्कूलों में अवकाश था जिससे कर्मचारी और छात्र भी अपने घरों में ही रहे।

इस सप्ताह की शुरुआत से ही भीषण गर्मी से लोग परेशान हैं। आने वाले दिनों में गर्मी में और भी बढ़ोत्तरी होने की संभावना बनी हुई है। अंगोछे और कैप भी गर्मी से बचाने में नाकाम रहे । दोपहर के समय शहर की सड़कों पर लोग अंगोछे से चेहरा ढककर जाते हुए दिखाई दिए। इन दिनों दोपहर 11 बजे से लेकर 4 बजे तक गर्मी के तीखे तेवर झेलने पड़ रहे हैं। ऐसा अनुमान लगाया जा रहा है कि आनेवाले दिनों में गर्मी और भी बढ़ेगी ।

अपर जिला अधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव ने बताया कि बार कोड को किसी भी मोबाइल फोन से स्कैन करते ही हीट वेव से बचाव की जानकारी तुरंत मिलेगी। भीषण गर्मी और गर्म हवा चलने के कारण दोपहर को सड़कों पर सन्नाटा छाया राह। आमतौर पर मुख्य बाजार, नौरंगाबाद और साबितगंज रोड पर भीड़ के कारण जाम लगता है लेकिन रविवार को स्थिति यह रही कि भीषण गर्मी के कारण इन सड़कों पर भी भीड़ नही दिखाई दी।



रविवार को तेज गर्मी कारण सड़कों पर इक्का-दुक्का लोग ही दिखे। अमृत विचार

- घरों से निकलना हुआ मुश्किल सड़कों पर पसरा सन्नाटा

# जैन संस्कार शिक्षण शिविर की तैयारियां शुरू हुईं

- सात से 15 जून तक शिविर का आयोजन श्री पार्श्वनाथ जैन मंदिर में होगा
- विद्वानों ने शिविर की विशेषताओं को लोगों से किया साझा

संवाददाता जसवंतनगर, इटावा

**अमृत विचार।** नगर में आयोजित होने वाले जैन संस्कार शिक्षण शिविर की तैयारियां जोर-शोर से प्रारंभ हो गई है।

शिविर प्रभारी निकेतन जैन व शिविर संयोजक आराध्य जैन ने बताया सर्व जैन समाज के सहयोग से आगामी सात जून से 15 जून तक इस शिविर का आयोजन श्री पार्श्वनाथ दि जैन मंदिर में किया जा रहा है।

पधारे विद्वान पं.अंकुर शास्त्री,पं. आगम शास्त्री एवं पं.अक्षत शास्त्री ने संयुक्त रूप से बताया केकेपीएस उज्जैन, श्री कुंदकुंद स्वाध्याय मंदिर ट्रस्ट एवं अखिल भारतीय जैन युवा फैडरेशन भिंड के संयुक्त तत्वावधान में मध्य प्रदेश एवं उत्तर प्रदेश के सैकड़ो नगरों में एक साथ इस शिविर का आयोजन किया जाता है। जिसमें पूरे देश के 300 से अधिक विद्वानों द्वारा 15000 से ज्यादा बच्चों को जैन संस्कारों का वीजारोपण किया जाता है। जिसमें उनको पाठ्यक्रम के साथ-साथ सभी चीजों को निशुल्क प्रदान करते हुए जिन धर्म के मार्ग पर आगे बढ़ाने हेतु जैन संस्कारों को सिखाया जाता है।

कार्यक्रम में महेंद्र जैन, राकेश जैन, वैभव जैन, प्रदीप जैन, अशोक जैन, प्रदीप जैन टेलीकॉम, सुनील जैन, सुरेश जैन के साथ समाज के वरिष्ठ जन व महिलाएं एवं बच्चे उपस्थित रहे।



जैन संस्कार शिक्षण शिविर की तैयारियों में जुटे समिति के सदस्य।

धर्म-कर्म | महामहोत्सव में उमड़ा आस्था का सैलाब, खूब झूमे श्रद्धालु

# नित्यानंद व गौरांग महाप्रभु ने किया नौका विहार

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** श्री श्री गौर निताई परिवार के तत्वावधान में नौका विहार महा महोत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान भक्तों ने भगवान गौरांग महाप्रभु व नित्यानंद महाप्रभु को नौका विहार कराया। महामंत्र हरे रामा हरे कृष्णा संकीर्तन व भजनों पर श्रद्धालु झूमकर प्रभु का जयघोष करते रहे। भक्तों के बीच नौका विहार महा महोत्सव बहुत ही आकर्षण का केंद्र रहा। सभी ने नौका विहार कर रहे प्रभु को अपलक निहारा ।

गौर निताई परिवार के तत्वाधान में द्वितीय नौका विहार महामहोत्सव का आयोजन आलमपुरहौज स्थित नारायण कॉलेज में किया गया। कॉलेज परिसर में बने स्विमिंग पूल में भक्तों के द्वारा एक क्विंटल से ज्यादा विभिन्न प्रकार के फूलों से आकर्षक रंगोली सजाई गई थी। यहां पर नौका विहार महामहोत्सव से पूर्व गौरांग महाप्रभु व नित्यानंद महाप्रभु को फूलों व रंग-बिरंगी लाइटों से सजी-धजी नौका में विराजमान किया गया। इसके बाद पंडित मनुपुत्र दास ने महाआरती उतारी और विभिन्न प्रकार के जूस, रस, फल, मिल्क बादाम, मिल्क शेक, लस्सी व मिठाई का भोग अर्पित किया। इसके बाद प्रभु का नौका विहार शुरू हुआ।

लगभग तीन घंटे तक हरिनाम संकीर्तन के बीच प्रभु ने नौका विहार का आनंद उठाया। नौका विहार के दर्शन के लिए आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। भक्तों ने पुष्प वर्षा की। वृज मंडल की तरह दूसरी बार नौका विहार महामहोत्सव का आयोजन इष्टिकापुरी की धरती पर हुआ था। महामहोत्सव में मौजूद हर भक्त प्रभु की नौका को स्पर्श करने लिए आतुर दिखाई दिया।

भक्तों के द्वारा विभिन्न वाद्य यंत्रों के बीच हरिनाम संकीर्तन करते हुए नृत्य भी किया गया। प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ। पंडित मनुपुत्र दास ने बताया कि गुरु परंपरा के द्वारा परम भगवान की सेवा के क्रम में भगवान को आनंद देने के लिए नौका विहार महा महोत्सव आयोजित किया जाता है ।



प्रभु नित्यानंद व गौरांग महाप्रभु को भक्तों के साथ नौका विहार कराते पं. मनुपुत्र दास।

# घर का ताला तोड़ जेवरात 40 हजार रुपये पार किए

संवाददाता, कुरारा

**अमृत विचार।** कस्बे के वार्ड नंबर नौ में चोरों ने विधवा के घर को निशाना बनाया। घर का ताला तोड़कर जेवरात व नकदी चोरी करके ले गए। पीड़िता ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

कस्बा के वार्ड नंबर नौ निवासी पीड़िता दयारानी पत्नी स्वर्गीय मनफूल ने दी तहरीर में बताया कि शनिवार की शाम खाना खाकर वह अपने बड़े लड़के के घर सोने चली गई थी। रविवार की सुबह घर वापस आई तो देखा कि मेन गेट के दरवाजे का ताला टूटा पड़ा था और अंदर जाकर देखा तो गृहस्थी वाले कमरे का सामान फैला पड़ा था। घर में रखे पायल बिछुआ मंगलसूत्र चार चूड़ी, सोने के टॉप्स, हरैया तोड़िया, 40 हजार रुपये नगदी गायब थे। पीड़ित महिला की तहरीर पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।



बिखरा पड़ा विधवा के घर का सामान। अमृत विचार

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

## योगी नंबर वन, 50 दिन में 151 जगह किया प्रचार



**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भाजपा को प्रदेश में मिशन-80 और देश में 370 सीटों के लक्ष्य तक पहुंचाने के लिए जबर्दस्त चुनाव प्रचार कर रहे हैं। जानकारी के मुताबिक योगी आदित्यनाथ 27 मार्च से 19 मई तक 50 दिन में 1113 जनसभाएं करके भाजपा के पक्ष में माहौल तैयार किया है। प्रदेश के साथही देश के दूसरे राज्यों में भी उनकी सभाएं हो रही हैं। जनसभाओं के अलावा उत्तर प्रदेशके मुख्यमंत्री ने 15 प्रबुद्ध सम्मेलन और एक दर्जन से ज्यादा रोड शो भी किए हैं। इसके अलावा वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के नामांकन में भी शामिल हुए थे।

### 5वें चरण की 49 सीटें

2019 का स्कोर कार्ड

| | |
|---|---|
| एनडीए | 39 |
| यूपीए | 08 |
| बीजद | 02 |

### इस बार किस दल के कितने हैं प्रत्याशी

| | |
|---|---|
| भाजपा | 40 |
| सहयोगी | 09 |
| कांग्रेस | 18 |
| सहयोगी | 31 |
| बीजद | 05 |
| टीएमसी | 07 |
| बसपा | 46 |

### चक्रव्यूह के पांचवें द्वार में मोदी सरकार के पांच मंत्री

- रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की लखनऊ से इस बार हैट्रिक की तैयारी
- अमेठी की दीदी मंत्री स्मृति इरानी को क्या इस बार मिलेगी चुनौती
- मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति को जीत के लिए मिली बसपा की संजीवनी
- जालौन से छठी बार संसद पहुंचने के लिए बेताब हैं मंत्री भानुप्रताप
- मंत्री कौशल किशोर को मोहनलाल गंज में देना पड़ रहा कड़ा इम्तिहान
- रायबरेली में राहुल गांधी की घेरेबंदी

सपा से धर्मेंद्र यादव, भाजपा से दिनेश लाल यादव और बसपा से मशहूद अहमद उम्मीदवार

# दो यादवों में नाक की लड़ाई बसपा ने त्रिकोणीय बनाई

दिग्विजय सिंह

आजमगढ़ संसदीय सीट

**अमृत विचार।** कैफी आजमी की धरती आजमगढ़ में इस बार चुनावी मुकाबला न सिर्फ दिलचस्प है, बल्कि कांटे का होने की उम्मीद है। यहां से सपा उम्मीदवार धर्मेंद्र यादव जहां 2022 के उप चुनाव में मिली हार की टीस मिटाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं, तो भाजपा के दिनेश लाल यादव निरहुआ जीत की लय बरकरार रखने की कोशिश में लगे हैं। बसपा ने यहां मशहूद अहमद के रूप में मुस्लिम चेहरा उतार कर मुकाबला त्रिकोणीय बनाने का पूरा प्रयास किया है। रविवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ यहां कमल खिलाने के लिए जोश भर गए हैं, अब सोमवार को पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव सभाएं करने आ रहे हैं, तो दो दिन बाद डिंपल यादव रोड शो करने वाली हैं।

2022 का उप चुनाव बसपा से मुस्लिम उम्मीदवार होने की वजह से ही सपा हारी थी। ऐसे में इस बार सपा मुकाबला जीतने के लिए अपने हर कील-कांटे को दुरुस्त करने में जुटी है। पार्टी ने बसपा के उस चेहरे को भी अपने साथ ले लिया है जो धर्मेंद्र यादव की हार का कारण बना था। हालांकि पिछले दो चुनावों में बसपा से खिसक कर भाजपा के पाले में जाने वाले दलित मतदाता इस बार किसके साथ रहेंगे, इसे लेकर कयासों का बाजार गर्म है।

आजमगढ़ सीट कभी कांग्रेस का गढ़ थी। 1952 से 1971 तक पांच चुनावों में कांग्रेस को ही जीत मिली, लेकिन 1977 में जनता पार्टी से रामनरेश यादव ने जीत दर्ज की थी। हालांकि 1978 के उप चुनाव में मोहसिना किदवई कांग्रेस से जीत गईं। 1980 में जनता पार्टी सेक्युलर और 1984 में कांग्रेस फिर जीती। लेकिन इस चुनाव के बाद कांग्रेस को यहां के मतदाताओं ने कभी जीतने का मौका ही नहीं दिया।





### राम मंदिर की लहर में यहां जीती थी बसपा

- 1989 के चुनाव में जब पूरे देश में राम मंदिर आंदोलन को लेकर लहर चल रही थी तब यहां से बसपा का हाथी दिल्ली पहुंचा था। 1991 में यह सीट जनता दल के खाते में गई और इसके बाद कभी सपा तो कभी बसपा के खाते में जाती रही। इस सीट से बसपा चार बार बसपा और चार बार सपा के सांसद बने। पहली बार 2009 में भाजपा यहां से जीती थी। तब पार्टी ने 2004 में बसपा के टिकट पर सांसद बने रमाकांत यादव को मैदान में उतारा था। इससे पहले रमाकांत यादव 1996 और 1999 में सपा के टिकट पर सांसद चुने गए थे।

**2022** का उप चुनाव बसपा से मुस्लिम उम्मीदवार होने की वजह से सपा हार गई थी।

**2014** और 2019 में मुस्लिम मतदाता सपा के साथ मजबूती से खड़े रहे थे

**2019** में अखिलेश यादव खुद मैदान में यहीं से उतरे और जीते भी

### एम-वाई समीकरण से सपा ने बनाया मजबूत गढ़

इस सीट पर यादव और मुस्लिम मतदाता निर्णायक भूमिका में हैं। सपा की जीत में एम वाई समीकरण ही काम करता रहा है। मुस्लिम और यादव मतदाताओं की एकजुटता से सपा जीतती रही। जब मुस्लिम दलितों के साथ बसपा के पक्ष में झुके तो बसपा को यहां से जीत मिल गई। 2014 और 2019 में मुस्लिम मतदाता सपा के साथ मजबूती से खड़े रहे लेकिन 2022 में बसपा ने शाह आलम गुड्डू जमाली को उतारा तो वे बसपा के साथ चले गए। परिणाम यह हुआ कि धर्मेंद्र यादव उप चुनाव हार गए। गुड्डू जमाली 2014 में भी बसपा से लड़े थे लेकिन दलित मतदाताओं के भाजपा में शिफ्ट होने का नुकसान उन्हें हुआ था। तब उन्हें 2,66,528 वोट से ही संतोष करना पड़ा था। उप चुनाव में भी उन्हें 2,66, 210 वोट मिले थे।

### गढ़ दरकता देख खुद उतरे थे मुलायम सिंह

- सपा इस सीट को अपना मजबूत गढ़ मानती है, लेकिन जब 2004 के बाद 2008 के उप चुनाव में बसपा यहां से जीती और 2009 में भाजपा को जीत मिली तो 2014 में खुद सपा प्रमुख मुलायम सिंह यादव को आजमगढ़ के मैदान में उतरना पड़ा। इस चुनाव में भाजपा ने रमाकांत यादव को उनके मुकाबले उतारा। रमाकांत यादव ने मुलायम सिंह को कड़ी टक्कर दी, लेकिन चुनाव हार गए। यही वजह है कि 2019 में अखिलेश यादव खुद मैदान में यहीं से उतरे और जीते भी। अखिलेश यादव के त्यागपत्र के बाद जब इस सीट पर उप चुनाव हुआ तो धर्मेंद्र यादव मैदान में आए। लेकिन उन्हें हार का सामना करना पड़ा और भाजपा यहां से दूसरी बार जीती।

### विधानसभा की सभी पांच सीटें सपा के पास

- विधानसभा की पांच सीटें इस लोकसभा क्षेत्र में आती हैं। इन सभी पर सपा का कब्जा है। आजमगढ़ सदर सीट पर लगातार छह बार से पार्टी के दुर्गा प्रसाद यादव जीत रहे हैं। इससे पहले भी वे यहां से विधायक बनते रहे हैं। इस सीट पर मुस्लिम व यादव आबादी का दबदबा है। मुबारकपुर विधानसभा क्षेत्र में भी मुस्लिम निर्णायक भूमिका में हैं तो सगड़ी में यादव मतदाता, मुस्लिम मतदाताओं के साथ जीत की इबारत लिखते हैं। यही सपा की मजबूती है।

### रमाकांत के जेल में होने से सपा की रणनीति थोड़ी गड़बड़ाई है

- बाहुबली रमाकांत यादव का जेल में होना सपा को नुकसान पहुंचा रहा है। यादव मतदाताओं में मजबूत पकड़ रखने वाले रमाकांत यादव सपा के फूलपुर पवई विधानसभा सीट से विधायक हैं। यह सीट वैसे तो लालगंज संसदीय क्षेत्र में आती है लेकिन रमाकांत का दबदबा सगड़ी, गोपालपुर, आजमगढ़ सदर आदि विधानसभा क्षेत्रों में भी है। बूथ मैनेजमेंट का उन्हें माहिर माना जाता है।

# कारगिल में निर्दलीय व लेह में भाजपा-कांग्रेस की टक्कर

चुनाव डेस्क

**अमृत विचार।** केंद्र शासित प्रदेश बनने के बाद लद्दाख में सोमवार को पहले लोकसभा चुनाव के लिए मतदान होगा। लद्दाख में पिछले दो चुनावों में भारतीय जनता पार्टी द्वारा उतारे गए दो बौद्ध प्रत्याशियों ने जीत हासिल की थी। इस बार लद्दाख सीट पर तीन उम्मीदवार मैदान में हैं। भाजपा ने मौजूदा सांसद की जगह ताशी ग्यालसन और कांग्रेस ने त्सेरिंग नामग्याल को मैदान में उतारा है। लेकिन यहां चुनाव प्रचार बंद होने के बाद त्रिकोणीय मुकाबले की तस्वीर सामने आयी है। लद्दाख में दो जिले लेह और कारगिल हैं। भाजपा और कांग्रेस ने लेह क्षेत्र से उम्मीदवार उतारे हैं, जबकि कारगिल से निर्दलीय हाजी हनीफा जान चुनाव लड़ रहे हैं। कारगिल में हनीफा को नेशनल कॉन्फ्रेंस, कांग्रेस और कारगिल डेमोक्रेटिक अलायंस के समर्थकों का भी पूरा साथ मिलता नजर आया है। करगिल में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी के विरोध के कारण नेशनल कॉन्फ्रेंस की पूरी यूनिट ने इस्तीफा दे दिया था। करगिल की कांग्रेस इकाई भी यहां अपने उम्मीदवार का समर्थन नहीं कर रही है। ऐसे में माना जा रहा है कि यहां भाजपा और निर्दलीय हनीफा के बीच मुकाबले में कांग्रेस तीसरा कोण बना रही है। लद्दाख के लेह और कारगिल में कुल 577 मतदान केंद्र स्थापित किए गए हैं।

# कांग्रेस की आधा दर्जन सीटों पर अग्नि परीक्षा

चुनाव डेस्क



- प्रदेश से 2014 में दो और 2019 में एक सीट जीतने वाली पार्टी को इस बार तालिका में सुधार की उम्मीद

**अमृत विचार ।** उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी के साथ गठबंधन में कांग्रेस को जो 17 सीटें मिली हैं, उनमें सात सीटों पर चार चरणों में मतदान हो चुका है। पांचवें चरण में कांग्रेस के खाते वाली चारों सीटें अमेठी, रायबरेली, बाराबंकी और झांसी हैं, जिन पर सोमवार को वोट पड़ेंगे। इसके बाद अगले दो चरणों में कांग्रेस को अपने हिस्से की आधा दर्जन सीटों पर चुनावी इम्तिहान देना है। ऐसे में बड़ा सवाल है कि 2014 में प्रदेश से दो और 2019 में एक सीट जीतने वाली कांग्रेस इस बार अपनी तालिका में कितना सुधार कर पाएगी।

कांग्रेस पांचवें चरण की चार सीटों में रायबरेली में राहुल गांधी की जीत के लिए आश्वस्त है, तो अमेठी में केएल शर्मा और बाराबंकी में तनुज पुनिया के बाद झांसी में प्रदीप जैन आदित्य के सीधी लड़ाई में होने से सकारात्मक अवसर देख रही है। इसके बाद बचे दो चरणों के चुनाव में कांग्रेस को सबसे ज्यादा उम्मीद प्रयागराज से हैं, जहां उसने रेवती रमण सिंह के बेटे उज्जवल रमण सिंह को मैदान में उतार रखा है। बांसगांव में सदल प्रसाद पिछली बार बसपा से चुनाव लड़कर दूसरे नंबर पर रहे थे, इस बार वह कांग्रेस के उम्मीदवार हैं। यहां पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष खरगे सभा करने गए थे। देवरिया में कांग्रेस अपने राष्ट्रीय प्रवक्ता अखिलेश प्रताप सिंह की जीत का मौका देख रही है। महाराजगंज में कांग्रेस से उतरे वीरेंद्र सिंह ने मुकाबला त्रिकोणीय बना रखा है। सीतापुर से पार्टी ने राकेश राठौर पर दांव लगा रखा है। वाराणसी में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय चुनाव मैदान में हैं, लेकिन कांग्रेस यहां सिर्फ अपना आधार बनाए रखने की लड़ाई लड़ रही है।



मांगे वोट

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम बंगाल के मेदिनीपुर के खड़गपुर में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए टीएमसी पर जमकर हमला बोला।

### यूपी में आज कौन कहां से मुकाबले में

| लोकसभा सीट | भाजपा | सपा-कांग्रेस | बसपा |
|---|---|---|---|
| अमेठी | स्मृति इरानी | केएल शर्मा | नन्हे सिंह चौहान |
| रायबरेली | दिनेश प्रताप सिंह | राहुल गांधी | ठाकुर प्रसाद यादव |
| लखनऊ | राजनाथ सिंह | रविदास मेहरोत्रा | सरवर मलिक |
| जालौन | भानुप्रताप वर्मा | नारायण दास अहिरवार | सुरेश चंद्र गौतम |
| मोहनलाल गंज | कौशल किशोर | आरके चौधरी | राजेश कुमार |
| झांसी | अनुराग शर्मा | प्रदीप जैन आदित्य | रवि प्रकाश |
| फतेहपुर | साध्वी निरंजन ज्योति | नरेश उत्तम पटेल | डॉ.मनीष सचान |
| कौशांबी | विनोद सोनकर | पुष्पेंद्र सरोज | शुभ नारायण |
| बाराबंकी | राजरानी रावत | तनुज पुनिया | शिवकुमार दोहरे |
| फैजाबाद | लल्लू सिंह | अवधेश प्रसाद | सच्चिदानंद पांडेय |
| कैसरगंज | करण भूषण सिंह | भगतराम मिश्रा | नरेंद्र पांडेय |
| गोंडा | कीर्ति वर्द्धन सिंह | श्रेया वर्मा | सौरभ मिश्रा |
| बांदा | आरके सिंह पटेल | कृष्णा देवी | मयंक द्विवेदी |
| हमीरपुर | कु. पुष्पेंद्र सिंह | अजेंद्र सिंह राजपूत | निर्दोष कुमार दीक्षित |



समर्थन करें

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दक्षिणी दिल्ली से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी सहीराम पहलवान के समर्थन में कालका जी में रोड शो किया।

# पश्चिम बंगाल की सात सीटों पर क्या पलटेगा परिणाम

मनोज त्रिपाठी

**अमृत विचार।** पांचवे चरण में सोमवार को पश्चिम बंगाल की सात लोकसभा सीटों बनगांव, हावड़ा, उलूबेरिया, श्रीरामपुर, हुगली, आरामबाग और बैरकपुर पर भी मतदान हो रहा है। 2019 में इन सात में चार सीटें टीएमसी जीतने में कामयाब रही थी जबकि भाजपा केवल तीन सीटें ही जीत सकी थी। इस बार भाजपा ने कम से कम पांच सीटें जीतने के लिए जोर लगाया है।

**हुगली में दो अभिनेत्रियों के बीच कड़ा संघर्ष :** हुगली लोकसभा सीट पर दो अभिनेत्रियों के बीच कड़ा मुकाबला हुआ है। भाजपा की हुगली से सांसद लॉकेट चटर्जी को टीएमसी की तरफ से मैदान में उतरीं रियलिटी शो 'दीदी नंबर 1' की एंकर और अभिनेत्री रचना बनर्जी ने कड़ी टक्कर दी है। हुगली लोकसभा क्षेत्र में आने वाले सात विधानसभा क्षेत्रों में टीएमसी के विधायक हैं। चुनावी जंग में दोनों अभिनेत्रियां एक-दूसरे पर निजी हमला करने से बचती रहीं, इसकी वजह उनके बीच अच्छे दोस्ताना संबंध होना रहा। दोनों ने कई बंगाली फिल्मों में एक-दूसरे के साथ काम भी किया है।

**बैरमकुपर में दलबदल पर भाजपा का दांव :** बैरकपुर में बिहार और उत्तर प्रदेश के हिंदी भाषी मतदाताओं की काफी संख्या है। बैरकपुर में 2019 से 2021 के बीच राजनीतिक हिंसा चरम पर थी। इस बार भी यहां 2019 जैसी चुनावी लड़ाई है। 2019 के चुनाव से पहले अर्जुन सिंह टीएमसी छोड़कर भाजपा में शामिल हो गए थे। तीन साल भाजपा सांसद रहने के बाद अर्जुन सिंह दोबारा टीएमसी में चले गए, लेकिन टीएमसी ने जब लोकसभा का टिकट नहीं दिया तो अर्जुन सिंह फिर भाजपा में लौट आए। 2019 के चुनाव में उन्होंने टीएमसी के उम्मीदवार दिनेश त्रिवेदी को 14,000 वोटों से हराया था। इस बार बैरकपुर में भाजपा सांसद अर्जुन सिंह का मुकाबला पार्थ भौमिक (टीएमसी) और देबदत घोष सीपीआई-एम के साथ हुआ है।

**उलुबेरिया में टीएमसी की पांचवी जीत की शोर:** उलुबेरिया में तृणमूल कांग्रेस का पलड़ा एख बार फिर भारी नजर आता है। पार्टी इस सीट पर अपनी लगातार पांचवीं जीत की उम्मीद कर रही है। भाजपा का संगठन यहां कमजोर है। टीएमसी सांसद सजदा अहमद का मुकाबला यहां भाजपा के अरुण दयाल चौधरी और कांग्रेस के अजहर मॉलिक से हुआ है। यहां करीब 28 प्रतिशत मुस्लिम मतदाता है। भाजपा यहां हिंदू मतों के ध्रुवीकरण की उम्मीज कर रही है।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी



मुख्यमंत्री ममता बनर्जी

### श्रीरामपुर में टीएमसी को चौथी जीत का भरोसा

श्रीरामपुर लोकसभा सीट पर एक चौथाई मतदाता राजस्थान, बिहार या उत्तरप्रदेश के हैं, जो अब वहां बस चुके हैं। टीएमसी के कल्याण बनर्जी श्रीरामपुर से सांसद हैं। वह जीत की हैट्रिक लगा चुके हैं। टीएमसी ने फिर से उन्हें उम्मीदवार बनाया है। साल 2019 के लोकसभा चुनाव में कल्याण बनर्जी ने भाजपा के देबजीत सरकार को पराजित किया था। इस बार कल्याण बनर्जी का मुकाबला भाजपा के कबीर शंकर बोस से हुआ है। 2014 में भाजपा से लड़े संगीतकार बप्पी लाहिड़ी यहां चुनाव हार चुके हैं।

### बनगांव में केंद्रीय मंत्री शांतनु ठाकुर को दूसरी बार जीत का भरोसा

बनगांव बांग्लादेश की सीमा पर स्थित है। इस कारण यहां देश की स्वतंत्रता और बांग्लादेश युद्ध के समय बड़ी संख्या में आए हिंदू शरणार्थी बसे हैं। बांग्लादेश के हिंदू शरणार्थी यानी मतुआ समुदाय ही यहां हार-जीत तय करता है। 2019 में पहली बार भाजपा यहां जीती थी। इस सीट के भाजपा सांसद केंद्रीय राज्य मंत्री शांतनु ठाकुर मतुआ समुदाय से आते हैं। साल 2019 में उन्होंने अपनी भाभी ममता ठाकुर को 1,11,594 मतों से हराया था। इस बार भाजपा से उतरे शांतनु ठाकुर का मुकाबला टीएमसी के विश्वजीत दास और कांग्रेस के प्रदीप विश्वास से हो रहा है।

# विरासत की कहानी में बदलाव की आहट

चुनाव डेस्क

**अमृत विचार।** हाजीपुर का केला अगर देश भर में मशहूर है, तो यह लोकसभा सीट दिवंगत नेता रामविलास पासवान के नाम से जानी जाती रही है। अपने चाचा हाजीपुर के मौजूदा सांसद पशुपति पारस से पिता रामविलास पासवान की विरासत की जंग जीतने के बाद उनके पुत्र लोजपा अध्यक्ष चिराग पासवान ने इस बार हाजीपुर से लोकसभा में पहुंचने के लिए कोई कोर-कसर बाकी नहीं रखी है। पांचवें चरण में सोमवार को उनकी सीट पर भी मतदान होना है। यहां उनको लालू प्रसाद यादव की पार्टी राजद के पूर्व मंत्री शिवचंद्र राम ने कड़ी टक्कर दी है।

मतदान से पहले हाजीपुर लोकसभा क्षेत्र एनडीए और इंडिया गठबंधन के लिए प्रतिष्ठा का सवाल बन चुका है। दोनों पक्ष अपने ज्यादा से ज्यादा वोटरों को बूथ तक पहुंचने के लिए जोर कसे हैं। यहां पूरी लड़ाई विरासत और बदलाव के बीच नजर आ रही है। चुनाव प्रचार के दौरान हाजीपुर से आठ बार चुनाव जीतने वाले रामविलास पासवान की कमी उनके बेटे चिराग पासवान पूरी करने का वायदा लोगों से करते रहे हैं। उन्होंने लोगों से भावनात्मक अपील की है कि आपका एक-एक वोट रामविलास पासवान के अधूरे सपने को पूरा करने के लिए मुझे मजबूत बनाएगा। इसके जवाब में राजद उम्मीदवार शिवचंद्र राम शुरू से लोगों को यही समझाने में लगे रहे हैं कि स्थानीय उम्मीदवार ही आपके लिए हर समय उपलब्ध रह सकता है और हाजीपुर की समस्याओं का समाधान कर सकता है। उन्होंने चुनाव को स्थानीय बनाम बाहरी बनाने का पूरा प्रयास किया है। शिवचंद्र हाजीपुर से कई चुनाव लड़ चुके हैं। दो बार राजद से विधायक और मंत्री रहे हैं। चिराग पासवान से उनकी यहां सीधी लड़ाई है। चिराग को जातिगत वोट, पीएम मोदी का नाम, भाजपा और मुख्यमंत्री नितीश के जनता दल (यू) के वोटों का आसरा है।

2019 में लोजपा ने छह सीटें जीती थीं, तब रामविलास चुनाव नहीं लड़े थे। हाजीपुर से अपने भाई पारसनाथ को उतारा था, जो जीतकर सांसद बने थे और लोजपा में विभाजन के बाद पांच सांसदों के साथ मोदी सरकार को समर्थन देकर केंद्र में मंत्री बने थे। उधर, चिराग पासवान 2019 में जमुई से सांसद चुने गए थे। रामविलास की गैर मौजूदगी में यह पहला चुनाव है जब चिराग खुद जीत हासिल करने के साथ अब लोजपा (र) की पांच सीटें बचाने का दारोमदार है।



चिराग पासवान।



शिवचंद्र राम।

सन्तोषस्त्रिषु कर्तव्यः स्वदारे भोजने धने।
त्रिषु चैव न कर्तव्योऽध्ययने जपदानयोः॥

व्यक्ति को अपनी ही पत्नी से संतोष कर लेना चाहिए,चाहे वह रूपवती हो अथवा साधारण,वह सुशिक्षित हो अथवा निरक्षर-उसकी पत्नी है यही बड़ी बात है।

## संपादकीय

# वृद्धि की राह पर भारत

भू-राजनीतिक स्थितियों की वजह से उथल-पुथल के दौर में भारत ने स्वयं को जिस तरह हालात के अनुसार ढाला, उससे स्पष्ट हो गया कि भविष्य में वैश्विक बाजार को आकार देने में भारत मुख्य भूमिका निभाएगा। वास्तव में भारत दशक की सबसे बड़ी वृद्धि की राह पर है। चीन, जापान और यूरोपीय देशों में बढ़ती उम्र वाली आबादी के विपरीत भारत की आबादी बढ़ रही है। तेजी से बढ़ती जनसंख्या और तीव्र आर्थिक विकास की वजह से भारत में ऊर्जा की मांग बहुत ज्यादा है। दीर्घावधि में 1-2 प्रतिशत के स्तर तक पहुंचने से पहले प्राथमिक ऊर्जा मांग अगले 10 वर्षों में सालाना 3-4 प्रतिशत बढ़ने का अनुमान है। अहम सवाल यह है कि क्या भारत इस अवसर का लाभ उठा सकता है और किस हद तक? भारत ने काफी सावधानी से क्षेत्रीय जटिलताओं, चीन के साथ अपने संबंधों और इंडो-पैसेफिक क्षेत्र की रणनीतियों के मद्देनजर अपनी स्वायत्त नीति को बरकरार रखा। इसमें कोई शक नहीं कि भारत का ऊर्जा व्यापार क्षेत्र रूस-यूक्रेन युद्ध की वजह से बड़े स्तर पर प्रभावित हुआ है। भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए काफी हद तक आयात पर निर्भर है, खासकर तेल और गैस के मामले में।

ऊर्जा असुरक्षा बहुआयामी है, इसलिए जीवाश्म ईंधन से चलने वाली ऊर्जा प्रणाली से सौर, पवन, बायोमास, हाइड्रोजन आदि जैसी नवीकरणीय ऊर्जा प्रणालियों में संक्रमण से जुड़ा एक सर्वव्यापी समाधान समय की मांग है। नवीकरणीय ऊर्जा प्रणाली न केवल ऊर्जा प्रणालियों की सामर्थ्य, सुरक्षा का वादा करती है, बल्कि वे टिकाऊ भी हैं। अधिक लचीली, समावेशी और स्वच्छ ऊर्जा प्रणाली बनाने में नवीकरणीय ऊर्जा एक निर्विवाद भूमिका निभाती है। भारत ने हाल के वर्षों में अपनी ऊर्जा आपूर्ति में विविधता ला दी है। यह वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों पर ध्यान केंद्रित कर रहा है और गैस आधारित अर्थव्यवस्था, हरित हाइड्रोजन और इलेक्ट्रिक वाहनों के माध्यम से अपने ऊर्जा परिवर्तन को पूरा कर रहा है। नवीकरणीय ऊर्जा के प्रति सरकार की बिना शर्त प्रतिबद्धता के परिणाम स्वरूप, नवीन नीतियों और प्रोत्साहनों के साथ भारत ने धीरे-धीरे ऊर्जा के अधिक नवीकरणीय स्रोतों (सौर, बायोगैस, आदि) सहित हरित ऊर्जा परिदृश्य के लिए मंच तैयार किया है। भारत अभी भी अपनी 80 प्रतिशत से अधिक ऊर्जा जरूरतों को मुख्य रूप से तीन ईंधनोः कोयला, तेल और बायोमास से पूरा करता है। रूस-यूक्रेन संघर्ष की छाया वैश्विक ऊर्जा बाजार में स्पष्ट रूप से दिख रही है। रूस-यूक्रेन संघर्ष ने भारत के व्यापक आर्थिक परिदृश्य और ऊर्जा क्षेत्र पर काफी प्रभाव डाला है। इसलिए भारत को अभी भी एक लंबा रास्ता तय करना है।

# विद्रोह और आतंकवाद में वैचारिकी का फर्क



रणवीर सिंह फोगाट
इतिहासकार

भारत में ब्रिटिश राज के समय में भारत पर ब्रिटिश शासन के विरोध में सन् 1910 के बाद से भारतीय उग्रवादी समूहों ने कई हमले किए थे,लेकिन मकसद अलग था। ब्रिटिश लोग मूलतः एक कौम नहीं है,बल्कि अनेक एथनिक कम्युनिटीज की संकर नस्लों से बनी हुई एक केटेगरी मात्र हैं,लेकिन अब वे एक 'नेशनलिटी' हैं।

भगत सिंह के पैटर्न पर वैसा ही कारनामा कोई आज अगर करे तो? जैसे कि सांडर्स को गोली मार देना और पार्लियामेंट हाउस में सिर्फ धमाका पैदा करने और धुंआ फैलाने वाला बम फेंकना। क्या ऐसा करना 'देशभक्ति' होगी या आतंकी कार्रवाई? अभी कुछ दिन पहले भारतीय संसद में ऐसा हो ही गया था। इससे पहले 13 दिसंबर सन् 2001 को संसद भवन पर आतंकियों के हमले से यह घटना अलग उद्देश्य और तरीके वाली थी। सन् 2018 के जून महीना से लेकर अक्टूबर 2023 के बीच देश में कुल 119 आतंकी घटनाएं हुई हैं। इन सबका मकसद अलग रहा। इनमें जनजातीय हिंसक घटनाएं भी शामिल हैं। विभिन्न प्रकार के जनांदोलनों को भी कमतर समझ के लोग आजकल 'आतंकी' कार्रवाई मानते हैं।

भारत में ब्रिटिश राज के समय में भारत पर ब्रिटिश शासन के विरोध में सन् 1910 के बाद से भारतीय उग्रवादी समूहों ने कई हमले किए थे,लेकिन मकसद अलग था। ब्रिटिश लोग मूलतः एक कौम नहीं है,बल्कि अनेक एथनिक कम्युनिटीज की संकर नस्लों से बनी हुई एक केटेगरी मात्र हैं,लेकिन अब वे एक 'नेशनलिटी' हैं। पिछले तीन सौ सालों से ब्रिटिश ताज पर जर्मनी के हैनोवर वंश के लोगों का अधिकार है। स्कॉटलैंड बहुत बाद में इंग्लैंड के साथ मिला और बाद में आयरलैंड के उत्तरी हिस्से को भी जीतकर मिला लिया गया। अब यह यूनियन ऑफ इंग्लैंड,स्कॉटलैंड और आयरलैंड अर्थात् यूनाइटेड किंगडम कहा जाता है। स्कॉटलैंड और इंग्लैंड के राष्ट्रीय ध्वज को मिलाकर ही यूनियन जैक बना। 12 अप्रैल 1606 को इंग्लैंड और स्कॉटलैंड के बीच इस शाही संघ का प्रतिनिधित्व करने के लिए एक नया झंडा एक शाही डिक्री में निर्दिष्ट किया गया था जिसके अनुसार इंग्लैंड का झंडा,एक सफेद पृष्ठभूमि पर एक लाल क्रॉस,जिसे सेंट जॉर्ज क्रॉस के रूप में जाना जाता है और झंडा स्कॉटलैंड, नीले रंग की पृष्ठभूमि पर एक सफेद साल्टायर (एक्स-आकार का क्रॉस या सेंट एंड्रयूज क्रॉस), इंग्लैंड और स्कॉटलैंड के ध्वज में शामिल हो था। इंग्लैंड के या यूरोप के इतिहास में सामंतशाही का युग बहुत ही क्रूरतापूर्ण रहा है। ग्रेट ब्रिटेन में विक्टोरियन एरा ही उन्नति का युग रहा जब अनेक क्षेत्रों में तरक्की होने के कारण ब्रिटिश

म्युटिनी से होते हुए आजादी के लिए पहली जंग तक पहुंचने की दास्तानों का बड़ा दस्तावेजीकरण हुआ है। रूस और फ्रांस की 'क्रांतियों' को भी विद्रोह की संख्या दी गई,लेकिन राजद्रोह तो किसी ने नहीं कहा।

लोग अपने टापुओं को छोड़कर साहसी नौवहन की परंपराओं से जुटाई गई जानकारी और संसाधनों के बल पर दुनिया के बहुत से इलाकों पर काबिज हो गए और एक एंपायर खड़ी कर लिया। क्रूरता और टेक्नोलॉजी खासतौर से फायरआर्म्स के बिना यह कैसे संभव था? अंग्रेजों ने भारत में संगठित और अनुशासित ईस्ट इंडिया कंपनी की सेना के जरिए भारत की उन अनेक रियासतों को युद्ध में झोंककर और इन्हें जीतकर 'ब्रिटिश इंडिया' क्रिएट किया। इन्हें 'विजित प्रदेश' कहा गया और बहुत से इलाकों को 'सरंडर्ड टेरिटरी' कहा गया। भारत में इन्हीं तत्वों ने अंग्रेजों को हम पर बढ़त दी। पहले से कमजोर और डगमगाए हुए मुगल शासन को अंग्रेजों ने एक ही वार में ध्वस्त कर दिया,लेकिन यह आतंकी कार्रवाई नहीं कही गई। यह चकित करने वाली बात हमें इतिहासकार बताते हैं। एक अंग्रेज़ ने ही ऐसी किताब लिखी है जिसमें अंग्रेजों द्वारा भारत में मिलिट्री या पुलिस का इस्तेमाल करके जुल्म करने की पूरा विवरण एक समयक्रम से दर्ज है।

टुकड़ों में बंटे हुए भारत का अंग्रेजों ने री-यूनिफिकेशन किया। गलत और सही का सवाल उठाए बिना तथ्यों के आधार पर इतिहास को देखना चाहिए और ऐसा सोचने से कि 'वह नहीं होता तो यह होता',कोई लाभ नहीं। 'हिस्ट्री इज नॉट ए सिमुलेशन ऑफ सिचुएशंस'। ऐसे में अगर ब्रिटिश एडमिनिस्ट्रेशन ने भगत सिंह को एक टेररिस्ट कहा तो उस समय की सोच और सिर्फ ब्रिटिश हित या 'इंडियन एंपायर' को ध्यान में रख कर कहा और आज के जमाने में माओवादियों, नक्सलियों,खालिस्तानियों और कश्मीर में सक्रिय आतंकी गुटों को आतंकी कहना इसलिए उचित है कि वे भारत में अमन चैन को ही अस्त-व्यस्त नहीं करते, बल्कि भारत की अखंडता पर आघात करते हैं। भावना किसकी उचित है, किसकी नहीं यह शासनकर्ताओं के मिजाज पर नहीं,बल्कि सांस्कृतिक और प्रशासनिक दृष्टि से एक संप्रभु रहने वाली और राष्ट्रीयता के नाम पर एकजुट कौमों की सर्वोपरि इच्छा पर निर्भर है। अंग्रेजी राज के दौर में भी भारत सांस्कृतिक और प्रशासनिक दृष्टि से मोटे तौर पर एक 'संप्रभु' राष्ट्र रहा,लेकिन राजनैतिक संप्रभुता या प्रभुसत्ता किसी और अर्थात् सम्राज्यवादी अंग्रेजों के पास थी। इन अंग्रेजों में से 95 प्रतिशत से अधिक स्कॉटलैंड के थे या फिर एंग्लो-इंडियंस। इतिहास के किन्हीं पन्नों में दर्ज है कि भारत में अंग्रेजी हकूमत स्कॉट्स के बिना असंभव थी और इसे डाटकर रखना और भी मुश्किल। राजनैतिक प्रभुसत्ता की इच्छा और ताकत को साम्राज्य की कॉलोनी में अगर कोई चैलेंज करता है तो उसे निश्चित रूप से टेररिस्ट या आतंकी ही कहा जाएगा,ऐसा साम्राज्यवादियों के शब्दकोष में दर्ज होता है। संप्रभुता का हनन करने वाले के विरुद्ध अगर हिंसा का इस्तेमाल करते हुए जो भी मारा जाता है,उसे 'मार्टेयर' या देश पर प्राण न्योछावर करने की स्थिति में वीरगति होना या शहीद होना कहा जाता है। इसलिए इस बिंदु पर गौर करने के लिए हमें हिस्ट्री ऑफ टेररिज्म को देखना चाहिए। यह भी कि टेररिज्म और 'आर्म्ड रेजिस्टेंस फॉर फ्रीडम' के परिदृश्य में 'रेवलुशन' के नियम और आदर्श कैसे फिट बैठते हैं।

माओवादी और खालिस्तानी हों या श्रीलंका में लिट्टे तमिलियंस और कश्मीर के जिहादी इन्हें किसी भी माने में नेताजी सुभाष चंद्र बोस द्वारा खड़ी की गई आजाद हिंद फौज की स्थापना और मकसद की 'आइडियोलॉजी' से नहीं मापा जा सकता। मूल्यांकन का पैमाना ही मौलिक अंतर पैदा करता है,लेकिन सबसे अहम होती है संगठन की ताकत। स्टेट या राज्य के संगठन की ताकत अगर अधिक है या बड़ी है तो वह विरोधी को कुचल देती है। बेशक सुभाष चंद्र बोस की या लिट्टे के प्रमुख प्रभाकरन की 'आइडियोलॉजी' कितना भी सही क्यों न रही हों। अर्थात् गलत आइडियोलॉजी के साथ अगर ब्रिटिश लोग भारत पर अधिपत्य जमा कर बैठे रहे तो उन्हें किसी भी उपाय से देश से निष्काषित करना आइडियोलॉजी के अनुसार उचित है,यह बीसवीं सदी के दूसरे और तीसरे दशक के भारत के परिदृश्य में देखना होगा। यह या ऐसी आइडियोलॉजी किसी और रूप में भी सक्रिय होती है और हुई है। जैसे मोहनदास करमचंद गांधी का उदय और इनका क्रमशः विकास या पॉलिटिकल एव्ल्युशन जिसकी नींव अहिंसा और रचनात्मक विरोध न विद्रोह पर आधारित रही थी। गांधी जी कभी पॉलिटिकल व्यक्तित्व थे ही नहीं। वे हमेशा सोशियो पॉलिटिकल रहे और ब्रिटिश हकूमत को यह अहसास दिलाकर कि भारत पर उनका कब्जा खुद उनकी अपनी नैतिकता और ब्रिटिश लोकतांत्रिक मूल्यों के आधार पर,उनके अपने पॉलिटिकल थिंकर्स की थ्योरीज और आइडियोलॉजीज के मुताबिक गलत और अनैतिक है,स्वाधीनता की ओर ले गए थे।

अराजकता(एनार्की),सशस्त्र विद्रोह या काउंटर टेररिज्म दुनिया के लिए नई बात नहीं है। आतंकवाद के इतिहास पर इसकी उत्पत्ति और क्रमशः विकास के बारे में हमारे पास सैंकड़ों की संख्या में आज पुस्तकें हैं। वैश्विक मानव थ्योरीज हमेशा से ही स्वतंत्रता को सर्वोपरि मानती रही है चाहे कबीलाई युग रहा हो,वर्तमान की लोकतांत्रिक या निरंकुश सरकारें या नाजायज सरकारों को चैलेंज करने वाली विद्रोही सेनाएं जो अनेक मुल्कों में, खासतौर से अफ्रीकी देशों सक्रिय हैं।

क्या पॉलिटिकल थ्योरिस्ट्स विद्रोह को क्रांति या क्रांति को बाद में विद्रोह कह सकते हैं? उदाहरण के लिए सन् 1857 में हिन्दुस्तान में ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी के लंबे समय से चले आ रहे अत्याचार पूर्ण रवैये,घोर अन्याय और शोषण के विरुद्ध ही तंग आकर भारतीयों ने सशस्त्र विद्रोह किया जिसे अंग्रेजों ने 'सीपाय म्युटिनी' कहा। भारत का प्रथम स्वतंत्रता संग्राम कहा गया । म्युटिनी से होते हुए आजादी के लिए पहली जंग तक पहुंचने की दास्तानों का बड़ा दस्तावेजीकरण हुआ है। रूस और फ्रांस की 'क्रांतियों' को भी विद्रोह की संख्या दी गई,लेकिन राजद्रोह तो किसी ने नहीं कहा।

भारत को स्वाधीन करने के लिए आतंकी उपायों का समर्थन गांधी जैसे युगपुरुष ने कभी नहीं किया,लेकिन आइडियोलॉजी के अंतर्गत भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु को आम मुआफी (जनरल रेप्रीव) के लिए क्यों विचाराधीन न रखा गया,यह एक रहस्य ही बना रहेगा।

## प्रसंगवश

# राम मंदिर पर बुलडोजर



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत पीसीएस

चुनाव प्रचार चरम पर है। इसके साथ-साथ प्रचार का स्तर भी उत्तरोत्तर घटिया होता जा रहा है। ऐसे में बड़े नेता को पुष्ट आधार वाली ही बातें कहनी चाहिए न कि निराधार,उत्तेजना फैलानी वाली कटूक्तियां। बाराबंकी, फतेहपुर, हमीरपुर आदि की जनसभाओं में कहा गया है कांग्रेस अयोध्या के निर्मित हो रहे राम मंदिर पर बुलडोजर चलवा देगी। सवाल उठता है कि क्या कांग्रेस ने ऐसा अपने घोषणा पत्र में कहा है? यदि नहीं तो ऐसा आधारहीन भाषण देकर सनसनी क्यों फैलाई जा रही है? बुलडोजरों से निर्माणों के ध्वस्तीकरण की परंपरा तो भाजपा ने डाली है और वाराणसी में विकास और नव निर्माण के नाम पर तमाम मंदिर गिराए भी गए हैं। जिस अयोध्या मंदिर का पूरा श्रेय लिया जा रहा है। वहां बाबरी मस्जिद के रहते रामलला का श्री विग्रह तो 23 दिसंबर,1949 में ही प्रतिष्ठित कर दिया गया था,जब प्रधानमंत्री पं.जवाहरलाल नेहरू थे। यह आधार न पड़ गया होता,तो बाद की कार्रवाईयां, मुकदमें बाजी, मस्जिद ध्वस्तीकरण आदि होता कैसे? गुजरात के सोमनाथ मंदिर का जीर्णोद्धार सरदार पटेल के प्रयासों से ही हुआ और ज्योतिर्लिंग स्थापना 11 मई, 1951 को डॉ. राजेन्द्रप्रसाद ने की थी। ये लोग कांग्रेसी ही थे। पुस्तक "फ्रीडम ऐट मिड नाइट" में उल्लेख है कि आजादी की रात राजेंद्र बाबू के दिल्ली आवास पर हवन हो रहा था। इस पुस्तक के लेखक अंग्रेज थे,कांग्रेसी नहीं। जवाहरलाल नेहरू ने अपनी वसीयत में लिखा था कि मरणोपरांत उनके शरीर की भस्म का एक भाग वायुयान से भारत की भूमि पर और शेष संगम (इलाहाबाद) में विसर्जित कर दिया जाए। उनकी पुस्तक "डिस्कवरी ऑफ इंडिया" में वेदों,उपनिषदों के विपुल संदर्भ आए हैं,जो वैदिक वाङ्मय के उनके गहरे अध्ययन के द्योतक हैं। ऐसे में स्पष्ट किया जाना चाहिए कि कांग्रेस शासनकाल में कितने मंदिर तोड़े गए और वर्तमान आशंका कि राम मंदिर पर कांग्रेस बुलडोजर चलवा देगी, का पुष्ट और विश्वसनीय आधार क्या है?

# हीट वेव जोखिम न्यूनीकरण के उपाय



डॉ. नन्द किशोर साह
इटावा

सभी विद्यालयों में पेयजल एवं पंखों की व्यवस्था सुनिश्चित हो। बच्चों को हीट वेव से बचने की ज्यादा से ज्यादा जानकारी दी जाए। अग्निशमन हर समय एक्शन मोड में रहें,जहां भी आगजनी की समस्या सुनने को मिले तत्काल कार्यवाही करें। जर्जर, टूटे हुए बिजली के खंभों को सही कर लिया जाए। सभी गौशालाओं में गायों के लिए पानी,छाया और हरा चारा व भूसे की पर्याप्त व्यवस्था,घायल व बीमार गौवशों के उपचार की समुचित व्यवस्था कर ली जाए।

जलवायु परिवर्तन एवं तापमान वृद्धि के कारण विश्व में गर्मी बढ़ रही है। भारत में भी एक गंभीर मौसमी घटनाओं के रूप में उभरी है। लू को प्राकृतिक आपदाओं में साइलेंट किलर के रूप में भी जाना जाता है। लू से बुजुर्ग,बच्चे गर्भवती महिलाएं बीमार,मजदूर, झोपड़-पट्टी में रहने वाले और आश्रय विहीन अधिक प्रभावित होते हैं। असंगठित और अनौपचारिक क्षेत्रों में काम करने वाले व्यक्तियों को जोखिम उठाना पड़ता है।

गर्मी के बढ़ते मौसम में हीट वेव की स्थिति, शरीर की कार्य प्रणाली पर प्रभाव डालती है। अगर प्रभावित व्यक्ति को तत्काल उचित उपचार न मिले तो व्यक्ति की स्थिति गंभीर हो जाती है। गर्मी सहन करने की एक सीमा होती है। तापमान में कोई भी अत्यधिक परिवर्तन उत्पादकता को भी प्रभावित करता है। ऐसे में हीट वेव से बचाव एवं न्यूनीकरण के संबंध में तैयारियां एवं जानकारी आवश्यक है।

इस संबंध में उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा कानपुर में एक भव्य कार्यशाला का आयोजन कर स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को जागरूक किया गया था। इसमें कानपुर मंडल की सैकड़ों महिलाओं ने भाग लिया था। इटावा जनपद की ओर से मुझे भी प्रतिभाग करने का अवसर मिला था। उस कार्यशाला की प्रासंगिकता आज महसूस हो रही है। हीट वेव के प्रभावों को कम करने के लिए व्यक्ति को प्यास न लगने पर भी पानी पीते रहना चाहिए। तेज धूप होने पर बाहर न निकलें बचें। हीट वेव के दौरान बुजुर्गों,बच्चों और गर्भवती महिलाओं का विशेष ध्यान रखना चाहिए। यदि बच्चों के पेशाब का रंग गहरा है तो इसका मतलब है कि वह पानी की कमी का शिकार हैं, उन्हें पर्याप्त मात्रा में पानी पिलाएं। किसी भी स्थिति में बच्चों या जानवर को बिना देखरेख के धूप में खड़ी वाहन में छोड़कर न जाएं,वाहन जल्दी गर्म होकर खतरनाक तापमान पैदा कर सकते हैं।

दोपहर के समय बीच बाहर सीधा धूप में बाहर जाने और कठोर परिश्रम वाली गतिविधियों से बचें। धूप में नंगे पांव न रहें। दिन में जब तापमान अधिक होता है,उस दौरान खाना पकाने से बचें। खाना पकाने के लिए हवादार,खुले दरवाजे और खिड़कियों वाले स्थान चुनें। शराब, चाय, कॉफी और कार्बोनेटेड पेय से बचे,जो शरीर को निर्जलित करता है। उच्च प्रोटीन वाले भोजन से बचें और बासी भोजन न करें जितना हो सके घर के अंदर रहे।

यदि आप बेहोशी या कमजोरी महसूस करते हैं तो तुरंत डॉक्टर को दिखाएं,जहां तक संभव हो,तेज गर्मी के दौरान मवेशी को घर के भीतर रखें। जानवरों को किसी बंद आश्रय में न रखें। ध्यान रखें कि आपके जानवर पूरी तरह साफ हों,उन्हें ताजा पीने का पानी दें। हीट वेव से बचाव के लिए सामाजिक और प्रशासनिक स्तर पर आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित हो। ग्रामीण क्षेत्रों में जहां छाया है,जहां पर लोगों का ठहराव होता हो, का चिन्हांकन कर जगह-जगह पर पीने के पानी के लिए प्याऊ की व्यवस्था की जाए। पानी के खराब हैंडपंप की मरम्मत कर ली जाए। समूह की बैठक कर लोगों को हीट वेव के बारे में बताया जाए। साथ ही साथ उसके बचाव के संबंध में जानकारी दी जाए।

सभी विद्यालयों में पेयजल एवं पंखों की व्यवस्था सुनिश्चित हो। बच्चों को हीट वेव से बचने की ज्यादा से ज्यादा जानकारी दी जाए। अग्निशमन हर समय एक्शन मोड में रहें,जहां भी आगजनी की समस्या सुनने को मिले तत्काल कार्यवाही करें। जर्जर, टूटे हुए बिजली के खंभों को सही कर लिया जाए। सभी गौशालाओं में गायों के लिए पानी,छाया और हरा चारा व भूसे की पर्याप्त व्यवस्था,घायल व बीमार गौवशों के उपचार की समुचित व्यवस्था कर ली जाए। स्थानीय मौसम की जानकारी के लिए जागरूक रहें। ग्रामीण क्षेत्रों में लू से बचने व बचाने के संबंध में व्यापक प्रचार-प्रसार का प्रबंध हों। इससे हम लू से बचाव और जोखिम को कम कर सकते हैं।

## सोशल फोरम

# साहित्य बोध में परिवर्तन



अजय तिवारी
वरिष्ठ लेखक, नई दिल्ली

सत्तर के दशक में बड़े-बड़े रचनाकारों की पलटन थी। उनमें से अच्छे-बुरे लेखक का भेद करना हम लोग अध्ययन और अनुभव से सीख रहे थे। उत्तर भूमंडलीय दौर में वैसे बड़े लेखक हैं नहीं और युवाओं में दूसरों की रचना पढ़ने का धैर्य कम हो रहा है। भले महत्वपूर्ण वरिष्ठ लेखक ही क्यों न हों,युवाओं की अभिरुचि अपनी पकी-अधपकी रचना पढ़वाने में ज्यादा है। सत्तर के दशक में हम एक-दूसरे के साथ संवाद और बहस करते हुए अपना विकास करते थे, उत्तर भूमंडलीय दौर में नए से नए रचनाकार को केवल अपनी प्रशंसा स्वीकार है,कमी निकाली नहीं कि गए काम से।

सत्तर के दशक में लघु पत्रिकाओं में छपना मान्यता और प्रसिद्धि के लिए मूल्यवान होता था, इसलिए बड़ी पत्रिका में छपने वाले लेखक मुड़कर लघु पत्रिकाओं की ओर आए। उत्तर भूमंडलीय दौर में वैसी आंदोलन परक लघु पत्रिकाएं रही नहीं, रचनाकारों को उनकी जरूरत भी नहीं है,सोशल मीडिया हर मंच का विकल्प और स्थानापन्न है। सत्तर के दशक में विचारधारा का महत्व बहुत अधिक था। उत्तर भूमंडलीय दौर में अस्मिता ने उसका स्थान ले लिया है। विचारधारा का मोल था तो रचनाओं का मूल्यांकन भी होता था,अस्मिता का समय है तो मूल्यांकन के बदले अनुमोदन और भर्त्सना रह गई है। मूल्यांकन के लिए रचना की विषय वस्तु और कलात्मक प्रयोग, रचना का सामाजिक संदर्भ और मनोवैज्ञानिक प्रभाव, परंपरा से संबंध और नवीनता में योगदान आदि अनेक पक्षों पर ध्यान देना आवश्यक था। मैं यह नहीं मानता कि पहले सब अच्छा था,अब पतित है। इसे ऐतिहासिक दृष्टि से परिवर्तन कहना उचित है। जैसे वाल्मीकि की ऊंचाई पर कोई दूसरा नहीं पहुंचा वैसे भवभूति की उदात्तता तक और कालिदास के सौंदर्य बोध तक कोई दूसरा नहीं पहुंचा। अस्मिता वादियों के गाली देने पर भी तुलसीदास के काव्यात्मक धरातल तक कोई दूसरा नहीं पहुंचा,निराला के करुणा-सौंदर्य-औदात्य तक दूसरा नहीं पहुंच पाया। फिर भी वाल्मीकि से निराला तक साहित्य का विकास होता आया है। यह क्रम आगे भी चलेगा,लेकिन तभी जब हम उत्तेजना से नहीं, विवेक से परिचालित होकर प्रयत्न करेंगे।

-फेसबुक वॉल से

# डिजिटल यूटोपिया में सकारात्मक रिश्ते हुए दुर्लभ



प्रियदर्शिनी दिव्या भारद्वाज
स्वतंत्र विचारक
उझानी, बदायूं

सोशल मीडिया के माध्यम से आज हमारे पास एक बहुत बड़ी दुनिया है,जो कमरे में बैठकर सोशल होना सिखाती है। इस बड़ी सी दुनिया से हमारी छोटी सी दुनिया की अक्सर झपट हो जाती है। बड़ी दुनिया के बड़े तौर तरीके छोटी वाली दुनिया झेल नहीं पाती। बड़ी दुनिया छोटी सी स्क्रीन पर बड़ी-बड़ी लफ्फाजियां दिखाती है। कमरे में बैठा छोटा सा आदमी फंस जाता है और छोटी सी स्क्रीन के सहारे वह बड़ी वाली दुनिया का हिस्सा बनने का मुगालता पाल लेता है और इसमें तो खुली आंखों से जादू किया जाता है। देखते ही देखते सामने वाला आदमी फोन की स्क्रीन में डूब जाता है और बगल में बैठे सोसायटी के दूसरे सज्जन तक उसकी गुमशुदगी की आहट नहीं पहुंचती। इस प्रकार इक्कीसवीं सदी में हर व्यक्ति आभासिक सामाजिक जीवन आभासिक खुशी से व्यतीत कर रहा है।

आभासिक सत्य और खुशियों की दुनिया कितनी सत्य एवं कितनी खुश है। ये दुनिया है स्टेटस पर लगे जबरदस्ती हंसते-चेहरों की दुनिया,फेसबुक पेज पर इठलाते घुम्मकड़ों की दुनिया,इंस्टा पर मचलते युवाओं की दुनिया। इन सबको देखो और थोड़ी बहुत टीवी पर आदर्शवादी खबर चैनल सुन लो तो लगता है रामराज्य आ ही गया। पर क्या आ ही गया? इस खुशनुमा आभास को तकनीकी और नई भाषा में मैं "डिजिटल यूटोपिया" कहूंगी और इस डिजिटल यूटोपिया के सामने रखूंगी" डिजिटल डिस्टोपिया", जो इस तथाकथित खुशनुमा दुनिया के विपरीत है। डिजिटल यूटोपिया (डिजिटल रामराज्य) वास्तविक जीवन में डिस्टोपिया (रामराज्य की उलट व्यवस्था) का निर्माण कर रहा है। डिजिटल जीवन मूल जीवन का सारा डाटा खत्म किया जा रहा है। इस जीवन की जीबी सोशल अकाउंट्स की लाइफ पर खर्च हो जा रही है और जीवन का डिवाइस सूना सूना,बिना नोटिफिकेशन का रह जाता है।

इतना इंस्टा-फेसबुक ये और वो के बाद भी सामाजिक जीवन के लाभ नहीं मिल पा रहे। सामाजिक जीवन के लाभ थे तनाव मुक्ति, एकाकीपन और मन से निवृति पाना,दूसरे को समझना,मन की तरंगों की अनुभूति करना,किसी अन्य को अपनी तरंग ऊर्जा से परिपूरित करना। ये सब संभव है जब सचमुच की दुनिया में सामाजिकता निभाई जाए और सचमुच के सामाजिक व्यक्ति पर ढोंग की सामाजिकता का वक्त भी नहीं होगा। आभासी दुनिया डिजिटल प्रणाली की सामाजिकता निभाने में सबसे ज्यादा तनावग्रस्त एवं एकाकी लोग मिल रहे हैं।

इस डिजिटल दुनिया में ताबड़तोड़ मारधाड़ के गेम्स और पत्थर प्रधान एवेनजर्स जैसी फिल्में हैं,जो जीवन के मानक तय कर रही है। कुल मिलाकर कहूं तो नकारात्मक सामाजिकता का प्रसार हो रहा है। सकारात्मक रिश्ते बड़े दुर्लभ हुए जा रहे हैं।



अबूझमाड़ का जनजातीय समाज जो मेलजोल की पारंपरिक संस्कृति का वाहक है। हाथों में हाथ डालकर नृत्य करना इनकी संस्कृति है, वे भी नृत्य करते समय मेल प्रेम का हाथ नहीं, बल्कि मोबाइल पकड़े हुए हैं।

# लोकसभा चुनाव में संविधान की गूंज



सुरेन्द्र सोनकर
सामाजिक चिंतक

विपक्ष की बात तेजी से फैली और उसका असर होते देख प्रधानमंत्री को उसको बेअसर करने के लिए कहना पड़ा संविधान को बाबा साहब आंबेडकर भी आ जाएं तो भी खत्म नहीं कर सकते।

चुनाव की प्रक्रिया प्रारंभ होने से पहले ही विपक्ष ने संविधान को मुख्य मुद्दा बना दिया था। जैसे-जैसे तिथियां नजदीक आती गईं,बल्कि चुनावी प्रक्रिया शुरू होती गई उतनी ही तेजी से संविधान की गूंज तेजी से बढ़ती गई और निरंतर जारी है। सत्ताधीशों द्वारा प्रचंड रूप से सत्ता के हिंदुत्व के एजेंडे के सामने और कोई बात इतनी असरकारी हो नहीं सकती थी,क्योंकि जो हिदुत्व का दर्शन भाजपा का है उसमें सबसे अधिक संविधान के लाभकारी लोग ही हैं जिसमें पिछड़े वर्ग,अनुसूचित जाति / जनजाति वर्ग सरकारी नौकरी व शिक्षा के प्रावधान से लाभान्वित लोग हैं।

संविधान खत्म करने की बात भाजपा के इस नारे से चली अबकी बार चार सौ पार यह अति उत्साही नारा था। एक बार तो भाजपा के कार्यकर्ताओं व समर्थकों में ऊर्जा का संचार हुआ। कांग्रेस के राहुल गांधी,समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव, बिहार से तेजस्वी यादव,महाराष्ट्र से उद्धव ठाकरे,बंगाल से ममता बनर्जी झारखंड से कल्पना सोरेन जो कि निवर्तमान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी हैं,आप पार्टी के संजय सिंह और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल आदि विपक्ष के नेताओं ने सत्तापक्ष पर एक ही वार किया कि भाजपा चार सौ पार इसलिए चाहती है कि संविधान खत्म कर सकें। कमजोर वर्गों का हिंदुत्व का तिलिस्म टूटने लगा और भाजपा से मोह भंग होने लगा।

यह पूरी तरह नहीं कहा जा सकता कि सभी बहुजन नाराज हैं। कहीं खुद की जाति के उम्मीदवार तो कहीं सरकारी योजनाओं से लाभकारी कमजोर वर्ग उनके पाले में हैं,लेकिन काफी हद तक लोगों के जेहन में यह बात पहुंच गई कि संविधान खत्म तो उनकी गरिमा खत्म,जो कि संविधान उन्हें समानता की गारंटी देता है। संविधान कमजोर वर्गों के लिए संवेदनशील मुद्दा ही नहीं है,बल्कि संविधान तो सभी देशवासियों के लिए है जिससे सभी के हित सुरक्षित हैं। विपक्ष की संविधान पर की गई बात तेजी से फैली और उसका असर होते देख प्रधानमंत्री को उसको बेअसर करने के लिए कहना पड़ा संविधान को बाबा साहब आंबेडकर भी आ जाएं तो भी खत्म नहीं कर सकते।

1952 से अब तक के लोकसभा चुनाव में सत्ता के खिलाफ संविधान मूल मुद्दा कभी नहीं रहा,रहा हो मेरे जेहन में नहीं है। आज संविधान व आंबेडकर की बदौलत डॉक्टर,इंजीनियर,वैज्ञानिक,कलेक्टर,पुलिस कप्तान,सांसद,विधायक योग्यताओं को प्राप्त करते हुए का सपना देख सकता है। मुझ जैसे साधारण व्यक्ति की कलम भी कुछ लिखने योग्य है,जबकि मेरे पिता बहुत शिक्षित नहीं थे और बाबा बिल्कुल निरक्षर,जो कि रेलवे में चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारी थे। वे मुश्किल से टेढ़े-मेढ़े शब्दों में हस्ताक्षर कर पाते थे।

# गोंडा में लगेगी जीत की हैट्रिक या फंसेगा मैच

## लोकसभा चुनाव : कैसरगंज का भाग्य भी नए चेहरों पर टिका

अरुण कुमार मिश्र, गोंडा

लोकसभा चुनाव में जीत-हार को लेकर कई दिनों की चर्चा-बहस की कवायद सोमवार को समाप्त हो जाएगी। मतदाता 20 मई को स्वामी की भूमिका में रहेंगे और प्रत्याशी याचक के रूप में। मतदान की प्रक्रिया सोमवार सुबह से ही शुरू हो जाएगी। मतदाता अपनी पसंद के प्रत्याशी के भविष्य का निर्धारण करेंगे। मतदान में गोंडा संसदीय सीट पर जीत की हैट्रिक लगेगी या राजनीतिक मैच फंस जाएगा। इस पर भी कयास लगने शुरू हो गए हैं। इसी तरह, कैसरगंज की चुनावी रणनीति दो दिनों में बहुत कुछ बदल गई है। किसी बड़े नेता का आगमन न होना और पहली बार चुनाव मैदान में डटे प्रत्याशियों का राजनीतिक भविष्य भी यहां की जनता तय कर देगी।




गोंडा लोकसभा क्षेत्र में 18 लाख से अधिक मतदाताओं का ध्रुवीकरण किस तरफ होगा। यह कयास अभी तक लोग लगाते रहे हैं। गोंडा लोकसभा क्षेत्र से भाजपा से कीर्तिवर्धन सिंह, सपा से श्रेया वर्मा व बसपा से सौरभ मिश्र मैदान में हैं। कीर्तिवर्धन सिंह को ब्राह्मण, क्षत्रिय, राजभर, कश्यप सहित सभी जातियों पर भरोसा है। वहीं सपा उम्मीदवार को मुस्लिम, यादव और सजातीय वोटर कुर्मी पर भरोसा है। कुर्मी वोटों का बिखराव हुआ तो भाजपा की जीत तय मानी जा रही है। इससे भाजपा प्रत्याशी की जीत की हैट्रिक लग सकती है। यदि ध्रुवीकरण हुआ तो इसका सीधा फायदा सपा को मिलेगा। हालांकि वर्ष 2019 के चुनाव में सपा के कद्दावर नेता विनोद कुमार उर्फ पंडित सिंह ने चुनाव लड़ा था, लेकिन वह दो लाख से अधिक मतों से हार गए थे। पंडित सिंह की छवि लोगों के बीच बहुत अच्छी थी, वे अपने कार्यकर्ताओं को तरजीह देते थे। बावजूद इसके वह चुनाव हार गए थे, लेकिन 2019 में कुर्मी मतदाता भाजपा के साथ खड़ा था।






कैसरगंज लोकसभा सीट पर सांसद बृजभूषण शरण सिंह के पुत्र करन भूषण पर भाजपा ने भरोसा जताया है। वह युवा होने के साथ ऊर्जावान हैं और पिता की सियासी पारी के बाद नई पारी शुरू कर रहे हैं, लेकिन दो दिनों से सोशल मीडिया पर अनर्गल प्रचार होने के बाद समीकरण में कुछ बदलाव देखने को मिला है। ब्राह्मण के नाम पर गलत प्रचार किया जा रहा है। इसका फायदा उठाने की कोशिश सपा के भगत राम मिश्र करेंगे। भगतराम मिश्र भी पहली बार कैसरगंज से चुनाव लड़ रहे हैं और उन्हें मुस्लिम, यादव व ब्राह्मण मतदाताओं पर भरोसा है।

वहीं, करन भूषण को भी क्षत्रिय से अधिक ब्राह्मण मतदाताओं पर भरोसा है। करन का कहना है कि ब्राह्मण हमेशा से उनके लिए पूजनीय थे और रहेंगे। ब्राह्मणों को इज्जत देने में उनके परिवार ने कभी कोई कमीं नहीं छोड़ी है। चुनाव जीतना-हारना अलग बात है। वहीं, बसपा ने नरेंद्र पांडेय को चुनाव मैदान में उतारा है।


**गोंडा लोकसभा सीट पर विधानसभा वार मतदाताओं की संख्या**

| विधानसभा | कुल मतदाता | महिला | पुरुष | अन्य |
|---|---|---|---|---|
| मेहनौन | 378716 | 175171 | 203538 | 07 |
| गोंडा सदर | 361702 | 169400 | 192271 | 31 |
| मनकापुर | 339728 | 159273 | 180455 | 00 |
| गौरा | 334854 | 154531 | 170319 | 04 |
| उतरौला | 428121 | 196293 | 231801 | 27 |
| योग | 1843121 | 854668 | 988384 | 79 |


**कैसरगंज लोकसभा सीट पर विधानसभा वार मतदाताओं की संख्या**

| विधानसभा | कुल मतदाता | महिला | पुरुष | अन्य |
|---|---|---|---|---|
| पयागपुर | 388497 | 183126 | 205363 | 8 |
| कैसरगंज | 392112 | 184895 | 207213 | 4 |
| कटरा बाजार | 404315 | 189484 | 214819 | 12 |
| करनैलगंज | 341294 | 160657 | 180616 | 21 |
| तरबगंज | 378508 | 177123 | 201368 | 17 |

59-गोंडा लोकसभा




57-कैसरगंज लोकसभा




# मतदान केन्द्रों पर मतदाताओं को नहीं हो कोई असुविधा

## निर्वाचन आयोग ने अधिकारियों को दिये आवश्यक दिशा निर्देश

## मतदाताओं के साथ किया जाये घर के सदस्य जैसा व्यवहार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** अगर मतदाता के द्वारा उपलब्ध पहचान पत्र और मतदाता सूची के विवरण में मामूली अंतर है, तो ऐसे लोगों को मतदान से वंचित न किया जाए। बीएलओ के साथ समन्वय स्थापित कर मतदान कराया जाये। साथ ही मतदाताओं के साथ घर के सदस्य जैसा व्यवहार किया जाये। ताकि मतदाताओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। ये निर्देश रविवार को निर्वाचन आयोग ने अधिकारियों को दिये हैं।

निर्वाचन आयोग द्वारा बाकी बचे तीन चरणों में मतदान प्रतिशत बढ़ाने और मतदाताओं की सुविधा के लिए निर्वाचन अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए गए हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि अब लोकसभा स्तर पर बुलावा टोलियों का गठन किया जायेगा। इन टोलियों में बीएलओ के साथ आशा व



नवदीप रिणवा

आंगनबाड़ी कार्यकत्री, युवक मंगल दल, पंचायत स्तरीय कार्मियों को शामिल किया जाएगा। ये टोलियां कम वोटिंग प्रतिशत वाले बूथों में विशेष रूप से सक्रिय रहेंगी।

**पोलिंग स्टेशन पर वोटर असिस्टेंस बूथ :**

उन्होंने बताया कि मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों में गति लाने के निर्देश दिए गए हैं। हर पोलिंग स्टेशन पर वोटर असिस्टेंस बूथ बनाये जाएंगे, जिस पर मतदाता सूची के साथ बीएलओ मौजूद रहेंगे। मतदाता सूची में अपना नाम चेक कर सकेंगे।

### कोई मतदाता, सूचना पर्ची नहीं लाया है तो उसे न लौटाया जाए

नवदीप रिणवा ने कहा कि अगर, कोई मतदाता, मतदाता सूचना पर्ची नहीं लाया है तो उसे लौटाया न जाए और मतदान से रोका न जाए। मतदान स्थल पर मतदाताओं के साथ अच्छा व्यवहार करें। अपने वाहन से परिवार के साथ मतदान केन्द्र पर जाने वाले मतदाताओं को निर्धारित स्थान तक पुलिस द्वारा रोका न जाए।

### उपलब्ध कराई जाएं सुविधाएं

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि मतदान केंद्र के प्रवेश द्वार पर ही बूथ की संबंधित जानकारी हो, मतदाताओं की कतार तक छाया की व्यवस्था होनी चाहिये। केन्द्रों पर पूरे दिन बिजली आपूर्ति रहे। लू से बचाव के लिए ओआरएस एवं मेडिकल किट उपलब्ध कराए जाएं। एक पैरामेडिक कर्मी के अलावा मतदान केन्द्रों में शीतल पेयजल, शौचालय, दिव्यांग व वृद्धजनों के लिए व्हील चेयर व कुर्सियों की व्यवस्था भी रहे।

## इलेक्शन बायस्कोप



इन दिनों बड़े नेताओं की चुनावी रैलियों में गृहणियां भी बढ़-चढ़ कर हिस्सा ले रही हैं। हालांकि इनमें कुछ पार्टी की कार्यकर्ता होती हैं तो कई सिर्फ समर्थक। कुछ ऐसी ही उत्साही महिलाएं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सोरांव, प्रयागराज की चुनावी जनसभा में रविवार को कैमरे में कैद हुईं। -अमृत विचार

# 13 महिला प्रत्याशियों का राजनीतिक भाग्य ईवीएम में होगा बंद

लोस चुनाव 5वां चरण

## बाराबंकी से राजरानी रावत, अमेठी से स्मृति ईरानी और फतेहपुर से साध्वी निरंजन ज्योति मैदान में

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** 5वें चरण में 14 लोकसभा सीटों पर मात्र 13 महिला प्रत्याशी चुनाव लड़ रही हैं। इन सभी का राजनीतिक भाग्य 20 मई को ईवीएम में बंद हो जायेगा। इनमें अकेली बाराबंकी सीट है जहां पर तीन महिलाएं चुनाव लड़ रही हैं। वहीं, एक महिला ने दो सीटों पर नामांकन किया गया है। अन्य कई सीटों पर तो एक भी महिला प्रत्याशी नहीं हैं। आंकड़े बता रहे हैं कि आधी आबादी को प्राथमिकता देने का दंभ भरने वाले राजनीतिक दल भी इन्हें बढ़ाने में दिलचस्पी नहीं दिखा रहे हैं।

संसद में 33 प्रतिशत का आरक्षण बिल भले ही पास हो चुका है, मगर ऐसा लगता है कि दल महिलाओं पर पूरा भरोसा नहीं कर रहे। यही वजह है कि संसद हो या राजनीतिक



राजरानी रावत



स्मृति ईरानी



साध्वी निरंजन ज्योति

### इन सीटों पर होगा मतदान

- लखनऊ, मोहनलालगंज, रायबरेली, अमेठी, जालौन, झांसी, हमीरपुर, बांदा, फतेहपुर, कौशांबी, बाराबंकी, फैजाबाद, कैसरगंज और गोंडा।



संगठन, प्रस्तावित पदों पर महिलाओं की नुमाइंदगी नहीं हो पा रही है। लोकसभा चुनाव के 5वें चरण में बाराबंकी सुरक्षित सीट पर भाजपा की राजरानी रावत, स्वतंत्र अभिव्यक्ति पार्टी से आशा देवी और निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में मिथलेश कुमारी मैदान में हैं। इनमें राजरानी रावत को भाजपा द्वारा पूर्व में घोषित उपेन्द्र रावत का एक विवादित वीडियो वायरल होने के बाद टिकट दिया गया। इसके अलावा भाजपा की दूसरी महिला प्रत्याशी स्मृति ईरानी कांग्रेस का गढ़ कहे जाने वाले अमेठी से दोबारा चुनाव लड़ रही हैं। वहीं निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चंद्रावती मैदान में डटी हैं। निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में अरुणिमा पाण्डेय ने कैसरगंज व गोंडा दो सीटों से नामांकन दाखिल किया है। गोंडा सीट पर ही सपा के टिकट पर श्रेया वर्मा मुकाबले में बराबरी की दावेदारी कर रही हैं।

इसके अलावा अन्य चर्चित सीट फतेहपुर है, जहां पर भाजपा ने फायरबांड नेता व केन्द्र सरकार में राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति, सपा के निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम का सामना कर रही हैं। बांदा सीट पर सपा की कृष्णा देवी पटेल मुकाबले को रोचक बना रही हैं, साथ ही जालौन से प्रेमलता वर्मा बृजमोहन मैदान में है। लखनऊ की मोहनलालगंज सीट से मिशलेश कुमारी मैदान में हैं। इसके अलावा अन्य सीटों पर महिला प्रत्याशियों का सूखा पड़ा है।

# मतदान केंद्रों पर अर्द्ध सैनिक बल तैनात

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मतदान केंद्रों पर शांतिपूर्ण मतदान के लिए अर्द्ध सैनिक बल तैनात किये गये हैं। स्ट्रांग रूम की सुरक्षा की जिम्मेदारी भी अर्द्ध सैनिक बलों को दी गई है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतदान केंद्रों पर शांतिपूर्ण मतदान के लिए पर्याप्त संख्या में सुरक्षाकर्मी तैनात किये गये हैं। मतदान के लिए 35,684 ईवीएम की कंट्रोल यूनिट, 36,089 बैलट यूनिट व 37,565 वीवीपैट तैयार किये गये हैं। आकस्मिकता की स्थिति में मेडिकल सहायता के लिए एयर एम्बुलेंस व हेलीकाप्टर की व्यवस्था भी की गई है। हेलीकाप्टर की लोकेशन झांसी में व एयर एम्बुलेंस की लोकेशन लखनऊ में रहेगी।

### यहां करें शिकायत

- मतदान से संबंधित कोई भी शिकायत टोल-फ्री नं0-1800-180-1950 (प्रदेश स्तर) पर और 1950 (जिला स्तर) पर काल कर दर्ज कराई जा सकती है। इसके अलावा सी-विजिल, एनजीएसपी-वीएचए ऐप पर भी शिकायतें दर्ज कराई जा सकती हैं।

- **मतदान के लिए 35,684 ईवीएम की कंट्रोल यूनिट, 36,089 बैलट यूनिट व 37,565 वीवीपैट किये गये तैयार**
- **मेडिकल सहायता के लिए एयर एम्बुलेंस व हेलीकाप्टर की भी व्यवस्था**

### 50 प्रतिशत मतदेय स्थलों पर लाइव वेबकास्टिंग होगी

50 प्रतिशत मतदेय स्थलों पर (14984 मतदेय स्थल) पर लाइव वेबकास्टिंग की व्यवस्था की गई है, इसका पर्यवेक्षण जिला निर्वाचन अधिकारी, मुख्य निर्वाचन अधिकारी व भारत निर्वाचन आयोग तीनों स्तरों पर किया जायेगा। इसके अलावा 4,199 मतदेय स्थलों पर वीडियोग्राफी की भी व्यवस्था की गई है। इस चरण में कुल 561 आदर्श मतदेय स्थल, 126 महिला, 53 दिव्यांग व 80 युवा कार्मिक प्रबंधित मतदेय स्थल बनाये गये हैं।

## अखिलेश, राहुल ने वीडियो साझा कर उठाए सवाल

**अमृत विचार, लखनऊ :** समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने रविवार को 'एक्स' पर एक ऐसा वीडियो साझा किया है जिसमें एक युवक बारी-बारी से अलग-अलग नामों से बूथ पर जाता है और वोट डालता है। वह बाकायदा इसका वीडियो भी बना रहा है। वीडियो में दिख रहा है कि वह भाजपा को वोट डाल रहा है। अखिलेश ने वीडियो पोस्ट कर लिखा कि अगर चुनाव आयोग को लगे कि ये गलत हुआ है तो वो कुछ कार्रवाई जरूर करे, नहीं तो....। आगे सपा प्रमुख ने भाजपा को निशाने पर लेते हुए लिखा कि भाजपा की बूथ कमेटी दरअसल लूट कमेटी है। अखिलेश के ही पोस्ट को राहुल गांधी ने भी साझा किया है। राहुल ने लिखा कि सरकार बनते ही ऐसी कार्रवाई होगी कि आगे कोई भी संविधान की शपथ का अपमान करने से पहले 10 बार सोचेगा। दरअसल, यह वीडियो फर्रुखाबाद लोकसभा क्षेत्र के अलीगंज विधानसभा क्षेत्र का बताया जा रहा है। यह विधानसभा एटा जिले में आती है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि एटा में कई बार मतदान करने संबंधी वायरल वीडियो में संबंधित व्यक्ति की पहचान कर ली गई है। वीडियो में कई बार मतदान करते दिखाई देने वाला व्यक्ति राजन सिंह पुत्र अनिल सिंह गांव खिरिया पमरान का निवासी है। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही, मतदान दल के सभी सदस्यों को निलंबित करने और अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू करने के निर्देश जारी किए गए हैं।

## चुनावी चक्कर

**● पुराने वीडियो से भ्रम फैला रहे शरारती :**

चुनाव के दौरान आमजन को भ्रमित करने के लिए कुछ शरारती तत्व सोशल मीडिया पर फर्जी और पुराने वीडियो या फोटो भी साझा कर देते हैं। ऐसे में समाज में गलत संदेश भी जाता है। हालांकि यह बात अलग है कि समझदार जनता भ्रमित नहीं होती। ऐसा ही एक पुराना वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच मुलाकात को दिखाया गया है। सोशल मीडिया पर खुराफाती यूजर्स इस वीडियो को मौजूदा लोस चुनाव के मद्देनजर से जोड़कर साझा कर रहे हैं और प्रतिक्रिया भी दे रहे हैं कि चुनावी नतीजों को देखते हुए अखिलेश यादव पीएम मोदी से मिलने पहुंच गए, लेकिन यह दावा सही नहीं है। दरअसल, यह वीडियो 10 वर्ष पुराना है। एक न्यूज मीडिया ने अपनी जांच में पाया कि वीडियो को लेकर जो दावे किए जा रहे हैं, वे झूठे हैं। वायरल वीडियो जून 2014 का है, तब अखिलेश यादव उप्र. के मुख्यमंत्री थे। फेसबुक पर सक्रिय एक शख्स ने वीडियो साझा करते हुए लिखा, चुनाव का परिणाम जानते ही मोदी दरबार में भूल-चूक व लेनी-देनी करने पहुंचे अखिलेश। बाद में न्यूज मीडिया की टीम ने विभिन्न स्तर से जांच करने को इस वायरल वीडियो से संबंधित कीवर्ड्स से यूट्यूब पर परखा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के यूट्यूब चैनल पर 13 जून 2014 को साझा किया गया यह वीडियो मिला। वीडियो के साथ कैप्शन में बताया गया कि पीएम मोदी ने उप्र. के मुख्यमंत्री अखिलेश यादव से मुलाकात की। हकीकत तो यह है कि मार्च 2012 से मार्च 2017 तक अखिलेश यादव जब मुख्यमंत्री थे तो उन्होंने तत्कालीन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने के बाद शिष्टाचार मुलाकात की थी। बाद में सरकारी मीडिया प्लेटफार्म से दोनों की इस मुलाकात का वीडियो साझा किया गया था।

# शाह होंगे सफल या प्रियंका का बना रहेगा विश्वास

## देश की सबसे महत्वपूर्ण सीट में से एक रायबरेली में इस बार काफी रोमांचक मुकाबला देखने को मिलेगा

दिलीप सिंह, रायबरेली

देश की सबसे महत्वपूर्ण सीट में से एक रायबरेली में इस बार काफी रोमांचक मुकाबला देखने को मिलेगा। हर बार लड़ाई प्रत्याशियों के बीच देखी जाती रही है, लेकिन इस बार राजनीतिक दलों के दिग्गजों की प्रतिष्ठा भी दांव पर है। भाजपा प्रत्याशी दिनेश प्रताप सिंह को जीत दिलाने के लिए गृहमंत्री अमित शाह ने पूरा जोर लगा दिया है। अन्य क्षेत्रों में बमुश्किल एक बार जाने वाले गृहमंत्री यहां पर दो बार आकर प्रचार कर चुके हैं। गांधी परिवार को घेरने के साथ ही संगठन में दरार को पाटने का भी उन्होंने पूरा प्रयास किया।

यही नहीं, दिनेश प्रताप सिंह को भाई शब्द से संबोधित करके उन्होंने स्पष्ट कर दिया कि हर हाल में यहां पर कमल खिलाना है। कांग्रेस को गढ़ में घेरने की मंशा के साथ यहां मुख्यमंत्री योगी के अलावा कई प्रदेशों के मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री समेत कई दिग्गज प्रचार करते दिखाई दिए। इतना ही नहीं, पहली बार जीआईसी में जनसभा के बाद ऊंचाहार से सपा विधायक डॉ. मनोज कुमार पांडेय के घर भी गए, ताकि भाजपा प्रत्याशी को ब्राह्मण वोटबैंक का लाभ मिल सके। इसके बाद दोबारा डॉ. मनोज कुमार पांडेय को पार्टी की सदस्यता दिलाने के लिए जगतपुर के दौलतपुर में जनसभा की। इसी के साथ उन्होंने अपने इरादे साफ कर दिए कि यहां पर कमल खिलाना ही एक मात्र लक्ष्य है। दूसरी ओर, अमेठी छोड़कर रायबरेली से पहली बार चुनाव लड़ने वाले कांग्रेस प्रत्याशी राहुल गांधी की जीत सुनिश्चित करने के लिए बहन प्रियंका गांधी ने बागडोर अपने हाथों में ले रखी है। यहां तक कि कांग्रेस के स्थानीय संगठन पर भी विश्वास नहीं रखा। अपनी स्वयं की टीम बनाकर चुनाव के हर पहलू पर नजर बनाए रखी।

रायबरेली के साथ ही अमेठी में भी कांग्रेस को मजबूत करती दिखीं। उनके साथ कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री भी गांवों में पसीना बहाते नजर आए। जीत को सुनिश्चित करने के लिए सपा मुखिया अखिलेश यादव व सोनिया गांधी भी एक साथ मंच पर पहुंचे। उन्होंने राहुल को जिताने के लिए भावुक अपील भी की। दोनों प्रत्याशियों में से जीत किसी की भी हो, प्रतिष्ठा गृहमंत्री अमित शाह और प्रियंका गांधी की भी इस चुनाव में जुड़ गई है।



अमित शाह



राहुल गांधी



प्रियंका गांधी वाड्रा



दिनेश प्रताप सिंह

### भाजपा प्रत्याशी से अपने ही रहे दूर

भाजपा प्रत्याशी दिनेश प्रताप सिंह से शुरुआती दौर से ही कुछ पार्टी नेता दूरी बनाए रहे। सदर विधायक अदिति सिंह, पूर्व एमएलसी राकेश प्रताप सिंह व कई अन्य पदाधिकारी नामांकन के दौरान ही गायब रहे। इसे लेकर चर्चाओं का दौर खूब चला। गृहमंत्री अमित शाह की जनसभा के बाद जरूर कुछ स्थिति संभली। इसके बाद अंतिम दिन किसी बड़े नेता का रोड शो न होने से भी काफी किरकिरी हुई। हालांकि गृहमंत्री के सपा के बागी विधायक मनोज पांडेय को साथ लाने के बाद स्थिति जरूर कुछ मजबूत हुई।

### कांग्रेस को समाजवादी पार्टी का सहारा

जिले में कांग्रेस का संगठन ज्यादा मजबूत नहीं है। पिछले कई चुनावों में मिली हार से काफी किरकिरी हो चुकी है। यही वजह है कि कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने खुद चुनाव की कमान संभाली और प्रचार में पूरी ताकत लगा दी। कांग्रेस को अपने संगठन से ज्यादा समाजवादी पार्टी पर विश्वास है। वह चाहे रैली हो या फिर जनसभा। सबसे अधिक कार्यकर्ता सपा के ही नजर आए। पिछले चुनाव में भी सोनिया गांधी की जीत में सपा खेवनहार बनी थी।

### पिछले तीन लोक सभा चुनाव में मतदान प्रतिशत

| मतदान वर्ष | प्रतिशत |
|---|---|
| 2009 | 48.33 |
| 2014 | 51.73 |
| 2019 | 56.34 |

### अपनी ढपली अपना राग



घमंडिया गठबंधन को मत दिया तो आप दोष के भागी बनेंगे। क्योंकि, इनकी चाल- चरित्र दशानन रावण से मिलता है। - डॉ. मोहन यादव



एक 5 किलो राशन पर वोट लेता है और दूसरा 10 किलो का लालच देकर वोट चाहता है। सावधान रहिएगा। - आकाश आनंद



जातिवादी, संकीर्णवादी और धर्मवादी राजनीति के चलते इस बार भाजपा भी सत्ता में नहीं आएगी, भाजपा ने किए गए वादे पूरे नहीं किए। - मायावती



वह डिबेट नहीं कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि उनके पास कोई जवाब नहीं है। इस चुनाव में जनता उनको सत्ता से उतार देगी।। - राहुल गांधी

## एक नजर

### राजनाथ से मिलकर दिया समर्थन का भरोसा

**अमृत विचार, लखनऊ :** कर्मचारी शिक्षक संयुक्त मोर्चा उप्र. के प्रतिनिधिमंडल ने रक्षामंत्री और लखनऊ से भाजपा प्रत्याशी राजनाथ सिंह से रविवार को मुलाकात की। लखनऊ स्थित आवास पर मुलाकात करने पहुंचे प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व वीपी मिश्र ने किया, उन्होंने पुरानी पेंशन बहाली समेत कर्मचारियों की समस्याओं से अवगत कराया और चुनाव में सभी कर्मचारियों द्वारा सहयोग व समर्थन देने का विश्वास दिलाया। प्रतिनिधिमंडल में शशि कुमार मिश्रा, सतीश कुमार पांडेय संयोजक, गिरीश चन्द्र मिश्रा, गिरजा शंकर तिवारी, अतुल मिश्रा, मनोज कुमार मिश्रा, घनश्याम यादव आदि उपस्थित थे।

### खरीफ गोष्ठी 12 जून से

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में खरीफ अभियान 2024 के तहत अधिक फसल उत्पादन के लिए राज्य व मंडल स्तरीय खरीफ उत्पादकता गोष्ठी का आयोजन किया जायेगा। निदेशक कृषि डॉ. जितेंद्र कुमार तोमर ने बताया कि 12 जून को राज्य व लखनऊ मंडल की गोष्ठी राजधानी स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में होगी। जबकि 14 जून को मेरठ, सहारनपुर व मुरादाबाद मंडल की गोष्ठी मेरठ में, 18 जून को अलीगढ़, आगरा व बरेली मंडल की गोष्ठी अलीगढ़ में, 20 जून को झांसी, कानपुर व चित्रकूट धाम मंडल की गोष्ठी झांसी में, 22 जून को गोरखपुर, बस्ती व आजमगढ़ मंडल की गोष्ठी गोरखपुर में, 24 जून को वाराणसी, प्रयागराज व विध्यांचल मंडल की गोष्ठी वाराणसी में व 26 जून को अयोध्या व देवीपाटन मंडल की गोष्ठी अयोध्या में आयोजित होगी।

### सीडीएस ने किया वायु कमान का दौरा

**अमृत विचार, लखनऊ :** जनरल अनिल चौहान पीवीएसएम यूवाईएसएम एवीएसएम एसएम वीएसएम, चीफ आफ डिफेंस स्टॉफ एवं सचिव सैन्य कार्य विभाग (सीडीएस) ने रविवार को प्रयागराज स्थित मध्य वायु कमान (सीएसी) का दौरा किया। एयर मार्शल आरजीके कपूर पीवीएसएम एवीएसएम वीएम, वायु अफसर कमांडिंग इन चीफ, मध्य वायु कमान ने सीडीएस को मुख्यालय में भारतीय वायु सेना की मध्य वायु कमान के परिचालात्मक पहलुओं की जानकारी दी।

# हर बेरोजगार के खाते में 8500 रुपये खटाखट डालेंगे : राहुल

## कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष बोले, कूड़ेदान में जाएगी अग्निवीर योजना

संवाददाता, प्रयागराज



करछना में आयोजित जनसभा में मौजूद भारी भीड़ के बीच राहुल गांधी।

**अमृत विचार :** हर बेरोजगार और परिवार की एक महिला के खाते में 8,500 रुपये खटाखट डालेंगे और साल में एक लाख रुपये देंगे। हमारी सरकार प्रत्येक नागरिक को लखपति बनायेगी। इसके अलावा अग्निवीर योजना को कूड़ेदान में डाला जायेगा और सेना में स्थायी भर्ती की जाएगी। यह बात कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने करछना में रविवार को इंडी गठबंधन के इलाहाबाद 52 संसदीय क्षेत्र के प्रत्याशी कुंवर उज्ज्वल रमण सिंह के समर्थन में जनसभा में कही। मंच पर सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव भी थे।

अखिलेश यादव ने कहा कि यह ऐतिहासिक भीड़ इंडी गठबंधन की विजय का संकेत है। 4 जून के बाद न केवल नौकरी के रास्ते खुलेंगे, बल्कि अग्निवीर परीक्षा सदैव के लिए खत्म की जायेगी। दोनों ने ही भारतीय जनता पार्टी पर जमकर प्रहार किया। उन्होंने भाजपा पर जनता को ठगने का आरोप लगाते हुए कहा कि मोदी जी ने अपने 22 चहेते लोगों को अरबपति बनाने का काम किया। दोनों नेताओं ने इंडिया गठबंधन प्रत्याशी उज्जवल रमण सिंह को भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की। राज्यसभा सभा सांसद प्रमोद तिवारी, पूर्व सांसद कुंवर रेवती रमण सिंह, गठबंधन प्रत्याशी उज्ज्वल रमण सिंह, मेजा विधायक संदीप सिंह, पूर्व विधायक परवेज अहमद टंकी, पूर्व ब्लॉक प्रमुख करछना राजू सिंह राजकुमार यादव, डॉ विजय बाबू यादव, हरिमोहन सिंह मौजूद रहे।

उधर मुंगारी की जनसभा में राहुल ने कहा है कि हिंदुस्तान के किसानों को अनाज, गन्ना कपास के लिए उन्हें दाम दिया जायेगा। राहुल गांधी के मुताबिक, हिंदुस्तान की अर्थव्यवस्था को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खत्म कर दिया है। हम आपकी जेब में पैसा डालकर हिंदुस्तान की अर्थव्यवस्था को मजबूत करेंगे।

### प्रेसवार्ता का बहिष्कार

**अमृत विचार, प्रयागराज :** रैली के दौरान उत्पन्न अराजकता के कारण कुछ पत्रकारों को चोटें आईं और उनके सामान को नुकसान पहुंचा। बाद में सपा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की थी, जिसमें सफाई देने की उम्मीद थी लेकिन खेद व्यक्त करने के बजाय पुलिस पर दोषारोपण किया गया। इससे नाराज होकर सभी पत्रकारों ने प्रेस कांफ्रेंस का बहिष्कार कर दिया।

## हमारी सरकार बनी तो ईडी व सीबीआई खत्म : अखिलेश

**अमृत विचार, लखनऊ :** समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि ईडी और सीबीआई की जरूरत नहीं है और इन्हें बंद कर देना चाहिए। एक अंग्रेजी अखबार को दिए साक्षात्कार में शनिवार को पूर्व मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि वह विपक्ष के इंडी गठबंधन को यह प्रस्ताव देंगे।

साक्षात्कार में अखिलेश यादव ने सीबीआई और ईडी को बंद कर देने के पीछे तर्क दिया कि अगर आपने धोखा दिया है, तो इससे निपटने के लिए आयकर विभाग है। आपको सीबीआई की जरूरत क्यों है? हर राज्य में भ्रष्टाचार की रोकथाम के लिए एक विभाग है, जरूरत पड़ने पर इसका इस्तेमाल करें।

अखिलेश यादव ने यह भी आरोप लगाया कि केंद्रीय एजेंसियों का इस्तेमाल केवल भाजपा के राजनीतिक विरोधियों के खिलाफ किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन के सत्ता में आने पर मैं इस निजी प्रस्ताव को गठबंधन के सामने रखूंगा।

# दस वर्ष में पूरा बदल गया भारत : योगी

## करछना में मुख्यमंत्री बोले- दुनिया में भारत का सम्मान बढ़ा, सीमाएं हुईं सुरक्षित

संवाददाता, प्रयागराज



करछना में आयोजित जनसभा के दौरान मंच से लोगों का अभिवादन करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। अमृत विचार

**अमृत विचार :** वर्ष 2014 के पहले किसान आत्महत्या करता था। गरीब भूख से मरता था। नौजवान पलायन करता था और बेटी व व्यापारी दोनों सुरक्षित नहीं थे। 2014 के बाद दुनिया में भारत का सम्मान बढ़ा है। देश की सीमाएं सुरक्षित हुई हैं। आतंकवाद और नक्सलवाद पर प्रभावी अंकुश हुआ है। मोदी की अगुवाई में एक भारत, श्रेष्ठ भारत की ओर बढ़ रहा है। यह बात मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने करछना में भाजपा प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी के समर्थन में हुई जनसभा में कही।

उन्होंने कहा कि 10 वर्ष में पूरा भारत बदल गया है। अब तो पटाखे भी बज जाएं तो पाकिस्तान सबसे पहले सफाई देता है कि मैंने कुछ नहीं किया है। पाकिस्तान को खाने के लाले पड़े हैं, वहीं भारत में 80 करोड़ लोगों को मुफ्त में राशन दिया जा रहा है। प्रदेश में सभी माफिया बुलडोजर का भय खाते हैं। रीता जोशी के आशीर्वाद से नीरज त्रिपाठी को मोदी जी ने चुनाव में उतारा है। अपील करने आया हूं कि आज हम सबको मोदी के नेतृत्व में भारी बहुमत से सरकार बनानी है।

इस मौके पर पूर्व विधायक राजबली जैसल ने भाजपा की सदस्यता ली। कार्यक्रम में पूर्व राष्ट्रीय महासचिव सीवी रवि, मंत्री सुरेश खन्ना, सांसद रीता बहुगुणा जोशी, मंत्री नंदगोपाल गुप्ता नंदी, विधायक राजमणि कोल, पियूष रंजन निषाद, महापौर गणेश केसरवानी आदि मौजूद रहे।

## केजीएमयू में तैयार होगी डीएनए और फ्रिंगर प्रिंट लैब

**अमृत विचार, लखनऊ :** किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) के फॉरेंसिक मेडिसिन विभाग में डीएनए और फ्रिंगर प्रिंट लैब तैयार की जाएगी। संस्थान प्रशासन जल्द ही इसके लिए शासन को प्रस्ताव भेजने की तैयारी कर रहा है।

केजीएमयू में पूरे देश के छात्र मेडिकल की पढ़ाई के लिए आते हैं। केजीएमयू में फॉरेंसिक की पढ़ाई भी होती है। किसी फॉरेंसिक विशेषज्ञ को डीएनए और फ्रिंगर प्रिंट की जानकारी होना जरूरी होता है। छात्रों के हित में इस लैब को शुरू करने की कवायद की जा रही है। अभी तक यह सुविधा सिर्फ पुलिस विभाग में है। कई बार जांच के लिए सैंपल बाहर भेजने पड़ते हैं। केजीएमयू में लैब शुरू होने से जांच में आसानी हो जाएगी। कुलपति प्रो. सोनिया नित्यानंद ने बताया कि लैब को जल्द शुरू करने की कोशिश की जा रही है।

# 5वें चरण में 144 प्रत्याशी मैदान में

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** 5वें चरण में 14 लोकसभा सीटों पर 144 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं, इनमें 131 पुरुष व 13 महिला प्रत्याशी हैं, जबकि लखनऊ पूर्व विधानसभा सीट पर चार प्रत्याशियों में मुकाबला है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि लोकसभा सीटों पर दो करोड़ 71 लाख 36 हजार 363 मतदाता व लखनऊ पूर्व विधानसभा सीट पर चार लाख 64 हजार 510 मतदाता प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगे। इस चरण में जिन सीटों पर मतदान होना है, उनमें मोहनलालगंज (अजा), लखनऊ, रायबरेली, अमेठी, जालौन (अजा), झांसी, हमीरपुर, बांदा, फतेहपुर, कौशाम्बी (अजा), बाराबंकी (अजा), फैजाबाद, कैसरगंज व गोण्डा लोकसभा सीटें और लखनऊ पूर्व विधानसभा सीट शामिल हैं। मतदान सुबह सात बजे से शुरू होकर शाम छह बजे तक चलेगा।

5वें चरण के चुनाव में कुल 28,688 मतदेय स्थल हैं, जिसमें से 4,232 संवदेनशील हैं। कुल 17,128 मतदान केन्द्र हैं। मतदान पर सतर्क दृष्टि रखने के लिए आयोग की ओर से तीन विशेष प्रेक्षक, 14 सामान्य प्रेक्षक, नौ पुलिस प्रेक्षक और 15 व्यय प्रेक्षक भी तैनात किये गये हैं। इसके अलावा 2416 सेक्टर मजिस्ट्रेट, 327 जोनल मजिस्ट्रेट, 549 स्टैटिक मजिस्ट्रेट व 3619 माइक्रो ऑब्जर्वर भी तैनात किये गये हैं। चुनाव प्रक्रिया को सम्पन्न कराने के लिए 7426 भारी वाहन, 7410 हल्के वाहन व 1,28,642 मतदान कार्मिक लगाये गये हैं।

### सबसे अधिक मतदाता मोहनलालगंज में

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि लोकसभा सीटों में इस चरण में दो करोड़ 71 लाख 36 हजार 363 मतदाता हैं, जिसमें एक करोड़ 44 लाख पांच हजार 97 पुरुष, एक करोड़ 27 लाख 30 हजार 186 महिला व 1,080 थर्ड जेंडर मतदाता शामिल हैं। मतदाताओं की संख्या की दृष्टि से सबसे अधिक मतदाता मोहनलालगंज (अजा) व सबसे कम मतदाता बांदा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में हैं। लखनऊ पूर्व विधानसभा सीट में कुल चार लाख 64 हजार 510 मतदाता हैं, जिसमें दो लाख 42 हजार 937 पुरुष व दो लाख 21 हजार 558 महिला और 15 थर्ड जेंडर मतदाता हैं।

### सबसे अधिक प्रत्याशी फतेहपुर सीट पर

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि लोकसभा सीटों में सबसे अधिक 15 प्रत्याशी फतेहपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में व सबसे कम चार प्रत्याशी कैसरगंज लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में हैं।

# पहली बार मिले 39 सुपर स्पेशलिस्ट चिकित्सक

पद्माकर पाण्डेय, लखनऊ

▸▸ सरकारी अस्पतालों से मरीजों को उच्च चिकित्सा संस्थानों में नहीं करना पड़ेगा रेफर

**अमृत विचार :** स्वास्थ्य विभाग को पहली बार 39 सुपर स्पेशलिस्ट चिकित्सक मिल गये हैं। इन डॉक्टरों के आने से सरकारी अस्पतालों में बीमारी विशेष के इलाज के लिए मरीजों को उच्च चिकित्सा संस्थानों में रेफर नहीं करना पड़ेगा। इन चिकित्सकों की नियुक्ति लोक सेवा आयोग द्वारा 268 पदों के सापेक्ष हुई है।

स्वास्थ्य विभाग में निदेशक प्रशासन डॉ.राजा गणपति ने बताया कि लोकसेवा आयोग, प्रयागराज को 268 सुपर स्पेशलिस्ट चिकित्सकों की नियुक्ति के लिए अधियाचन भेजा गया था। विज्ञापन प्रकाशित होने के बाद आयोग को 71 आवेदन प्राप्त हुए थे, इनमें से 39 विशेषज्ञों का चयन हुआ है। चयनित विशेषज्ञों में एमडी मेडिसिन, प्लास्टिक सर्जन, नेफ्रोलॉजिस्ट, पैथोलॉजिस्ट और अन्य विशेषज्ञ शामिल हैं। जल्द ही इन्हें विभिन्न चिकित्सालयों में तैनाती दी जायेगी, ताकि मरीजों को बेहतर इलाज की सुविधा उपलब्ध हो।

मालूम हो कि स्वास्थ्य विभाग में विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी है। जिसकी वजह से विभिन्न बीमारियों के मरीजों को बेहतर इलाज के लिए किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय, संजय गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान, डॉ.राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान या अन्य उच्च संस्थानों में रेफर किया जाता है। अब, इन सुपर स्पेशलिस्ट डॉक्टरों की तैनाती से सरकारी अस्पतालों में भी अत्याधुनिक और विशेषज्ञता पूर्ण इलाज मिलने का रास्ता प्रशस्त हो गया है। गरीब मरीजों को बेहतर इलाज के लिए बड़े संस्थानों में चक्कर नहीं लगाने पड़ेगे। साथ ही मुफ्त इलाज की सुविधा मिलेगी।

### मिलेगा अतिरिक्त वेतन वृद्धि का लाभ

19010 चिकित्सकों के विभाग में ग्रेड टू के 7240 पद हैं, इनमें से 3620 पद स्पेशलिस्ट चिकित्सकों की सीधी भर्ती के लिए हैं, इनमें से सुपर स्पेशलिस्ट चिकित्सकों को अतिरिक्त वेतन वृद्धि का लाभ दिया गया है। यानी ग्रेड चार में पहुंचने तक इन चिकित्सकों को तीन वेतन वृद्धि का लाभ दिया जाएगा।

## दिव्यांगों को नए कोर्स देंगे उम्मीदों की उड़ान

**अमृत विचार, लखनऊ :** डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय चार नये पाठ्यक्रम शुरू करने जा रहा है। नये सत्र की शुरुआत में सभी विषयों में कोर्स आउटकम और वार्षिक आउटकम, प्रोग्राम आउटकम, प्रोग्राम स्पेसिफिक आउटकम के रूप में शामिल होगा। विवि के कुलपति का कहना है कि नये कोर्स के सहारे प्रशिक्षण पाने वाले विद्यार्थी रोजगार के क्षेत्र में नये आयाम स्थापित कर सकेंगे।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. संजय सिंह का कहना है कि विवि में स्थापित किये जाने वाले नये कोर्स को लेकर पैरामेडिकल एवं पुनर्वास संकाय के अंतर्गत एक बैठक की गई। इसमें चार कोर्सों को शुरू किये जाने की संस्तुति हुई। नये चार कोर्सों में कोर्स आउटकम, वार्षिक आउटकम, प्रोग्राम आउटकम और समर इंटर्नशिप शामिल हैं। कोर्स आउटकम में विषयों का सार बताया जाएगा, लाभ-हानि की जानकारी का ब्योरा भी छात्रों के समक्ष प्रस्तुत होगा। वार्षिक आउटकम में एक वर्ष में जितने विषय पढ़ाए जाएंगे, उनकी जानकारी दी जाएगी। प्रोग्राम आउटकम में अस्पतालों में दी जाने वाली सेवाएं और हेल्थ केयर सेण्टर से जुड़े विषय शामिल होंगे।

# ड्रोन स्प्रे से पहले किया जाएगा फसलों का सर्वे



कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ नमो ड्रोन दीदी योजना में उपलब्धता के आधार पर महिलाओं को बांटें जाएंगे ड्रोन

**अमृत विचार :** कृषि कार्य में ड्रोन को बढ़ावा देने के लिए विभाग जिलों में फसलों का सर्वे करेगा और बुवाई के आधार पर ड्रोन से तरल उर्वरक व कीटनाशक के छिड़काव यानी स्प्रे की संभावना तलाशेगा। इसी आधार पर केंद्र पोषित नमो ड्रोन दीदी योजना के तहत राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के समूह की महिलाओं को ड्रोन बांटे जाएंगे।

सर्वे में ऐसे क्षेत्र चिह्नित किये जाएंगे, जहां बड़े क्षेत्रफल में किसान खेती करते हैं और उनके लिए फसलों में स्प्रे करना मुश्किल रहता है। ऐसी जगहों पर महिलाएं किसानों से शुल्क लेकर ड्रोन से फसलों में तरल उर्वरक व कीटनाशक छिड़केंगी। शुल्क से महिलाओं की आमदनी होगी। विभाग ने एक ड्रोन से प्रतिवर्ष 2 हजार से ढाई हजार एकड़ औसतन स्प्रे करने का लक्ष्य रखा है और 25 मई तक सर्वे रिपोर्ट मांगी है।

### 8 लाख का मिलेगा अनुदान, जल्द निर्धारित होगा लक्ष्य

समूह की महिलाओं को कृषि कार्य के लिए ड्रोन खरीदने पर कृषि विभाग योजना के तहत 8 लाख रुपये अनुदान देगा। जबकि फर्टिलाइजर कंपनियां समूह की महिलाओं को निशुल्क ड्रोन बांटेंगी। केंद्र से जल्द ड्रोन का लक्ष्य निर्धारित किया जाएगा। वर्ष 2022-23 में नमो ड्रोन दीदी के तहत प्रदेश के 39 जिलों में 114 ड्रोन महिलाओं को दिए गए थे। इस योजना का मकसद कृषि कार्य को ड्रोन के इस्तेमाल से आसान करना है और महिलाओं को रोजगार देना है।


## वर्ग पहेली-75

**बाएं से दाएं**

1. 1. किसी स्थान पर प्रवेश हेतु लिखित अनुमतिपत्र, आज्ञापत्र 2. बिना टिकट लिए
3. 1. लौटाना, वापस करना 2. उलटाना, बदलना।
6. 1. कलकल की आवाज़ होना 2. शरीर में गरमी की अनुभूति होना 3. कुलबुलाना (शरीर का)।
7. 1. झाड़ी, झुरमुट 2. बालों का जूड़ा, जुट्टी 3. पौधों या झाड़ियों का झुरमुट 4. घास-फूस का पूला, जूरी 5. समूह, झुंड 6. झोंटा।
8. गंधी, इत्रफ़रोश, गंधद्रव्य, सुगंधित पदार्थ।

**ऊपर से नीचे**

2. 1. कुलबुलाने की अवस्था
4. 1. चारों ओर से ठीक एवं दुरुस्त 2. चुस्त, फुरतीला।
5. निरुपाधि।
7. 1. जोखिम 2. ज़िम्मेदारी, जवाबदेही, उत्तरदायित्व।



### वर्ग पहेली-74 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 झ | ■ | 2 उ | 3 प | जा | ति | ■ |
| न | ■ | ■ | रं | ■ | ■ | ■ |
| क | ■ | ■ | प | ■ | 4 बू | ढ़ा |
| 5 ना | मी | गि | रा | मी | ■ | ■ |
| ■ | ■ | ■ | नु | ■ | 6 शी | राँ |
| ■ | ■ | ■ | 7 ग | जा | ल | ■ |
| 8 सं | घ | टि | त | ■ | न | ■ |

## सुडोकू-154

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | | | | 2 | | |
| 4 | | 5 | | | | | | |
| | | | 2 | 7 | | | | |
| | 9 | | 3 | | | | | |
| | 7 | | | | | | 1 | |
| | | | | 5 | 4 | | | |
| | | | | 4 | 6 | | | |
| | | 1 | | | | 4 | | 5 |
| 7 | | 3 | | | | | 8 | |


### सुडोकू-153 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 8 | 5 | 9 | 2 | 6 | 7 | 4 | 3 |
| 9 | 3 | 4 | 5 | 1 | 7 | 2 | 8 | 6 |
| 2 | 6 | 7 | 8 | 4 | 3 | 5 | 9 | 1 |
| 8 | 1 | 3 | 7 | 6 | 5 | 4 | 2 | 9 |
| 7 | 9 | 6 | 2 | 8 | 4 | 3 | 1 | 5 |
| 4 | 5 | 2 | 1 | 3 | 9 | 6 | 7 | 8 |
| 5 | 4 | 1 | 6 | 9 | 2 | 8 | 3 | 7 |
| 3 | 7 | 8 | 4 | 5 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 6 | 2 | 9 | 3 | 7 | 8 | 1 | 5 | 4 |

## आज का भविष्यफल
-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 20 मई सोमवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-वैशाख, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-द्वादशी 15 .58 तक तत्पश्चात त्रयोदशी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**-पूर्व। **ऋतु**-ग्रीष्म।

चन्द्रबल-मेष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, धनु, मीन।

ताराबल-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।

नक्षत्र-चित्रा पूर्ण रात्रि तक।

**मेष** – आज घर के लोग आपसे काफी प्रसन्न रहेंगे। व्यवसाय में उन्नति होने से आप काफी प्रसन्न रहेंगे। शाम के समय आप किसी उत्सव में जा सकते हैं। इस समय सारी परिस्थितियां आपके अनुकूल हैं। अपनी जिम्मेदारियों के प्रति निष्ठावान रहेंगे।

**वृष** – आज स्वास्थ्य काफी अच्छा और संतुलित रहेगा। किसी बड़ी समस्या का समाधान होने से निश्चिंत होंगे। जॉब में आय बढ़ने के योग बन रहे हैं। आपके मन में छाया हुआ अज्ञात भय आज दूर हो सकता है।

**मिथुन** – आज बच्चों के साथ सुखद समय व्यतीत करेंगे। गृह निर्माण के कार्य तेजी से पूर्ण होंगे। प्रेम संबंधी मामलों में निराशा हाथ लग सकती है। कला क्षेत्र से जुड़े लोगों को सम्मान प्राप्त हो सकता है। मित्रों के परामर्श पर गम्भीरता से ध्यान दें।

**कर्क** – आज यह धैर्य रखने का समय है। महत्वपूर्ण कार्यों को दिन के दूसरे प्रहर तक कर लेना लाभकारी होगा। अधिकारियों के साथ आपको अच्छे संबंध रखने चाहिए। परिस्थितियों के अनुसार स्वयं को ढालने का प्रयास करें।

**सिंह** – आज विदेश में शिक्षा ले रहे विद्यार्थियों को थोड़ा सावधान रहना चाहिये। ऑनलाइन व्यापार से आपको लाभ प्राप्त हो सकता है। लोग आपके ऊपर पूर्ण विश्वास रखेंगे। मित्रों के साथ किसी गंभीर चर्चा में सम्मिलित हो सकते हैं।

**कन्या** – आज व्यर्थ की गतिविधियों में समय नष्ट न करें। महत्वपूर्ण अवसर आपकी प्रतीक्षा कर रहे हैं इसलिए थोड़ी सी लापरवाही भारी पड़ सकती है। दिन की शुरुआत में आप अपने आप को काफी व्यस्त देख सकते हैं।

**तुला** – आज दिन की शुरुआत में आप अपने आपको काफी व्यस्त देख सकते हैं। शत्रुओं की गतिविधियों को हल्के में लेने की भूल बिल्कुल न करें। अनावश्यक कार्यों में आपको उलझना भी पड़ सकता है, किंतु आपकी योग्यता की लोग प्रशंसा भी करेंगे।

**वृश्चिक** – आज प्रणय संबंधों में कुछ अनबन देखने को मिल सकती है। कोई जरूरी निर्णय अचानक लेना पड़ेगा। निर्माण कार्यों को लेकर आपको लोगों की मदद लेनी पड़ सकती है। गलत कार्यों की तरफ आपका रुझान हो सकता है।

**धनु** – आज रचनात्मक कार्यों से जुड़े लोगों को बड़ा नाम मिल सकता है। प्रेम संबंध काफी मधुर रहेंगे। कारोबार में बड़ी साझेदारी हो सकती है। बड़े भाई-बहनों को लेकर प्रसन्नता रहेगी। भारी उद्योगों से जुड़े लोगों को उत्तम धन लाभ होगा।

**मकर** – आज महत्वपूर्ण बैठकों में आप सम्मिलित हो सकते हैं। व्यावसायिक लक्ष्य समय पर पूर्ण हो जाएंगे। आप भविष्य को लेकर निवेश की योजना बना सकते हैं। आलोचकों की बातों को ज्यादा महत्व न दें। सरकारी कार्यों से जुड़े लोगों को सम्मान मिल सकता है।

**कुंभ** – आज धन हानि होने के योग बन रहे हैं। पड़ोसियों से आपका झगड़ा हो सकता है। आपके सभी काम रुक-रुक कर ही होंगे। ऑनलाइन कोई भी गतिविधि के दौरान सावधान रहें। अजनबी लोगों से ज्यादा मेलजोल न बढ़ाएं।

**मीन** – आज भोजन और बाकी दिनचर्या अनुशासित रखें। अनावश्यक विचारों के कारण आप अच्छे लोगों से दूर हो सकते हैं। परिजनों का सहयोग मिलेगा। आपको अपने अपमान का भय रहेगा। रक्तचाप की समस्या होने की आशंका है।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
चोरी मेरा काम — सुबह : 10 .02
तकदीर का तमाशा — रात : 07 .00

&pictures
महावीर नं. 1 — सुबह : 09 .10
तमाशा — रात : 08 .00

SONY PIX
कैप्टन फिलिप्स — सुबह : 10 .13
टार्जन — रात : 09 .00

ZEE CINEMA
एक विवाह ऐसा भी — सुबह : 08 .30
अनोखा बंधन — दोपहर : 01 .50

colors CINEPLEX
डबल अटैक — सुबह : 11 .31
उगराम — शाम : 05 .00

### आज की सुपरहिट फिल्म




एंड पिक्चर्स पर रात : 08 .00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

एक महिला रिक्शे वाले से- मैं तुम्हारे रिक्शे से उतरकर जा रही थी, फिर भी तुमने भाड़ा क्यों नहीं मांगा?
रिक्शा वाला- जी, मैं शरीफ औरतों से पैसे नहीं मांगता।
महिला-अगर मैं बिना भाड़ा दिए चली जाती तो?
रिक्शा वाला- मैं समझ जाता कि आप शरीफ नहीं हैं और फिर मैं भाड़ा मांग लेता।

हॉस्टल में रहने वाले पिंटू ने अपने दोस्तों से कहा-यार धोखा हो गया धोखा एक दोस्त- क्या हो गया?
पिंटू-यार घर से बुक्स के लिए पैसे मंगवाए थे, लेकिन घर वालों ने बुक्स ही भेज दीं।

# माओवादियों की भाषा बोल रहे हैं राहुल : मोदी

## जमशेदपुर की रैली में बोले - उद्योगपति कांग्रेस शासित राज्यों में निवेश करने से पहले 50 बार सोचेगा

जमशेदपुर (झारखंड), एजेंसी



● शनिवार को राहुल गांधी ने कहा था कि मैं मोदी से बहस को तैयार है, लेकिन वह नहीं आएंगे

प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस और राहुल गांधी पर रविवार को निशाना साधते हुए कहा कि शहजादे द्वारा माओवादियों की भाषा बोलने के कारण कोई भी उद्योगपति कांग्रेस शासित राज्यों में निवेश करने से पहले 50 बार सोचेगा। मोदी ने यहां एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कांग्रेस पर वंशवादी राजनीति को संरक्षण देने और लोकसभा सीट को खानदानी जयदाद मानने का भी आरोप लगाया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस के शहजादे द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली भाषा किसी भी उद्योगपति को पार्टी द्वारा शासित राज्यों में निवेश करने से पहले 50 बार सोचने पर मजबूर कर देगी।शहजादे माओवादियों की भाषा बोल रहे हैं और नए-नए तरीकों से पैसा वसूल रहे हैं। इससे पहले राहुल गांधी ने शनिवार को नई दिल्ली में कहा था, मैं प्रधानमंत्री मोदी से कभी भी और कहीं भी बहस करने के लिए तैयार हूं, लेकिन मुझे यकीन है कि वह नहीं आएंगे। पहला सवाल मैं प्रधानमंत्री मोदी से पूछूंगा कि अडाणी से उनका क्या रिश्ता है। प्रधानमंत्री कांग्रेस को अडाणी-अंबानी से पैसा मिलने की बात करते हैं, लेकिन उनमें इसकी जांच कराने की हिम्मत नहीं है।

जमशेदपुर में मोदी ने कहा कि उन्होंने नक्सलियों की रीढ़ तोड़ दी है, लेकिन कांग्रेस और झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने धन उगाही की जिम्मेदारी ली है। मैं कांग्रेस और इंडिया गठबंधन शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों को इस बात का जवाब देने की चुनौती देता हूं कि क्या वे अपने शहजादे की उद्योग-विरोधी भाषा से सहमत हैं।

### कांग्रेस और झामुमो का विकास से लेना देना नहीं

प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस और झामुमो को देश के विकास से कोई लेना-देना नहीं है, क्योंकि वे भ्रष्टाचार में डूबे हुए हैं। कांग्रेस भ्रष्टाचार की जननी है, यह कोयला और 2जी घोटालों सहित कई घोटालों में शामिल रही है। झामुमो और कांग्रेस को उद्योगों की कोई चिंता नहीं है। झारखंड अपने समृद्ध संसाधनों के बावजूद भ्रष्ट नेताओं के पास मौजूद काले धन के ढेर के लिए जाना जाता है। उन्होंने सेना को भी नहीं बख्शा और उसकी जमीन हड़प ली ।झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री (हेमंत सोरेन) भ्रष्टाचार के आरोप में जेल में हैं। प्रधानमंत्री ने लोगों को यह भी आश्वासन दिया कि वह राज्य में लूटा हुआ सार्वजनिक धन भ्रष्ट नेताओं से वसूल करेंगे और इसे उन गरीबों को लौटा देंगे जिनका यह धन है। मोदी ने कांग्रेस पर लोगों को बुनियादी सुविधाओं से वंचित करने का आरोप लगाया।

### मोदी ने की आरकेएम और भारत सेवाश्रम संघ पर ममता की टिप्पणी की निंदा

पुरुलिया/बिष्णुपुर (प. बंगाल), रामकृष्ण मिशन और भारत सेवाश्रम संघ के खिलाफ पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की टिप्पणियों की निंदा करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि टीएमसी वोट बैंक के तुष्टीकरण के लिए इन सामाजिक-धार्मिक संगठनों को धमका दे रही है। मोदी ने पुरुलिया की रैली में कहा कि टीएमसी शालीनता की हदें लांघकर इतना नीचे गिर गई है कि वह इस्कॉन, रामकृष्ण मिशन और भारत सेवाश्रम संघ के खिलाफ अफवाह फैला रही है। प्रधानमंत्री ने बिष्णुपुर की रैली में बनर्जी पर मुस्लिम कट्टरपंथियों के दबाव में होने और देश के साधु और संतों पर हमला करने का आरोप लगाया।

# कांग्रेस की 25 गारंटी आर्थिक और सामाजिक सुरक्षा का कवच : खरगे

नई दिल्ली, एजेंसी



● कांगेस अध्यक्ष बोले- 30 लाख पदों पर भर्ती कर युवकों का भविष्य करेंगे सुरक्षित

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा है कि कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में जो पांच न्याय और 25 गारंटी देश के नागरिकों को देने की बात कही है उसमें सबके लिए सामाजिक और आर्थिक सुरक्षा का मजबूत कवच मौजूद है।

खरगे ने कहा कि कांग्रेस का प्रण है कि आने वाली सरकार 30 लाख सरकारी पद भरकर न सिर्फ युवाओं का भविष्य सुरक्षित करेगी बल्कि एक दशक से लंबित एससी, एसटी, ओबीसी, ईडब्ल्यूएस के आरक्षण के पारित पदों को भी भरेगी और युवाओं की देशभक्ति पर सवाल उठाने वाली अग्निवीर योजना को भी बंद करेगी खरगे ने कहा महालक्ष्मी गारंटी के तहत गरीब महिलाओं को प्रति माह 8500 उनके खाते में सीधा ट्रांसफ़र किया जाएगा जिससे वो बढ़ती महंगाई का मुकाबला कर सकें और कुछ पैसे जुटा कर आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन सकें। अब 25 लाख का मुफ्त इलाज किसी भी महिला को अपने गहने गिरवी रखने पर मजबूर नहीं करेगा। अन्नदाता किसानों की आय को बढ़ाने के लिए एमएसपी की लीगल गारंटी, इनपुट पर जीएसटी हटाना व स्थिर आयात-निर्यात नीति एक दूरगामी कदम साबित होगा।

### मोदी ने वादे पूरे नहीं किए, 83 प्रतिशत युवा बेरोजगार

कोलकाता। टीएमसी नेता अमित मित्रा ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री मोदी द्वारा विभिन्न मुद्दों पर किये गए वादों को पूरा नहीं किया गया है। उन्होंने दावा किया कि देश के बेरोजगारों में 83 प्रतिशत युवा हैं। मित्रा ने अपनी पार्टी के रुख को दोहराया कि टीएमसी इंडिया गठबंधन के साथ है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे द्वारा पार्टी के वरिष्ठ नेता अधीर रंजन चौधरी को फटकार लगाना और अधीर का प्रत्युत्तर उनका आंतरिक मामला है। ममता बनर्जी की कैबिनेट में पूर्व में वित्त मंत्री रहे मित्रा ने यहां संवाददाता सम्मेलन में दावा किया, देश में बेरोजगार लोगों में से लगभग 83 प्रतिशत युवा पुरुष और महिलाएं हैं। उन्होंने कहा, शिक्षित युवा पुरुषों और महिलाओं में से दो तिहाई बेरोजगार हैं।

## एक नजर

### अपनी ही बंदूक की गोली से सीआईएसएफ जवान की गई जान

**चेन्नई।** कर्नाटक के रहने वाले केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के 37 वर्षीय जवान की अपनी ही बंदूक से गोली लगने से मौत हो गई। पुलिस ने यह पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी गई है कि रवि किरण ने खुद को गोली मारी या शनिवार को कर्नाटक जाने वाली बस में यात्रा करते समय गलती से बंदूक चल गई। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया, रवि किरण कर्नाटक के रहने वाले थे और शनिवार को जब यह घटना हुई तब वह कलपक्कम से अपने गृहनगर बेंगलुरु जा रहे थे। अधिकारी ने कहा, हथियार की स्थिति के बारे में रिपोर्ट मिलने के बाद ही मौत के कारण का पता लगा पाएंगे।

### कुंए से जहरीली गैस के रिसाव से एक की मौत

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में बुंदेली गांव में एक कुंए में जहरीली गैस के रिसाव से एक सफाईकर्मी की मौत हो गयी जबकि एक अन्य गंभीर रूप से बीमार है। कुंए में सफाई के दौरान बेहोशी की हालत में पानी में डूबने से एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दूसरे युवक को कुंएं से निकालकर अस्पताल ले जाया गया। मामला रजगामार पुलिस चौकी क्षेत्र के बुंदेली गांव की है। घटना की सूचना पर डायल 112 और संजीवनी एक्सप्रेस एम्बुलेंस मौके पर पहुंची। नगर सेना की रेस्क्यू टीम ने दोनों युवकों को बाहर निकाला। कुंए में डूबे युवकों का नाम जगत राम और साहेब लाल है। इस घटना में जगत राम की मौत हो गई। कुंएं से निकलने वाली जहरीले गैस के कारण मौत होने की वजह बताई जा रही है। इस पूरे मामले पुलिस जांच कर रही है।



पं. बंगाल के हावड़ा जिले के बेलूर इलाके में चुनाव के पांचवें चरण की पूर्व संध्या पर चुनाव सामग्री लेकर जाता मजदूर। ● एजेंसी

# प्रज्ज्वल मामले को बंद करने की तैयारी में एसआईटीः अशोक

बेंगलुरु, एजेंसी

● कर्नाटक में विपक्ष के नेता ने सीबीआई जांच की उठाई मांग

कर्नाटक में विपक्ष के नेता आर. अशोक ने रविवार को आरोप लगाया कि विशेष जांच दल (एसआईटी) प्रज्ज्वल रेवन्ना सेक्स स्कैंडल मामले को गलत तरीके से बंद करने की कगार पर है। अशोक ने आंतरिक जांच की निष्पक्षता पर संदेह व्यक्त करते हुए मामले को सीबीआई को सौंपने की मांग की। जांच में सरकारी अधिकारियों के फंसने की संभावना है, जिससे आंतरिक जांच की निष्पक्षता पर संदेह है।

उन्होंने पूर्व मंत्री एचडी रेवन्ना और अन्य आरोपियों के साथ किए जा रहे बर्ताव में असमानताओं की ओर इशारा करते हुए कानून प्रवर्तन और न्यायपालिका में कथित हेरफेर के लिए कांग्रेस की आलोचना की। उन्होंने दावा किया कि जेल में बंद भाजपा नेता देवराजे गौड़ा ने डीके शिवकुमार से जुड़ी रिकॉर्डिंग लीक की थी, जिस पर उन्होंने जोर देकर कहा था कि वह वास्तविक थी और इसके बाद देवराजे गौड़ा की गिरफ्तारी हुई। भाजपा नेता ने रणदीप सुरजेवाला, शिवकुमार और मुख्यमंत्री सिद्दारमैया सहित प्रमुख कांग्रेस हस्तियों पर दलित और वोक्कालिगा नेताओं के खिलाफ साजिश रचने का आरोप लगाते हुए इन समुदायों को हाशिये पर धकेलने के उद्देश्य से किये जा रहे राजनीतिक षडयंत्र की गंभीर तस्वीर पेश की।

# मप्र में बुजुर्ग दलित दंपती से मारपीट और जूतों की माला पहनाई, 10 के खिलाफ मामला दर्ज

**अशोक नगर।** मध्य प्रदेश के अशोक नगर जिले में बुजुर्ग दलित दंपती के साथ मारपीट की गई और उन्हें जूतों की माला पहनाई गई। पुलिस ने बताया कि दंपती का बेटा कथित तौर पर छेड़छाड़ की घटना में शामिल था। दंपती से मारपीट की घटना मुंगावली थाना क्षेत्र के तहत किलोरा गांव में शुक्रवार को हुई। इस संबंध में 10 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है, ये सभी फरार हैं। मुंगावली थाने के प्रभारी गब्बर सिंह गुर्जर ने कहा कि दंपती का बेटा एक आरोपी की पत्नी से छेड़छाड़ में शामिल था। घटना के बाद दलित परिवार ने गांव छोड़ दिया था। ये दंपती हाल ही में गांव आया था। शुक्रवार को आरोपियों ने 65 वर्षीय व्यक्ति और उनकी 60 वर्षीय पत्नी को एक खंभे से बांधकर मारपीट की और उन्हें जूतों की माला पहनाई। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने 10 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर गिरफ्तारी के लिए प्रयास कर रही है।

# पत्नी और बेटे के खिलाफ आवेदन कर पूर्व मंत्री ने मांगा भरण पोषण का खर्च

जयपुर, एजेंसी

● विश्वेंद्र सिंह ने पत्नी-बेटे पर पीटने और खाना नहीं देने का लगाया आरोप

● पत्नी और बेटे ने आरोपों को गलत बताते हुए छवि धूमिल करने की कही बात

भरतपुर के राजघराने का विवाद उस समय खुलकर सामने आ गया जब राजस्थान के पूर्व कैबिनेट मंत्री विश्वेंद्र सिंह ने अपनी पत्नी और बेटे के खिलाफ उप संभागीय मजिस्ट्रेट की अदालत में एक आवेदन दायर किया और भरण-पोषण खर्च की मांग की। उनका आरोप है कि उनकी पत्नी तथा बेटा उन्हें पीटते थे और खाना भी नहीं मिलता था, जिससे तंग आकर वह घर छोड़कर चले गए। उनकी पत्नी और बेटे ने सिंह पर पैतृक संपत्ति बेचने तथा उनकी छवि खराब करने का आरोप लगाया।

विश्वेंद्र सिंह ने एसडीएम अदालत में माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों के भरण पोषण तथा कल्याण अधिनियम, 2007 के तहत एक आवेदन दायर किया था। वह पूर्ववर्ती अशोक गहलोत सरकार में कैबिनेट मंत्री थे जबकि उनकी पत्नी भरतपुर से लोकसभा सदस्य रही हैं। इस संबंध में रविवार को खबर छपने के बाद विश्वेंद्र सिंह की पत्नी दिव्या सिंह और बेटे अनिरुद्ध सिंह ने विश्वेंद्र सिंह पर परेशान करने और उनकी छवि खराब करने का आरोप लगाया।

अदालत में दिये अपने आवेदन में 62 वर्षीय विश्वेंद्र सिंह ने कहा, वह हृदय रोगी हैं और अवसाद का सामना नहीं कर सकते। कहा कि वर्ष 2021 और 2022 में दो बार कोविड-19 से संक्रमित होने के बावजूद, उनकी पत्नी और बेटा उनकी सहायता करने या देखभाल करने में विफल रहे। उन्होंने कहा, पिछले कुछ वर्षों से, मेरी पत्नी और बेटे ने मेरे खिलाफ विद्रोह शुरू कर दिया है। उन्होंने मुझ पर हमला किया। मेरे दस्तावेज और कपड़े जला दिए तथा मेरे साथ मौखिक दुर्व्यवहार किया। खाना तक देना बंद कर दिया। उन्होंने कहा, मुझे किसी से भी मिलने की मनाही थी और उन्होंने मुझे महल के भीतर लंबे समय तक यातना दी।

### छत्तीसगढ़ में चलती ट्रेन से टकराया ड्रिल मशीन, तीन घायल

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के बाहरी इलाके में रविवार को बड़ी ड्रिलिंग मशीन का एक सिरा चलती ट्रेन से टकरा गया, जिससे दो यात्री और एक सफाई कर्मचारी घायल हो गए। रेलवे के जनसंपर्क अधिकारी ने बताया कि यह घटना सुबह 10 बजे हुई, जब लोकमान्य तिलक टर्मिनस (मुंबई) जाने वाली शालीमार एक्सप्रेस रायपुर के पास उरकुरा रेलवे स्टेशन से गुजर रही थी। इससे पहले अधिकारियों ने कहा था कि पटरी के पास एक खंभा ट्रेन पर गिर गया। अधिकारी ने कहा कि धातु का टुकड़ा बाद में 'ड्रिल मशीन रीमर' के रूप में पाया गया जो एक खंभे जैसा दिखता है। ट्रेन रायपुर पहुंची तो रेलकर्मी कोच में पहुंचे और घायल यात्रियों को प्राथमिक उपचार दिया।

# कांग्रेस, राजद नेता अपने घुसपैठिए वोट बैंक के डर से प्राण प्रतिष्ठा में शामिल नहीं हुएः शाह

बेतिया, एजेंसी



● गृह मंत्री ने बेतिया में इंडिया गठबंधन पर साधा निशाना

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता अपने घुसपैठिए वोट बैंक के डर से राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल नहीं हुए थे।

बिहार के बेतिया में चुनावी सभा में शाह ने कहा, कांग्रेस और राजद शुरू से ही राम मंदिर के खिलाफ थे। समारोह का उन्हें निमंत्रण दिया गया, लेकिन वे अपने घुसपैठिए वोट बैंक के डर से नहीं आए। शाह ने पाकिस्तान की परमाणु शक्ति के बारे में बयान देने पर कांग्रेस के नेतृत्व वाले विपक्ष की आलोचना की और कहा, कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर और उनके सहयोगी दल के नेता फारूक अब्दुल्ला कहते हैं कि पाकिस्तान के पास परमाणु बम है, इसीलिए पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) की बात मत करो। हम भाजपा के कार्यकर्ता परमाणु बम से नहीं डरते। मोदी की गारंटी है कि पीओके भारत का है, हमेशा रहेगा और हम इसको लेकर रहेंगे।

शाह ने लालू प्रसाद के नेतृत्व वाली राजद पर मंडल आयोग की सिफारिशों का विरोध करने वाली कांग्रेस के साथ हाथ मिलाने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि यह विरोध केवल लालू के बेटे तेजस्वी यादव को बिहार का मुख्यमंत्री बनाने के लिए किया गया था। उन्होंने पिछड़े वर्ग के लोगों का सम्मान करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सराहना की और बिहार में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की जीत का भरोसा जताया। शाह ने कहा, मोदी के नेतृत्व में राजग 400 से ज्यादा सीट जीतेगा। चार चरणों के मतदान के बाद मैं विश्वास के साथ कह सकता हूं कि राजग पहले ही 270 से अधिक लोकसभा सीट जीत चुका है। राजद चार सीट भी नहीं जीतेगी और कांग्रेस 40 भी नहीं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और राजद ने कभी गरीबों के विकास के लिए काम नहीं किया और वे कभी भी बिहार की उन्नति के बारे में नहीं सोचते हैं।

## कारोबार/कृषि

### सर्राफा

लखनऊ

| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 73,650 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 73,500 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 88,100 |
| चांदी तैयार | 88,000 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |

### म्यूचुअल फंड ने शेयरों में 1.3 लाख करोड़ रुपये का निवेश किया

● म्यूचुअल फंड बाजार की वृद्धि क्षमता को प्राथमिकता देने के साथ चुनाव से कम होता है प्रभावित

**नई दिल्ली।** म्यूचुअल फंड उद्योग (एमएफ) ने इस साल भारतीय शेयरों में मजबूत भरोसा दिखाया और लगभग 1.3 लाख करोड़ रुपये का निवेश किया। यह वृद्धि मुख्य रूप से खुदरा निवेशकों के बढ़े हुए भरोसे और शेयर बाजार के मजबूत प्रदर्शन के चलते हुई।

ट्रेडजिनी के मुख्य परिचालन अधिकारी त्रिवेश डी ने कहा कि म्यूचुअल फंड बाजार की अंतर्निहित वृद्धि क्षमता को प्राथमिकता देने के साथ ही चुनाव जैसी घटनाओं से कम प्रभावित होते हैं। उद्योग के दिग्गजों के आश्चर्यजनक उदाहरणों के कारण व्यवस्थित निवेश योजनाओं (एसआईपी) में निवेशकों की दिलचस्पी बढ़ी है। त्रिवेश ने कहा कि ऐसे निवेशक, जो आमतौर पर बाजारों से दूर रहना चाहते हैं, उन्होंने म्यूचुअल फंड के जरिये निवेश शुरू किया है। भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड के अनुसार चालू महीने में म्यूचुअल फंड ने 26,038 करोड़ और अप्रैल में 20,155 करोड़ रुपये का निवेश किया। म्यूचुअल फंड ने 2024 में सबसे अधिक खरीदारी मार्च में और इस दौरान शुद्ध निवेश 44,233 करोड़ रुपये रहा।

# ईंधन कारोबार में बड़ा हिस्सा चाहती है रिलायंस

## सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम कंपनियों की एटीएफ पाइपलाइन और भंडारण तक मिले पहुंच

नई दिल्ली, एजेंसी



● देश के कुल विमान ईंधन उत्पादन में रिलायंस की हिस्सेदारी 25% है

रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड चाहती है कि उसे सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम कंपनियों की पाइपलाइन और भंडारण (स्टोरेज) तक पहुंच मिले। इन पाइपलाइन और स्टोरेज का निर्माण सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों ने पिछले कई साल में किया है। इनका इस्तेमाल वह डिपो और तेल रिफाइनरी से हवाई अड्डों तक विमान ईंधन की आपूर्ति के लिए करती हैं।

रिलायंस इन सुविधाओं तक पहुंच से एशिया के कुछ व्यस्त हवाई अड्डों पर ईंधन कारोबार में बड़ी हिस्सेदारी हासिल करना चाहती है। देश के कुल विमान ईंधन (एटीएफ) उत्पादन में रिलायंस की हिस्सेदारी 25 प्रतिशत है। रिलायंस दिल्ली हवाई अड्डे के बाहर के स्टोरेज डिपो के अलावा मुंबई, बेंगलुरु और हैदराबाद हवाई अड्डों तक जाने वाली पाइपलाइन तक पहुंच चाहती है। सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों द्वारा की जाने वाली एटीएफ आपूर्ति की तुलना में फिलहाल रिलायंस की हिस्सेदारी काफी कम है। पेट्रोलियम क्षेत्र के नियामक भारतीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस नियामक बोर्ड (पीएनजीआरबी) ने पाइपलाइन द्वारा सभी मौजूदा और भविष्य के हवाई अड्डों पर एटीएफ की आपूर्ति के बारे में नियमों के मसौदे पर टिप्पणियां मांगी है।

नियामक ने कहा है कि प्रतिस्पर्धा बढ़ाने और ईंधन की लागत को कम करने के लिए सभी आपूर्तिकर्ताओं को आपूर्ति के लिए इन पाइपलाइन तक पहुंच मिलनी चाहिए। पीएनजीआरबी के मसौदे पर रिलायंस ने यह सुझाव दिया है। देश का ईंधन बाजार मुक्त है लेकिन देश के व्यस्त हवाई अड्डों पर एटीएफ की आपूर्ति दशकों से सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम कंपनियों इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी), भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) द्वारा बनाई गई पाइपलाइन से की जाती है।

### एटीएफ आपूर्ति श्रृंखला का महत्वपूर्ण हिस्सा

रिलायंस ने कहा है कि एयरलाइन के लिए पाइपलाइन के दायरे (जो सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों द्वारा निर्मित पाइपलाइन तक तीसरे पक्ष को पहुंच प्रदान करता है) में भंडारण सुविधाओं तथा ऑफ साइट टर्मिनल सुविधाओं तक पंप स्टेशनों को शामिल किया जाना चाहिए, क्योंकि ये एटीएफ आपूर्ति श्रृंखला का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। रिलायंस का कहना है कि इससे यह हवाई अड्डे पर ऑन-साइट भंडारण सुविधाओं के लिए एटीएफ की आपूर्ति और वितरण को एक प्रतिस्पर्धी बाजार को बढ़ावा मिलेगा। सार्वजनिक और निजी क्षेत्र की रिफाइनरियों द्वारा उत्पादित 1.71 करोड़ टन एटीएफ में से 82 लाख टन की खपत देश में होती है और बाकी का निर्यात किया जाता है। जामनगर में रिलायंस की दो रिफाइनरी करीब 50 लाख टन का उत्पादन करती हैं जिसका एक बड़ा हिस्सा निर्यात किया जाता है।

# सेंसेक्स की 10 में 8 कंपनियों की पूंजी 1.47 लाख करोड़ बढ़ी

नई दिल्ली, एजेंसी



● एलआईसी और रिलायंस इंडस्ट्रीज सबसे अधिक लाभ में रहीं

● बीते सप्ताह सेंसेक्स 1,341.47 अंक या 1.84% लाभ में रहा

सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों में आठ के बाजार पूंजीकरण में बीते सप्ताह 1,47,935.19 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। सबसे अधिक लाभ में भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) और रिलायंस रहीं।

बीते सप्ताह बीएसई का सेंसेक्स 1,341.47 अंक या 1.84% के लाभ में रहा। एनएसई और बीएसई ने प्राथमिक साइट पर व्यवधानों या विफलता से निपटने के लिए तैयारियों की जांच को 18 मई को इक्विटी और इक्विटी डेरिवेटिव खंड में एक विशेष कारोबारी सत्र आयोजित किया। समीक्षाधीन सप्ताह में एलआईसी का मूल्यांकन 40,163.73 करोड़ रुपये बढ़कर 6,16,212.90 करोड़ पहुंच गया। रिलायंस ने 36,467.26 करोड़ जोड़े और 19,41,110.70 करोड़ रुपये पहुंचा। भारती एयरटेल की हैसियत 26,492.61 करोड़ बढ़कर 7,64,917.29 करोड़ रुपये और एचडीएफसी बैंक 21,136.71 करोड़ रुपये बढ़कर 11,14,163.29 करोड़ रही। आईसीआईसीआई बैंक 9,570.68 करोड़ रुपये बढ़कर 7,94,404.51 करोड़ पहुंचा। इन्फोसिस 7,815.51 करोड़ रुपये बढ़कर 5,99,376.39 करोड़ हो गया। आईटीसी की हैसियत 4,057.54 करोड़ बढ़कर 5,44,895.67 करोड़ रुपये हुई। एसबीआई का मूल्यांकन 2,231.15 करोड़ रुपये बढ़कर 7,32,576.77 करोड़ रुपये रहा।

# कारोबार, जमा वृद्धि में बैंक ऑफ महाराष्ट्र आगे

नई दिल्ली, एजेंसी



● बैंक का कुल घरेलू कारोबार 2023-24 में 15.94% बढ़ा

बैंक ऑफ महाराष्ट्र (बीओएम) ने बीते वित्त वर्ष में कुल कारोबार तथा जमा जुटाने के मामले में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में ऊंची वृद्धि दर्ज की है। बीओएम ने यह वृद्धि ऐसे समय हासिल की है जबकि ज्यादातर सरकारी बैंक दो अंकीय वृद्धि हासिल करने के लिए संघर्ष करते नजर आए।

बैंकों के आंकड़ों के अनुसार पुणे मुख्यालय वाले बैंक ऑफ महाराष्ट्र का कुल घरेलू कारोबार 2023-24 में 15.94% बढ़ा है। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने 13.12% की वृद्धि दर्ज की है। मूल्य के हिसाब से एसबीआई का कुल कारोबार (जमा और अग्रिम) बैंक ऑफ महाराष्ट्र के 4,74,411 करोड़ की तुलना में 16.7 गुना अधिक 79,52,784 करोड़ रुपये रहा है। बीते वित्त वर्ष में जमा जुटाने में भी बीओएम की वृद्धि दर अच्छी रही है। बीओएम की जमा वृद्धि 15.66% रही। एसबीआई 11.07%, बैंक ऑफ इंडिया 11.05% और केनरा बैंक 10.98% रहा। बीते वित्त वर्ष में सार्वजनिक क्षेत्र के 12 बैंकों में से केवल ये चार बैंक जमा के मामले में 10% से अधिक की वृद्धि हासिल कर पाए हैं।

कम लागत की कासा (चालू खाता बचत खाता) जमा के मामले में भी बैंक ऑफ महाराष्ट्र 52.73% की वृद्धि के साथ शीर्ष पर रहा। इसके बाद 50.02% की वृद्धि के साथ सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया का स्थान रहा। कासा जमा से बैंकों को अपने कोष की लागत को निचले स्तर पर रखने में मदद मिलती है। कर्ज वृद्धि के मामले में कोलकाता का यूको बैंक 16.38% की वृद्धि से बीओएम से थोड़ा बेहतर था। 16.30% की वृद्धि के साथ बीओएम का स्थान रहा।

### सरकार ने माफी योजना से जुटाए 852 करोड़

**नई दिल्ली।** सरकार ने निर्यातकों के लिए माफी योजना के तहत 852 करोड़ रुपये जुटाए हैं। अग्रिम और ईपीसीजी की अनुमति वाले निर्यातकों से निर्यात प्रतिबद्धता में चूक के मामले में निपटान योजना शुरू हुई थी।

एक अधिकारी ने बताया कि इस योजना के तहत सरकार 852 करोड़ रुपये जुटा चुकी है। सरकार ने सीमा शुल्क और ब्याज के भुगतान की आखिरी तारीख 31 मार्च तय की है। योजना के तहत 6,705 आवेदन मिले थे और 852 करोड़ की वसूली हुई। कई छोटे निर्यातकों ने सरकार से योजना को सितंबर तक जारी रखने का अनुरोध किया है।

# उत्पाद और प्रौद्योगिकी पर 43,000 करोड़ रुपये का निवेश करेगा टाटा मोटर्स समूह

नई दिल्ली, एजेंसी



● टाटा मोटर्स समूह ने चालू वित्त वर्ष के लिए निवेश लक्ष्य बढ़ाया

टाटा मोटर्स समूह ने नए उत्पादों और प्रौद्योगिकी पर चालू वित्त वर्ष 2024-25 के लिए निवेश लक्ष्य को बढ़ाकर 43,000 करोड़ कर दिया है। इसमें सबसे अधिक हिस्सा समूह की ब्रिटिश इकाई जगुआर लैंड रोवर (जेएलआर) को होगा।

कंपनी के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि 2023-24 में टाटा मोटर्स ने जेएलआर के लिए तीन अरब पाउंड (30,000 करोड़) और टाटा मोटर्स के लिए 8,000 करोड़ रुपये का निवेश तय किया था। यह कुल मिलाकर यह 38,000 करोड़ है। टाटा मोटर्स समूह के मुख्य वित्त अधिकारी (सीएफओ) पीबी बालाजी ने तिमाही नतीजों के बाद कहा, बीते वित्त वर्ष में जेएलआर का निवेश 3.3 अरब पाउंड (33,000 करोड़) रहा, जबकि टाटा मोटर्स का निवेश 8,200 करोड़ से अधिक रहा। बीते वित्त वर्ष में समूह का कुल निवेश 41,200 करोड़ रुपये था।

बालाजी ने कहा कि चालू वित्त वर्ष में जेएलआर के लिए निवेश 3.5 अरब पाउंड (35,000 करोड़ रुपये) रहेगा। टाटा मोटर्स के लिए हमारा निवेश 8,000 करोड़ रुपये के दायरे में रहेगा। जेएलआर के लिए निवेश में करीब 6% की वृद्धि होगी, जबकि टाटा मोटर्स के लिए यह स्थिर रहेगा। यह निवेश उत्पादों और प्रौद्योगिकी में होगा। जगुआर लैंड रोवर के सीएफओ रिसर्च मॉलिनेक्स ने कहा, वित्त वर्ष 2025-26 वह वर्ष है जब हमारे नए उत्पाद बाजार में आएंगे।

## एक नजर

### नौका दुर्घटना में दो लोगों की मौत, पांच लापता

**बुडापेस्ट।** हंगरी में डेन्यूब नदी में हुई एक नौका दुर्घटना में दो लोगों की मौत हो गई और पांच अन्य लोग लापता हो गए। हंगरी पुलिस को शनिवार देर रात एक रिपोर्ट मिली कि वेरोसे शहर के पास डेन्यूब के तट पर एक व्यक्ति के सिर से रक्तस्राव हो रहा है। पुलिस ने जांच में पता लगाया कि वह व्यक्ति एक नौका दुर्घटना का शिकार हुआ है, और बाद में पास में एक पुरुष और एक महिला के शव पाए गए। नौका पर सवार पांच अन्य लोगों की तलाश जारी है।

### अमेरिकी एनएसए और क्राउन प्रिंस ने की चर्चा

**दुबई।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलीवान ने रविवार तड़के सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान से मुलाकात कर चर्चा की। सऊदी अरब ने इस चर्चा को दोनों देशों के बीच व्यापक सुरक्षा समझौते के सेमी-फाइनल संस्करण के रूप में वर्णित किया है। इसके पहले हमास की ओर से पिछले वर्ष सात अक्टूबर को इजराइल पर किए गए हमले के कारण रणनीतिक समझौता नहीं हो सका था।


### जर्मन रक्षा मंत्री ने यूक्रेन की मदद के लिए किया अनुरोध

**बर्लिन।** जर्मनी के रक्षा मंत्रालय ने यूक्रेन को सहायता प्रदान करने के लिए सरकार से अतिरिक्त 4 अरब 13 करोड़ का अनुरोध किया है। जर्मन अखबार बिल्ड ने सूत्रों के हवाले से यह जानकारी दी। रिपोर्ट में शनिवार को कहा गया कि जर्मन रक्षा मंत्री बोरिस पिस्टोरियस ने चांसलर ओलाफ स्कोल्ज और वित्त मंत्री क्रिश्चियन लिंडनर से मुलाकात की। जिसका मुख्य उद्देश्य अतिरिक्त धनराशि के लिए अनुरोध जून में मंजूरी के लिए संसद में प्रस्तुत किया जाना है।

### पुलिस अधिकारी ने आरोपी को भागने में की थी मदद, निलंबित

**कोझिकोड (केरल)।** केरल पुलिस के एक अधिकारी को घरेलू हिंसा मामले के एक आरोपी को देश छोड़ने में मदद करने के आरोप में निलंबित कर दिया गया है। पुलिस सूत्रों ने रविवार को बताया कि कोझिकोड शहर के पंथिरनकावु थाने के एक वरिष्ठ नागरिक पुलिस अधिकारी (सीपीओ) को आंतरिक जांच में यह आरोप सामने आने के बाद निलंबित कर दिया गया है कि वह राहुल पी गोपाल के साथ नियमित संपर्क में थे। गोपाल पर अपनी नवविवाहित पत्नी पर हमला करके हत्या का प्रयास करने का आरोप है। मामले की जांच जारी रहने के बीच गोपाल ने कुछ दिन पहले देश छोड़ दिया, जिसके बाद पुलिस को उसके खिलाफ ब्लू कॉर्नर नोटिस जारी करने के लिए इंटरपोल से संपर्क करना पड़ा।

## अस्था



पुडुचेरी के उपराज्यपाल सी.पी. राधाकृष्णन ने रविवार को कराईकल में थिरुनाल्लारू श्री दरबारनेश्वर मंदिर के रथ उत्सव में भाग लिया।

## ईरानी राष्ट्रपति के हेलिकॉप्टर की हार्ड लैंडिंग

**तेहरान :** ईरान के गृह मंत्री अहमद वाहिदी ने रविवार को कहा कि राष्ट्रपति इब्राहिम रायसी के काफिले में शामिल हेलिकॉप्टरों में से एक दुर्घटनाग्रस्त हो गया और उसे अजरबैजान के उत्तर-पश्चिमी प्रांत में खराब लैंडिंग करनी पड़ी। सरकारी चैनल आईआरआईबी टीवी से बात करते हुए वाहिदी ने हेलिकॉप्टर की लैंडिंग का कारण प्रतिकूल जलवायु परिस्थितियों को बताया। उन्होंने कहा कि विभिन्न बचाव दल घटना स्थल पर जा रहे है, लेकिन घने कोहरे और प्रतिकूल जलवायु परिस्थितियों के कारण उनकी गति धीमी हो रही है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति के साथ आई टीम के सदस्यों के साथ कुछ संपर्क बनाए गए हैं, लेकिन यह देखते हुए कि यह क्षेत्र जटिल है, संपर्क स्थापित करना मुश्किल है। हेलिकॉप्टर में विदेश मंत्री हुसैन अमीर-अब्दुल्लाहियन और पूर्वी अजरबैजान के गवर्नर मालेक रहमती शामिल हैं।

# गर्मी में घर के बाहर जा रहे हैं तो इन बातों का रखें ध्यान, नहीं तो लू ले सकती है जान

उत्तर भारत में भीषण गर्मी ने प्रचंड रूप ले लिया है। ऐसे में आईएमडी की ओर से रेड अलर्ट जारी किया जा चुका है। धूप तेज होने से डिहाइड्रेशन के कारण बीमार पड़ने की आशंका भी बढ़ जाती है। ऐसे में घर से बाहर निकलने से पहले आप अपने चेहरे और त्वचा को ढंक कर ही निकलें तो अच्छा रहेगा। वहीं दिन में घर से बाहर जा रहे हैं तो खानपान और पेयपदार्थ का भी विशेष ध्यान रखें। खुद में ताजगी बनाए रखने के लिए प्रतिदिन 3.5 लीटर से 4 लीटर पानी पीएं और ठंडे चीजों का सेवन करें। घर से बाहर निकलने से पहले कैप यानी कैप लगाना न भूले। आहार में ताजा फल और सब्जियों का सेवन करें, जिससे आप खुद को एनर्जेटिक महसूस कर सकेंगे। गर्मियों में अधिक समय तक धूप में काम करने से बचना चाहिए। इन सावधानियों का पालन करके आप खुद को गर्मियों में सुरक्षित रख सकते हैं।



### डिहाइड्रेशन के लक्षण

- मुंह सूखना, बार-बार पानी मांगना।
- आंखों का धंस जाना।
- कमजोरी व चक्कर आना।
- पेशाब कम और पीले रंग का आना।
- शरीर का तापमान कम होना।
- बेहोशी आना।

### गर्मी-गर्मी

एक बार में अधिक खाने से परहेज करेंगर्मी के मौसम में दिन की शुरुआत मीठे और रसीले फल से करना अच्छा रहेगा। चीकू, आड़ू, तरबूज, खरबूज या संतरा अच्छा विकल्प हो सकते हैं। खाने में प्याज और खीरा सलाद के तौर पर जरूर खाएं। यह पाचन संबंधी परेशानियों से बचाएंगे और तापमान नियंत्रित रखेंगे।

### ढीले-ढाले कपड़े पहनें

ढीले-ढाले व हल्के रंगों के कपड़ों का चुनाव करना चाहिए। यह सूरज के प्रकोप से बचाते हैं और पसीने सूखने में मदद करते हैं। इस मौसम में आंखों का भी पूरा ध्यान रखना चाहिए। इसलिए तेज धूप में घर से बाहर निकल रहे हैं तो सनग्लासेज का इस्तेमाल जरूर करें।

### बचाव

- खनिज की पूर्ति करने वाले पेय पदार्थों का सेवन करें।
- नारियल का पानी, कच्चे दूध की लस्सी पीना।
- मौसमी फलों का सेवन करें।
- साफ ताजा पानी पिएं, ज्यादा ठंडा पानी पीने से बचे।
- डायरिया होने पर ओआरएस का घोल पिलाएं।
- नीबू पानी, बेल का शरबत, शिकंजी, छाछ पीना।
- जंक फूड का सेवन करने से बचे।
- खुले में बिकने वाले पेय पदार्थों का सेवन न करें।
- तला भूना, मिर्च मसाले वाले भोजन से बचें।
- चिकित्सक की सलाह से उपचार कराएं।

# नेतन्याहू सरकार में बढ़ा टकराव, युद्ध कैबिनेट सदस्य ने दी इस्तीफे की धमकी

## गाजा में नई योजना अपनाने को लेकर युद्ध कैबिनेट के सदस्य बेनी गैंट्ज ने बनाया दबाव

**यरूशलम, एजेंसी**

इजराइल के तीन सदस्यीय युद्ध कैबिनेट के सदस्य बेनी गैंट्ज ने गाजा में युद्ध के लिए नई योजना नहीं अपनाने पर सरकार से इस्तीफा देने की धमकी दी है।

उन्होंने कहा कि अगर सरकार उनकी मांग नहीं मानती है तो वह 8 जून को पद से इस्तीफा दे देंगे। शनिवार को की गई उनकी इस घोषणा से सात महीने से गाजा में युद्ध लड़ रहे इजराइल के नेतृत्व में विभाजन के संकेत मिले हैं। वहीं द टाइम्स ऑफ इज़राइल की रिपोर्ट के अनुसार, नेतन्याहू की सरकार से इस्तीफा देने की गैंट्ज की धमकी की मंत्रियों की आलोचना की है और उन्हें पद से हटाने की मांग की है।

शनिवार को एक संवाददाता सम्मेलन में गैंट्ज ने मंत्रिमंडल से छह सूत्री योजना पर सहमत होने का आह्वान किया, जिसमें संघर्ष समाप्त होने के बाद घेरे गए क्षेत्र के शासन के लिए एक दृष्टिकोण प्रस्तुत किया गया है। गैंट्ज की योजना में गाजा में इजरायली बंदियों को रिहा करने, क्षेत्र को विसैन्यीकृत करने और इसके नागरिक मामलों की देखरेख के लिए अमेरिकी, यूरोपीय, अरब और फिलिस्तीनी तत्वों के साथ एक अंतरराष्ट्रीय गठबंधन बनाने की बात कही गई है।



संवाददाताओं को जानकारी देते बेनी गैंट्ज ने। • एजेंसी

### सरकार से बाहर निकलने की धमकी

इजरायली राजनेता और पूर्व रक्षा मंत्री ने कहा कि यदि उनकी मांगें पूरी नहीं की गईं तो वह गाजा पर युद्ध की देखरेख के लिए गठित आपातकालीन एकता सरकार से अपनी मध्यमार्गी पार्टी को बाहर कर लेंगे। नेतन्याहू की स्थिति को दोहराते हुए, गैंट्ज ने कहा कि युद्ध के बाद न तो हमास और न ही फिलिस्तीनी प्राधिकरण के अध्यक्ष महमूद अब्बास गाजा पर शासन कर सकते हैं।

### गाजा में एक और बंधक का शव मिला

इजरायली सेना ने कहा है कि गाजा पट्टी से एक और इजरायली बंधक का शव बरामद किया गया है। 24 घंटे के भीतर ये चौथा शव है। सेना के प्रवक्ता अविचाई एड्राई ने शनिवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया, सेना और शिन बेट सुरक्षा एजेंसी के संयुक्त विशेष अभियान में रॉन बेंजामिन का शव बरामद किया गया। एक बयान में, एड्राई ने कहा कि सेना की जानकारी से संकेत मिलता है कि रॉन बेंजामिन पिछले साल 7 अक्टूबर को हमास के हमले के दौरान मारे गए थे और उनके शव को हमास के आतंकवादी गाजा ले गए थे। इजरायल का अनुमान है कि गाजा में अभी भी कम से कम 129 इजरायली बंधक हैं, जिनमें से कुछ, हमास के अनुसार, मर चुके हैं।

## जेईआई के पूर्व प्रवक्ता ने किया आत्मसमर्पण

**श्रीनगर।** प्रतिबंधित संगठन जमात-ए-इस्लामी (जेईआई) के एक पूर्व प्रवक्ता ने 2019 में जेल से भागने की कोशिश करने के सिलसिले में पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया है। पुलिस के एक अधिकारी ने कहा कि आरोपी अली मोहम्मद लोन के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत रैनवाड़ी पुलिस थाने में मामला दर्ज किया गया है।

अधिकारी ने बताया कि आरोपी आगजनी, दंगा, जेल से भागने की कोशिश, राष्ट्र विरोधी नारेबाजी और श्रीनगर केंद्रीय कारागार में पथराव करने में कथित तौर पर संलिप्त है। लोन को पहली बार मार्च 2019 में गिरफ्तार किया गया था लेकिन उसकी एहतियाती हिरासत को अदालत ने उस साल जुलाई में रद कर दिया था। हालांकि, उसे छह दिन के अंदर निवारक कानून के तहत फिर से हिरासत में ले लिया गया लेकिन इस आदेश को 2020 में अदालत ने निरस्त कर दिया।

तीन महीनों के अंदर उसके खिलाफ निवारक कानूनों के तहत फिर से मामला दर्ज किया गया लेकिन हिरासत को फिर से अदालत ने 2021 में निरस्त कर दिया था।


# हमलावरों पर कार्रवाई के लिए सुरक्षाबलों को दी खुली छूट

**श्रीनगर, एजेंसी**

- जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने आतंकी हमले की कड़ी निंदा की

जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने शोपियां और पहलगाम में हुए आतंकी हमले की रविवार को कड़ी निंदा की तथा कहा कि इन हमलों को अंजाम देने वालों के खिलाफ कार्रवाई के लिए सुरक्षा बलों को खुली छूट दी गई है। आतंकवादियों ने शनिवार रात कश्मीर में दो स्थानों पर हमले कर शोपियां में एक सरपंच की हत्या कर दी और अनंतनाग में राजस्थान के एक पर्यटक दंपती को घायल कर दिया। बारामूला में लोकसभा चुनाव से दो दिन पहले इन हमलों को अंजाम दिया गया।

सिन्हा ने यहां एक बयान में कहा मैं आतंकी हमले और पूर्व सरपंच एजाज अहमद शेख की बर्बर हत्या से स्तब्ध हूं। वह जमीन से जुड़े नेता थे और लोगों की निस्वार्थ सेवा करने के लिए जाने जाते थे। मेरी संवेदनाएं उनके परिवार, मित्रों और शुभचिंतकों के साथ है। हम इस मुश्किल घड़ी में परिवार के साथ एकजुटता से खड़े हैं। उन्होंने कहा कि पहलगाम में पर्यटकों पर किया गया जघन्य हमला भी आतंकियों की



हताशा को प्रदर्शित करता है।

**घायल दंपती को हर संभव उपचार मुहैया करने का निर्देश :** उपराज्यपाल ने कहा मैंने प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों को घायल दंपती को हर संभव उपचार मुहैया करने का निर्देश दिया है। उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। उन्होंने कहा सरकार ने आतंकवादियों और उसके सहयोगियों को कुचलने के लिए जम्मू कश्मीर पुलिस तथा सुरक्षा बलों को खुली छूट दी है। हमारे सुरक्षा बल उन तत्वों को ढूंढ निकालेंगे जो आतंकियों की मदद कर रहे हैं और जम्मू कश्मीर की विकास यात्रा को बाधित करने की कोशिश कर रहे हैं।

# असम में 105 करोड़ रुपये की 10 किलोग्राम हेरोइन जब्त

**गुवाहाटी,**

- मुख्यमंत्री हिमंत विश्व ने सोशल मीडिया पर दी जानकारी

असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने रविवार को बताया कि कछार जिले में 105 करोड़ रुपये की हेरोइन बरामद की गई है। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रतिबंधित मादक पदार्थ का वजन दस किलोग्राम से अधिक है। यह पड़ोसी राज्य से लाया जा रहा था। पुलिस द्वारा नशा तस्करी को रोकने की सफलता को लेकर उन्होंने महकमे को बधाई दी।

शर्मा ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा 105 करोड़ रुपये की कीमत का मादक पदार्थ बरामद। मादक द्रव्य के तस्करों पर कार्रवाई करते हुए कछार पुलिस ने एक विशेष अभियान चलाया और पड़ोसी राज्य से लाई गई 10.333 किलोग्राम हेरोइन जब्त की।

उन्होंने मादक पदार्थ की तस्करी के खिलाफ अभियान जारी रखने और यह सुनिश्चित करने की सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई कि युवा ऐसे जाल में न फंसे। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया पर जब्त किए गए मादक पदार्थ के साथ दो आरोपियों की तस्वीर भी साझा की।

## स्लोवाकिया के प्रधानमंत्री रॉबर्ट फिको की हालत गंभीर

**पेजिनोक।** स्लोवाकिया के प्रधानमंत्री रॉबर्ट फिको की हालत जानलेवा हमले के चार दिन बाद भी गंभीर बनी हुई है। रक्षा मंत्री रॉबर्ट कलिनक ने यह जानकारी दी। हालांकि कलिनक ने यह भी कहा कि हालत में कुछ सकारात्मक सुधार देखने को मिला है।

अस्पताल उनकी स्वास्थ्य स्थिति को लेकर ताजा जानकारी जारी करता रहेगा। अस्पताल के उप-निदेशक मिलान उर्बनी ने संवाददाताओं से कहा चिकित्सकों के सुबह के परामर्श के आधार पर, हम यह निष्कर्ष निकाल सकते हैं कि वह फिलहाल प्राणघातक हालात से बाहर हैं, लेकिन उनकी हालत बेहद गंभीर बनी हुई है।

# नेपाल के प्रधानमंत्री प्रचंड को विश्वास मत जीतने का भरोसा

**काठमांडू, एजेंसी**

- गठबंधन सहयोगी द्वारा समर्थन वापस लेने के बाद उन्हें विश्वास मत का सामना करना पड़ रहा

नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्पकमल दाहाल प्रचंड ने विश्वास जताया है कि वह सोमवार को प्रतिनिधि सभा में विश्वास मत जीत जाएंगे। एक गठबंधन सहयोगी द्वारा उनकी सरकार से अपना समर्थन वापस लेने के बाद उन्हें विश्वास मत का सामना करना पड़ रहा है।

प्रचंड (69) नेपाल की कम्युनिस्ट पार्टी से संबंधित हैं। यह पार्टी प्रतिनिधि सभा में तीसरी सबसे बड़ी पार्टी है। वह पद संभालने के 18 महीने के भीतर चौथी बार संसद में विश्वास मत हासिल करने का प्रयास करेंगे। उन्होंने 25 दिसंबर 2022 को पद संभाला था। प्रधानमंत्री प्रचंड ने शनिवार को काठमांडू में सत्तारूढ़ पार्टी के एक कार्यक्रम में कहा इसमें कोई संदेह नहीं है कि मेरी सरकार शक्ति परीक्षण में सफल रहेगा। सत्तारूढ़ गठबंधन और विपक्षी दलों के बीच मतभेदों को बातचीत के जरिए सुलझाया जाएगा। प्रधानमंत्री जिस पार्टी का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं यदि वह विभाजित हो जाती है या गठबंधन सरकार का कोई सदस्य समर्थन वापस ले लेता है तो प्रधानमंत्री को 30 दिन के भीतर विश्वास मत हासिल करना आवश्यक होता है।

## लूटपाट



अमेरिका द्वारा गाजा में बनाए गए पोतघाट के जरिए मध्य गाजा पट्टी पर ट्रक से मानवीय सहायता पहुंचाई गई। इस दौरान लोगों ने ट्रक को लूटने की कोशिश की। • एजेंसी

## बॉलीवुड हलचल

### रणवीर को पसंद आई फिल्म श्रीकांत आ रहा है सबकी आंखें खोलने



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता रणवीर सिंह को राजकुमार राव की फिल्म श्रीकांत - आ रहा है सबकी आंखें खोलने बेहद पसंद आयी है। गुलशन कुमार और टी-सीरीज फिल्म्स प्रस्तुत और चॉक एन चीज फिल्म्स के बैनर तले तुषार हीरानंदानी द्वारा निर्देशित फिल्म इस फिल्म में राजकुमार राव की मुख्य भूमिका है। यह फिल्म 10 मई को रिलीज हुई है। दर्शकों और क्रिटिक्स से इस फिल्म को को मिली-जुली प्रतिक्रिया मिली है। कुछ दिन पूर्व अक्षय कुमार ने फिल्म और राजकुमार राव की तारीफ की थी। अब रणवीर सिंह ने श्रीकांत देखने के बाद अपना रिव्यू शेयर किया है। श्रीकांत देखने के बाद रणवीर भी फिल्म की तारीफ की। उन्होंने पोस्ट शेयर करते हुए लिखा कि एक उत्साहवर्धक कहानी और एक खास अभिनेता का बेहतरीन प्रदर्शन। श्रीकांत की टीम को बधाई।

### कार्तिक आर्यन की फिल्म चंदू चैंपियन का ट्रेलर रिलीज



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता कार्तिक आर्यन की आने वाली फिल्म चंदू चैंपियन का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। ट्रेलर की शुरुआत होती है वर्ष 1967 से। उधमपुर के एक आर्मी अस्पताल का सीन देखने को मिल रहा है। एक आदमी बेड पर लेटा नजर आ रहा है, जिसे 1965 की जंग में 9 गोलियां लगी हैं। उसके बाद से वह आदमी कोमा में है। आगे एक वॉर सीक्वेंस देखने को मिलता है। हाथों में बंदूक लिए कार्तिक फायरिंग करते नजर आ रहे हैं। आगे कार्तिक के बचपन की कहानी दिखाई जाती है। उनसे स्कूल में पूछा जाता है कि बड़े होकर क्या बनना है, जिस पर वो कहते हैं कि चैंपियन बनना है और मेडल लाना है। ट्रेलर में दिखाया गया है कि कैसे चंदू पिता नहीं चाहते थे कि वह स्पोर्ट्स में जाये, लेकिन बचपन से ही खेल-कूद में उन्हें बड़ी दिलचस्पी थी। उन्होंने कुश्ती से करियर शुरू किया। ''चंदू नहीं, चैम्पियन है मैं। यह डायलॉग है मुरलीकांत बने कार्तिक आर्यन का।

### 50 वर्ष के हुये नवाजुद्दीन सिद्दीकी

**मुंबई।** बॉलीवुड में अपने संजीदा अभिनय के लिये मशहूर नवाजुद्दीन सिद्दीकी 50 वर्ष के हो गए। सिद्दीकी का जन्म 19 मई 1974 को उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर के बुढ़ाना गांव में हुआ था। वर्ष 1999 में नवाजुद्दीन सिद्दीकी अभिनेता बनने का सपना लिये मुंबई आए थे। नवाजउद्दीन बैक स्टेज पर काम किया करते थे। स्टेज की साफ-सफाई करना, एक्टर्स के लिए चाय-पानी लाने का काम भी करते थे।

### बजरंग और अली 7 जून को होगी रिलीज

**मुंबई।** दो दोस्तों की कहानी पर आधारित फिल्म बजरंग और अली 7 जून को देशभर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म में दो विभिन्न समुदायों से ताल्लुक रखने वाले बजरंग और अली की गहरी और अनूठी दोस्ती को दिलचस्प तरीके से दर्शाया गया है। फिल्म में अलग-अलग सांस्कृतिक पृष्ठभूमि से ताल्लुक रखने वाले दो दोस्तों की वफादारी और निस्वार्थ भाव को बड़े ही मार्मिक अंदाज में पेश किया गया है। बजरंग और अली की दोस्ती के माध्यम से यह संदेश भी देने की कोशिश की गयी है कि किसी शख्स का ताल्लुक किसी भी मजहब से क्यों ना हो, यदि आपके मन में एक-दूसरे के लिए इज़्ज़त है तो फिर ऐसे में आपकी पृष्ठभूमि कोई मायने नहीं रखती है।

## यूक्रेन ने 30 तो रूस ने 60 ड्रोन को मार गिराने का किया दावा

**कीव।** रूस ने अपने क्षेत्र में यूक्रेन के लगभग 60 ड्रोन और कई मिसाइल मार गिराने का दावा किया है, जबकि कीव ने कहा है कि उसने 30 से अधिक रूसी ड्रोन नष्ट किये हैं। खार्किव के बाहरी इलाके में एक हमले में रविवार को कम से कम चार लोगों के मारे जाने की खबर है। रूस ने यूक्रेन के युद्धग्रस्त उत्तर-पूर्व इलाके में नये सिरे से आक्रमण शुरू कर दिया है। रूस के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि रूसी हवाई सुरक्षा ने दक्षिणी क्रास्नोडार क्षेत्र में रात भर में 57 यूक्रेनी ड्रोन को मार गिराया।

स्थानीय सैन्य अधिकारियों ने कहा कि ड्रोन का मलबा स्लावियांस्क-ऑन-क्यूबन शहर में एक तेल रिफाइनरी पर गिरा, लेकिन इससे आग की कोई घटना अथवा किसी प्रकार की क्षति नहीं हुई है। समाचार आउटलेट एस्ट्रा ने वीडियो प्रकाशित किया, जिसमें रिफाइनरी में एक विस्फोट दिखाया गया, क्योंकि इससे एक ड्रोन टकराया।

# डॉक्टर पर आपरेशन के दौरान गलत रॉड डालने का आरोप

**कोझिकोड (केरल), एजेंसी**

- मरीज ने सरकारी अस्पताल में कराया था फ्रैक्चर का ऑपरेशन अस्पताल प्रबंधन ने आरोप नकारे

केरल में कोझिकोड के एक सरकारी मेडिकल कॉलेज के अस्पताल में गलत ऑपरेशन करने का एक और मामला सामने आया है। एक मरीज ने हाथ में फ्रैक्चर के इलाज के दौरान चिकित्सकीय लापरवाही के चलते उसके हाथ में गलत रॉड डालने को लेकर पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

हालांकि रविवार को अस्पताल ने इन आरोपों से इनकार करते हुए कहा कि मरीज का एकदम सही ऑपरेशन किया गया है। मेडिकल कॉलेज पुलिस स्टेशन के एक अधिकारी ने बताया कि मेडिकल कॉलेज अस्पताल में शनिवार को इलाज में हुई गड़बड़ी को लेकर रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

हाथ के ऑपरेशन को लेकर सवाल उठाते हुए मरीज ने कहा कि उसके दाहिने हाथ में किसी और मरीज की रॉड डाल दी गई है जिससे उसका हाथ बुरी तरह दर्द कर रहा है। एक सड़क हादसे के बाद एक दिन पहले ही उसे बीच हॉस्पिटल से यहां रेफर किया गया था। मेडिकल कालेज अस्पताल के आर्थोपेडिक विभागाध्यक्ष डा.जेकब मैथ्यू ने कहा कि मरीज के इलाज में कोई गलती नहीं हुई है। उन्हें लगाया गया रॉड मानक के अनुरूप है। उल्लेखनीय है कि कुछ ही दिन पहले इस अस्पताल के एक डॉक्टर को गलत ऑपरेशन करने पर निलंबित किया गया था।

### एक्सरे में हुआ खुलासा

ऑपरेशन के बाद तकलीफ बढ़ने से कराए गए एक्सरे में पता चला कि डॉक्टर ने गलत राड मरीज को लगा दी है। मरीज के स्वजनों ने बताया कि डॉक्टर ने मरीज का दोबारा ऑपरेशन करने का दबाव बनाया, मना करने पर वह स्वजनों पर चिल्लाया भी था। परिवार ने डॉक्टर के बताने पर तीन हजार का चिकित्सकीय सामान खरीदा था जिसमें से एक भी ऑपरेशन में इस्तेमाल नहीं किया गया है।

## कांग्रेस विरोधी पोस्ट के लिए सोशल मीडिया यूजर हिरासत में

**बेंगलुरु।** कर्नाटक की साइबर अपराध पुलिस ने ट्विटर पर कांग्रेस के घोषणापत्र को निशाना बनाने वाले एक विवादास्पद पोस्ट के लिए एटमुंबईचाडॉन नामक एक सोशल मीडिया उपयोगकर्ता को हिरासत में लिया है, जिसका असली नाम विनीत नाइक है।

आरोपी नाइक 1998 की फिल्म सत्या के एक चरित्र से प्रेरित उपनाम भीकू म्हात्रे का उपयोग करता है। उसे आरक्षण पर चर्चा करते हुए कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया का एक संपादित वीडियो साझा करने के लिए गिरफ्तार किया गया था। उसने कांग्रेस के घोषणापत्र की आलोचना करते हुए भी ट्वीट किया और दावा किया कि यह हिंदुओं के खिलाफ भेदभाव करता है। अब हटा दिये गए ट्वीट में लिखा हैः इसे हर उदारवादी और हर पिद्दी के सामने फेंक दो जो तर्क दे रहे थे कि कांग्रेस मेनिफेस्टो में विशेष रूप से मुसलमानों का उल्लेख नहीं है और इसमें एससी/एसटी भी शामिल हैं।